सूर्योदय : 6:03
सूर्यास्त : 6:20
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-271 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 26 मार्च 2025
25 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# नए यूपी का मॉडल बन रहा गोरखपुर : योगी

- नए इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा उत्तर प्रदेश
- सुरक्षा का बेहतर माहौल देने के लिए पुलिस में हुए कई रिफॉर्म : मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने सुरक्षा का बेहतर माहौल दिया तो उसका परिणाम रहा कि उत्तर प्रदेश में हरेक व्यक्ति ने अपने आप को सुरक्षित महसूस किया है।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया पैदा किया जबकि आज सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज दिया है, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट दिया है। नए रोजगार के सृजन किए हैं। एमएसएमई को पुनर्जीवित किया है। इन सबसे उत्तर प्रदेश में निवेश का नया युग आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में गोरखपुर एक मॉडल बन रहा है। गोरखपुर की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। गोरखपुर में बिना कटे बिजली सबको मिलती है, कोई भेदभाव नहीं होता है। एक लाख से अधिक गरीबों को अकेले गोरखपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। वनटांगिया गांव को राजस्व ग्रामों की मान्यता मिली है। गोरखपुर में हर पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है। सीएम योगी सेवा, सुरक्षा और सुशासन की आठ वर्ष की प्रदेश सरकार की यात्रा के उपलक्ष्य में गोरखपुर में एक विशेष कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में परिवर्तन की जो प्रक्रिया प्रारंभ हुई यह हमारे संकल्प का हिस्सा था। उस संकल्प के तहत हम लोगों ने, भाजपा ने 2017 में जनता जनार्दन के सामने वादा किया था कि सबको सुरक्षा देंगे, सबको सम्मान देंगे। योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के हर गांव, हर गरीब, हर किसान, हर नौजवान, हर जरूरतमंद को उपलब्ध करवाएंगे। सरकार ने इन सभी वादों को पूरा किया है। बिना भेदभाव सबको विकास और जनकल्याण के कार्यक्रमों से जोड़ा गया है। सबको सुरक्षा दी है, सबको सम्मान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपने नए इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ, सर्वाधिक एक्सप्रेसवे के साथ, सर्वाधिक मेट्रो के साथ, सर्वाधिक रेलवे नेटवर्क के साथ, सर्वाधिक जन सुविधाओं के साथ देश के अंदर अग्रणी राज्य बनाकर के उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा का बेहतर माहौल देने के लिए पुलिस में रिफॉर्म किए गए। सात पुलिस कमिश्नरेट बनाए गए।

### आज सड़कों का जाल पूरे प्रदेश में है बिछा

देश के अंदर सर्वाधिक एक्सप्रेसवे के रूप में आज उत्तर प्रदेश नंबर एक पर चल रहा है। आज सड़कों का जाल पूरे प्रदेश में बिछा है। हाईवे का एक बेहतरीन संजाल उत्तर प्रदेश के अंदर इस दौरान बिछा है। इंटरस्टेट कनेक्टिविटी हमारी बेहतर हुई है। चाहे नेपाल हो या बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मप्र, राजस्थान, हरियाणा दिल्ली, इन सभी की कनेक्टिविटी को मजबूत किया गया है।

# 15-20 साल तक किसी का नंबर नहीं लगने वाला : अमित शाह

- विपक्ष पर अमित शाह ने किया कटाक्ष
- हमें आपदा प्रबंधन संस्थाओं को शक्तियां भी देनी होंगी : केंद्रीय गृहमंत्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि 15-20 साल तक किसी का नंबर नहीं लगने वाला है। जो कुछ करेंगे लंबे समय तक हम ही करेंगे।

विपक्ष को लगता है कि शायद हम आएंगे तो बदलेंगे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होने वाला है। इसमें बहुत देर है। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि कोरोना 19 जैसी आपदा, बढ़ता शहरीकरण और अनियमित बारिश की आपदा व जलवायु परिवर्तन से आपदाओं का आकार बदल गया है। इससे निपटने के लिए हमें तरीके बदलने पड़ेंगे। हमें इससे निपटने की व्यवस्थाएं बदलनी होंगी। इसके अलावा हमें संस्थाओं का आकार बढ़ाना होगा और उनकी जवाबदेही में तय करनी होगी। अमित शाह ने कहा कि हमें आपदा प्रबंधन संस्थाओं को शक्तियां भी देनी होंगी। उन्होंने कहा कि आज एनडीआरएफ की 16 बटालियन काम कर रही हैं। यह आपको थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन मैं कह सकता हूं कि एनडीआरएफ के भगवा रंग के कपड़े लोगों को यह विश्वास दिलातें हैं कि यह आ गए, अब हम बच जायेंगे। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग ने आपदा में सहायता करने के मानदंड तय किए हैं।

# एक देश-एक चुनाव पर बनी समिति का कार्यकाल बढ़ा

## 2029 तक एक साथ चुनाव कराने पर सरकार का जोर




**नई दिल्ली।** लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनावों को साथ-साथ कराने पर विचार करने के लिए बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति के कार्यकाल को विस्तार दे दिया गया है। अब संबंधित विधेयक पर समिति अपना प्रतिवेदन मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह तक सौंप सकती है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाजपा सांसद एवं पूर्व विधि राज्यमंत्री पीपी चौधरी के नेतृत्व में 39 सदस्यीय समिति का गठन किया है। इसके तहत देशभर में वर्ष 2029 तक एक साथ चुनाव कराने का रास्ता तैयार करने का सरकार का लक्ष्य है। सरकार का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से समय और संसाधन दोनों की बचत होगी। लोकसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के बाद संबंधित प्रस्ताव को पीपी चौधरी ने रखा, जिसे ध्वनिमत से पास कर दिया गया। समिति को एक देश-एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों संविधान (129वां संशोधन) एवं संघ-राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) पर विचार करना है। इनमें पहला संविधान संशोधन विधेयक है तथा दूसरा संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक है। इनका मकसद चुनावी प्रक्रिया में समय और संसाधनों की बर्बादी से बचाव करना है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट के आधार पर समिति ने इन दोनों प्रस्तावों को तैयार किया है। कोविंद समिति ने भी अपने प्रतिविदेन में एक राष्ट्र-एक चुनाव के सिद्धांत का समर्थन किया है।

# किसानों को बांटे गए 3.68 लाख करोड़ रुपये : शिवराज

## कृषि मशीनीकरण पर सरकार का जोर : कृषि मंत्री



**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि सरकार ने 2019 में लांच की गई महत्वाकांक्षी योजना पीएम-किसान के तहत अपात्र किसानों से 416 करोड़ रुपये वसूले हैं। उन्होंने एक लिखित जवाब में कहा कि केंद्र सरकार ने योजना की शुरुआत से अब तक 19 किस्तों में किसानों को 3.68 लाख करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया है।


चौहान ने यह भी कहा कि सरकार ने भारत में कृषि मशीनरी की स्थिति पर अध्ययन करने का जिम्मा भोपाल स्थित केंद्रीय कृषि इंजीनियरिंग संस्थान (सीआइएई) को सौंपा है। उन्होंने कहा कि सरकार का जोर कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने और छोटे एवं सीमांत किसानों और उन क्षेत्रों तक इसकी पहुंच बढ़ाने पर है जहां बिजली की उपलब्धता कम है। गौरतलब है कि पीएम-किसान योजना फरवरी, 2019 में शुरू की गई थी। इसके तहत किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) मोड के माध्यम से तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये का वित्तीय लाभ हस्तांतरित किया जाता है। बहरहाल, चौहान ने कहा, देश भर में अब तक अपात्र लाभार्थियों से 416 करोड़ रुपये की राशि वसूल की गई है।

उन्होंने बताया कि पीएम-किसान योजना शुरू में एक विश्वास-आधारित प्रणाली पर शुरू हुई थी, जहां लाभार्थियों को राज्यों द्वारा स्व-प्रमाणन के आधार पर पंजीकृत किया गया था। शुरुआत में कुछ राज्यों के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता में भी ढील दी गई थी। बाद में इस समस्या से निपटने के लिए पीएफएमएस, यूआइडीएआइ और आयकर विभाग के साथ एकीकरण सहित कई तकनीकी हस्तक्षेप शुरू किए गए।

## फाइनेंस बिल 2025 लोकसभा से पास



**नई दिल्ली।** सोमवार को जबरदस्त हंगामे के बाद आज संसद के दोनों सदनों में एक बार फिर से सामान्य कामकाज हुआ। लोकसभा ने वित्त विधेयक 2025 को पारित कर दिया। विपक्षी सांसदों के तमाम संशोधन मतदान के दौरान गिर गए। यह विधेयक वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए केंद्र सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को क्रियान्वित करता है। इसके साथ ही लोकसभा ने राज्यसभा द्वारा पारित बॉयलर्स विधेयक 2024 पर चर्चा की। संसद ने बायलर विधेयक, 2024 को मंजूरी दी। राज्यसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा हुई जिसे अमित शाह ने पेश किया था। कांग्रेस सांसद ने न्यायमूर्ति वर्मा का मुद्दा लोकसभा में उठाया, चर्चा की मांग की। आपदा प्रबंधन में आर्थिक सहायता देने में कुछ राज्यों के साथ भेदभाव के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में दावा किया कि पिछले दस साल में भारत आपदा प्रबंधन के मामले में राष्ट्रीय ही नहीं क्षेत्रीय एवं वैश्विक ताकत बनकर उभरा है तथा इसे दुनिया भी यह स्वीकार कर रही है।




.25 रमजान.26.03.2025

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
| --- | --- |
| 04 : 39 | 06 : 23 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
| --- | --- |
| 04 : 33 | 06 : 32 |

# ईएसआईसी कर्मचारियों को मिली बड़ी सौगात

- अब आयुष्मान भारत पैनल अस्पतालों में भी होगा इलाज
- आयुष्मान भारत के पैनल में शामिल 24,000 से अधिक अस्पतालों में कैशलैस इलाज
- यूपी के 15 और जिले ईएसआईसी के दायरे में हुए शामिल




**नई दिल्ली।** आयुष्मान भारत पैनल में शामिल देश भर के 24000 से अधिक अस्पतालों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के लाभार्थी संगठित क्षेत्र के कामगारों तथा उनके आश्रितों को इलाज की सुविधा जल्द मिलेगी।

श्रम मंत्रालय ने ईएसआईसी के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर तथा सुलभ बनाने के लिए आयुष्मान भारत पैनल के अस्पतालों में ईएसआईसी योजना के लाभार्थियों को कैशलेस इलाज की सुविधा का रास्ता खोलने के प्रस्ताव को अंतिम रूप दे दिया है। सामाजिक सुरक्षा के साथ संगठित क्षेत्र के कामगारों तथा उनके आश्रितों के स्वास्थ्य चुनौतियों का बेहतर समाधान निकालने के लिए आयुष्मान भारत के अस्पतालों को ईएसआईसी से जोड़ने का यह निर्णय लिया जा रहा है। मंडाविया ने कहा कि वर्तमान आंकड़ों के अनुसार एक कामगार के परिवार की औसत संख्या 3.88 है। इस हिसाब से लाभार्थियों की संख्या 14 करोड़ से ज्यादा है। चूंकि आयुष्मान भारत पैनल में शामिल अस्पतालों को स्वास्थ्य मंत्रालय ने केंद्र सरकार के मानकों के हिसाब से पैनल में सूचीबद्ध किया है, इसलिए ईएसआईसी से इन्हें जोड़ने में कोई दिक्कत नहीं है। श्रम मंत्रालय के इस फैसले के बाद संगठित क्षेत्र के कामगारों-लाभार्थियों के लिए देश के करीब 31000 सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज का रास्ता खुल जाएगा जिसमें 150 से अधिक ईएसआईसी के अस्पताल तथा 1600 डिस्पेंसरी भी शामिल हैं। श्रम मंत्री ने साफ किया कि ईएसआईसी के तहत आयुष्मान भारत पैनल में शामिल अस्पतालों में इलाज के लिए किसी तरह की कैपिंग नहीं होगी।

### अब कामगारों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

आयुष्मान भारत पैनल में शामिल अस्पतालों को ईएसआईसी से जोड़े जाने के प्रस्ताव की पुष्टि करते हुए केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि दूर-दराज तथा छोटे शहरी इलाकों में संगठित क्षेत्र के कामगारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। इस प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाने के लिए श्रम मंत्रालय की ओर से वे जल्द ही इस पर अंतिम निर्णय करेंगे। ईएसआईसी के तहत मार्च 2024 तक 3.72 करोड़ संगठित क्षेत्र के कामगार हैं और उनके आश्रितों को मिलाकर कुल 14.44 करोड़ लाभार्थी कवर किए गए हैं।

## सीएम योगी का निर्देश

# गर्मी की छुट्टी के दौरान भी खुलेंगे स्कूल

## 20 मई से 15 जून के बीच लगेंगे समर कैंप



**लखनऊ।** परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के लिए अब गर्मी की छुट्टियों में समर कैंप लगाए जाएंगे। इनमें बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई के साथ ही अतिरिक्त गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

समर कैंप 20 मई से 15 जून के बीच चयनित विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे।समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हुए सीखने के लिए प्रेरित करना है। विभाग इस पर लगभग 200 करोड़ खर्च करेगा। यह पहल न सिर्फ बच्चों के शैक्षिक विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने में भी मददगार साबित होगी। अब तक इस तरह की कवायद सिर्फ निजी विद्यालयों में ही होती है। विभाग के अनुसार कैंप में फाउंडेशनल लिट्रेसी और न्यूमेरेसी (एफएलएन) पर आधारित गतिविधियां होंगी। जीवन कौशल, व्यक्तित्व विकास, योग, खेलकूद, विज्ञान-तकनीक आधारित प्रयोग, कला-सांस्कृतिक कार्यक्रम और पर्यावरण के प्रति उन्हें जागरूक बनाया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट का दिल्ली सरकार को आदेश

# भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए उठाएं कदम

- ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने कोर्ट से की थी अपील



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में भारी वाहनों की आवाजाही हमेशा से ही एक बड़ी समस्या के तौर पर रही है। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली सरकार से राष्ट्रीय राजधानी में भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने को कहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय के 2006 के फैसले के खिलाफ दायर अपील का निपटारा करते हुए दिया। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले में शहर के बाहरी रिंग रोड के भीतर ट्रकों के प्रवेश पर 24 घंटे का प्रतिबंध लगाया गया था, खासकर माल लोड और अनलोड करने के लिए।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि भले ही इस अपील का निपटारा हो गया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि दिल्ली सरकार को भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाने चाहिए। अगर अभी तक इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाए गए हैं, तो राज्य सरकार उचित निर्णय लेगी। दिल्ली हाईकोर्ट के द्वारा फैसले पर रोक के बाद दिल्ली गुड्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने कोर्ट में यह कहा था कि इस प्रतिबंध से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।



## योगी सरकार के 8 साल पूरे प्रभारी मंत्री ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड, गिनाई उपलब्धियां

*अवधनामा संवाददाता*





**लखीमपुर खीरी।** उप्र सरकार के 08 वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को आईटीआई ओपन ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन के तत्वावधान में तीन दिवसीय मेले का आयोजन हुआ, जहां एक ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोहा, वही सरकारी योजनाओं के संगम ने लाभार्थियों को कई सौगातें दी। प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार संग फीता काटकर व दीपजलाकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरकार की उपलब्धियों पर जारी एक पुस्तिका का विमोचन किया। सरकार की %सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति% पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री और महाकुम्भ प्रयागराज के सफल आयोजन पर केंद्रित लघु फिल्म देखी और सुनी गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने अपार समर्थन देने के लिए आमजनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आठ वर्षों में किसान के उत्थान के लिए, बेरोजगारों को रोजगार देना, परंपरागत उद्यमिता को आगे बढ़ाया गया, मातृशक्ति के स्वावलंबन के लिए जो कार्य किए गए। आज प्रदेश विकास की उदाहरण बनकर उभरा है। प्रदेश वही है, जनता वही है, सिस्टम वही है, सिर्फ सरकार बदलने मात्र से बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। उप्र ने विकास, अधोसंरचना, निवेश, कानून-व्यवस्था और जन कल्याणकारी योजनाओं में ऐतिहासिक प्रगति की है। यह 'नए उत्तर प्रदेश' के आत्मनिर्भर और समृद्ध भविष्य की एक सशक्त आधारशिला है प्रभारी मंत्री ने कहा कि देश व प्रदेश लगातार ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। देश की जीडीपी में यूपी का अहम योगदान है। आज यूपी में बड़े पैमाने पर ना केवल निवेश के प्रस्ताव आए बल्कि उन्हें जमीन पर उतारने पर भी काम हुआ है। महाकुंभ प्रयागराज में सनातन की संस्कृति का वैभव को पूरे विश्व में देखा है। प्रभारी मंत्री ने उन योजनाओं को भी रेखांकित किया, जिनमें प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। 08 वर्ष के कार्यकाल में योगी जी के नेतृत्व में प्रदेशवासियों की कल्याण और प्रदेश को प्रगति की राह पर ले जाने के लिए काम हुआ है। रोड, एयर और जल कनेक्टिविटी में कीर्तिमान स्थापित करते हुए प्रदेश आगे बढ़ा है। प्रदेश में आज कानून का राज है, जहां जनमानस सुरक्षित महसूस कर रहा है। आज उप्र की कानून व्यवस्था की मिसाल पूरे भारत में दी जाती है। प्रशासन योजनाओं के बेहतर क्रियावयन करते हुए इसे जनमानस तक पहुंचाने में प्रतिबद्धता से काम कर रहा है। उन्होंने जनमानस के बीच योजनावार आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने जिले के मेडिकल कॉलेज, छोटीकाशी कॉरिडोर जैसी अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियो का भी जिक्र किया।कार्यक्रम में भाजपा के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने सरकार की उपलब्धियां को रेखांकित किया। योजनाओं के माध्यम से आम आदमी की जिंदगी में बदलाव की पूरी कहानी बताई। सरकार ने अंत्योदय के मंत्र को जमीन पर सरकार किया। योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर उनके जीवन स्तर को उठाने का काम किया। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने भी सरकार की उपलब्धियां की जानकारी दी प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरा होने पर सेवा, सुरक्षा व सुशासन की उपलब्धियां तीन दिवसीय मेले में दिखी। तीन दिवसीय मेले में यूपी भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर आधारित सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए। प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अफसरो के साथ सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए कि मेले में आने वाले व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का न केवल जानकारी दे बल्कि उन्हें योजना से जोड़कर उनके जीवन सुगम बनाया जाए। मेले में सभी विभागों के 40 से अधिक स्टॉल के माध्यम से उपलब्धियों के साथ योजनाओं की जानकारी दी गई।

## मोहम्मदी तहसील परिसर में होली मिलन समारोह में नर्तकियों के डांस मामले में जांच शुरू

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** मोहम्मदी तहसील परिसर में एक संगठन की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में नर्तकियों के डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बताया जाता है कि कार्यक्रम के दौरान तहसील के कई अधिकारी, नेता और बार एसोसिएशन के लोग भी थे। अब इस मामले में जांच शुरू हो गई है। एसडीएम को इस मामले की जांच करनी है। वारयल वीडियो 20 मार्च का बताया जाता है। मोहम्मदी तहसील परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक के साथ अन्य तमाम लोग भी थे। बताया जाता है कि शुरुआत में सामान्य ढंग से कार्यक्रम चला। लोगों ने गीत गाए। बाद में अचानक आयोजन परिसर में डांसरों को बुला लिया गया। उन्होंने नृत्य शुरू करा दिया। पहले तो उन्होंने सामान्य गीतों पर डांस किया और फिर दूसरे किस्म के गीतों पर भी। इस आयोजन का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। एसडीएम डॉ अवनीश कुमार ने बताया आयोजन के दिन वह छुट्टी पर थे। घटना की जानकारी उन्हें लखनऊ में मिली थी। तहसीलदार प्रीति सिंह आवश्यक कार्य से लखीमपुर में थी। उनके विभाग का कोई अधिकारी आयोजन में मौजूद नहीं था। सूचना मिलते ही आयोजन को बंद कराया गया। बार संघ के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिसकी शिकायत बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से की जाएगी।

### 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस द्वारा आज दिनांक 25.03.2025 को 01 नफर वारण्टी अभियुक्त बंशी पुत्र इन्द्रपाल निवासी बड़ागांव थाना शारदानगर जनपद खीरी सम्बंधित मु0सं0 3254/2016 सरकार बनाम रमेश आदि धारा 33/41/42 F Act थाना को0 सदर खीरी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** खुटार नेशनल हाईवे पर मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। रोडवेज बस ने थाना मैलानी के संसारपुर के पास बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं हादसा मंगलवार की शाम करीब साढ़े चार बजे के बाद हुआ। बताते हैं कि थाना भीरा के गांव सायपुर निवासी शिवकुमार (35) उनकी पत्नी राधा (30) पिता रामऔतार (55) और आठ वर्षीय पुत्र शिवांस किसी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने संसारपुर गए थे। सभी एक ही बाइक पर सवार होकर घर वापस आ रहे थे। संसारपुर से कुछ दूरी पर रोडवेज बसे ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सभी सवार बाइक समेत गिर गए और पहिए के नीचे आने से उनकी कुचलकर मौत हो गई। हादसे के बाद तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। चालक रोडवेज बस को छोड़कर मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टर ने चारों को मृत घोषित कर दिया।

### गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने पास ई-रिक्शा को मारी टक्कर, ई-रिक्शा सवार एक युवक की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर मंगलवार को गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने गांव बैबहा के पास ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा और एक महिला घायल हो गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है हादसा मंगलवार की दोपहर करीब 12¬00 बजे हुआ। थाना खमरिया क्षेत्र के बैबहा में गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने सवारियां भरकर जा रहे एक ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे ऑटो सवार गांव भौवापुर कधईपुरवा निवासी कमलेश (43) पुत्र रामलाल, उसका भतीजा सुमित (10) व वर्षा देवी (30) गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को लेकर सीएचसी खमरिया पहुंची, जहां डॉक्टर ने कमलेश को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का सीएचसी में उपचार चल रहा है। इधर मौत की खबर जब मृतक के घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग सीएचसी पहुंच गए।

### राजपूत करणी सेना ने सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

**लखीमपुर-खीरी।** राजपूत करणी सेना ने राणा सांगा पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट गेट पर सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला फूंका। एसपी को ज्ञापन देकर सपा राज्यसभा सांसद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की राजपूत करणी सेना के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को कलेक्ट्रेट गेट पर एकत्र हुए। सपा राज्यसभा सांसद रामजी लाल का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी एसपी कार्यालय पहुंचे और एसपी संकल्प शर्मा को ज्ञापन देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। जिलाध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि राज्यसभा सांसद रामजी लाल ने क्षत्रिय शिरोमणि राणा सांगा को गद्दार बोलकर अपमानित किया है। इससे हिंदू समाज को मानसिक रूप से भारी पीड़ा हुई है। उन्होंने आरोपी सपा राज्यसभा सांसद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### आटो रिक्शा चालक ने अपने एक साथी के साथ मिलकर आटो सवार युवक को लूटा

**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार को गोला-लखीमपुर मार्ग पर दोपहर लखीमपुर से आटो रिक्शा पर एक युवक सवार होकर अपनी खाला के घर जा रहा था कि रास्ते में आटो रिक्शा चालक ने अपने एक साथी के साथ मिलकर हाईवे किनारे मुर्तिहा फूलबेहड़ रेलवे अंडरपास की आड़ में लूट की घटना को अंजाम दिया। लड़के को वहीं छोड़कर बदमाश आटो रिक्शा लेकर भाग निकले। पीछे से आ रहे राहगीरों ने अंडरपास के पास खड़े रो रहे युवक से पूछा तो उसने अपना नाम साहिल निवासी पानीपत बताया। साहिल लखीमपुर से आटो रिक्शा पर बैठकर जलालपुर निवासी अफजल अंसारी खालू के यहां जा रहा था। आटो वाले फोन व 450 रूपए की नगदी छीन ली। ग्रामीणों ने आटो रिक्शा का पीछा किया। बेलबूढी परसेहरा लिंक मार्ग पर गांव के पास आटो रिक्शा को घेर कर रोक लिया। तब गांव के लोग भी आ गये। अपने को घिरता देख लुटेरो ने तमंचे से फायर कर दिया। ग्रामीणों ने दिलेरी दिखाते हुए लुटेरों को पकड़ लिया। थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फरधान पुलिस ने दोनों लुटेरों को लूटे गए मोबाइल फोन रूपए व उनके पास मिले।

### काकोरी डबल मर्डर केस में सिपाही महेंद्र का हाथ होने की आशंका

**लखीमपुर-खीरी।** लखनऊ में काकोरी डबल मर्डर केस में जेल गया खीरी का सिपाही अयोध्या ड्यूटी में गया हुआ था इस बीच उसने लखनऊ के काकोरी में डबल मर्डर कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद वह फिर खीरी पुलिस लाइन आ गया। यही से उसको लखनऊ पुलिस पकड़ कर ले गई और जेल भेज दिया। 2018 बैच का सिपाही महेंद्र लखीमपुर पुलिस लाइन ने तैनात था यहां से वह 19 मार्च को अयोध्या ड्यूटी के लिए निकला था बताया जाता है कि 21 मार्च की शाम लखनऊ के थाना काकोरी इलाके में डबल मर्डर हुआ इसमें सिपाही महेंद्र शामिल था 22 मार्च को महेंद्र की लखीमपुर में वापसी होनी थी वह दोपहर में आ गया और वापसी करा ली यहां उसने बताया कि उसके हाथ में चोट लगी है और वह अस्पताल चला गया तभी कुछ घंटे बाद ही पीछे से लखनऊ पुलिस आ गई वह महेंद्र को अपने साथ ले गई काकोरी डबल मर्डर केस में खीरी के सिपाही महेंद्र का हाथ बताया जा रहा है। बताया जाता है कि उसने मौके पर घटना को खुद अंजाम दिया है। मर्डर धारदार हथियारों से किया गया है। इस दौरान सिपाही महेंद्र को भी चोट आई और उसकी एक उंगली कटकर मौका ए वारदात पर गिर गई। पुलिस ने उस उंगली के टुकड़े को मौके से बरामद किया है।

### व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा: अशोक गोयल

**सहारनपुर।** व्यापारी सुरक्षा फेरम संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक व प्रदेश अध्यक्ष अशोक गोयल ने कहा कि व्यापार मंडल हर व्यापारी के साथ खडा है किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नही होने दिया जाएगा। राष्ट्रीय संयोजक व प्रदेश अध्यक्ष अशोक गोयल आज यहां अंबाला रोड स्थित एक सभागार में आयोजित विशाल व्यापारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यापारी चाहे वो किसी भी व्यापार मण्डल से जुड़ा हो किसी भी परेशानी में हमारा व्यापार मण्डल उस व्यापारी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ खडा है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नही होने दिया जाएगा। राष्ट्रीय महामंत्री सच्चिदानंद ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में जो सरकारे है वो व्यापारियों की सरकारे हैं। उन्होने कहा कि व्यापार मण्डल के माध्यम से व्यापारियों की परेशानियों से सरकार को अवगत कराकर उनका निदान कराने का कार्य किया जायेगा। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विजय गर्ग ने कहा कि सरकार की आय का 50 प्रतिशत व्यापारियो के द्वारा टैक्स से जाता है फ़िर भी सरकारे व्यापारियो को उचित सम्मान नही देती।

## शवयात्रा में भिड़ गए बीजेपी विधायक जीएस धर्मेश और पूर्व मंत्री रामबाबू हरित



**आगरा।** आगरा में लोकतंत्र सेनानी की अंतिम यात्रा के दौरान बीजेपी के विधायक और पूर्व मंत्री के बीच विवाद हो गया।ये विवाद इस कदर बढ़ गया कि दोनों में हाथापाई तक हो गई। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मी ने दोनों में बीच बचाव कराया। आगरा में लोकतंत्र सेनानी के निधन के बाद उनकी अंतिम यात्रा निकल रही थी। इस यात्रा में बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री भी शामिल हुए। इस दौरान उन दोनों में विवाद हुआ और हाथापाई हो गई। शहर के अर्जुन नगर इलाके में मंगलवार सुबह लोकतंत्र सेनानी चिरंजी लाल कुशवाह का निधन होने पर उनकी शवयात्रा निकाली जा रही थी। इसमें लोकतंत्र सेनानी के परिजनों के अलावा भाजपा के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल थे।

जानकारी के मुताबिक़ ये दोनों आगरा कैंट से बीजेपी विधायक जीएस धर्मेश और पूर्व मंत्री राम बाबू हरित हैं। जो किसी बात को लेकर एक दुसरे से भीड़ गए। जानकारी के मुताबिक़ जीएस धर्मेश आगे चल रहे थे और पीछे पूर्व मंत्री रामबाबु चल रहे थे। उन्होंने पूर्व मंत्री से एक तरफ हटने के लिए कहा और इसी बात को लेकर दोनों के बीच हाथापाई हुई। इस दौरान सुरक्षा कर्मी ने इन्हें रोका। सार्वजनिक कार्यक्रम में इस तरह से बड़ी पार्टी के दोनों बड़े नेता के हाथापाई करने के कारण अब शहर की राजनीति में भी चर्चा जोरों पर है। सभी के सामने इन दोनों नेताओं ने हाथापाई की। अब देखना होगा की पार्टी के सीनियर नेता इसपर क्या जवाब देते है।

## 3 दिवसीय मेले 'जनपदीय विकास उत्सव' का जनपद प्रभारी व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारम्भ

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष व केन्द्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार ने 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन की दिशा में अर्जित अभूतपूर्व उपलब्धियां को जन-जन तक पहुचानें के उद्देश्य से यू0पी0 भारत का ग्रोथ इंजन की थीम पर जीआईसी ग्राउण्ड आगरा में 03 दिवसीय मेले 'जनपदीय विकास उत्सव' का शुभारम्भ जनपद प्रभारी व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मेले में उपस्थित दर्शकों को सम्बोधित करते हुए जनपद प्रभारी व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उ0प्र0 में गुण्डई, अराजकता, चौथ वसूली, अपराध की घटनायें होने के कारण उ0प्र0 एक बीमारू राज्य के तौर पर जाना जाने लगा था, जिसके कारण उ0प्र0 का विकास, उ0प्र0 का औद्योगिकीकरण, रोजगार सब ठप हो



गये थे, उ0प्र0 में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद गुण्डई, अराजकता, चौथ वसूली, अपराध की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए दृढ़ निश्चय के साथ कार्य किया गया और इसी का परीणाम है कि आज उ0प्र0 भारत का ग्रोथ इंजन कहा जाने लगा है। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 के युवा व्यापारी, उद्यमी सभी को कानून से न्याय के साथ साथ विकास का लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने एक निर्धारित योजनाबद्ध तरीके से बदलाव की धारा बहाई है, किसानों के लिए ऋण माफी, किसान सम्मान निधि, सरकारी कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ देने के साथ साथ व्यापारी, उद्यमी, बेरोजगार आदि को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कर उन्हें सामाजिक व आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाया है। उन्होंने उ0प्र0 में गुण्डे व माफियाओं के खिलाफ जो अभियान चलाया वह योगी मॉडल के रूप में स्थापित हो चुका है और आज देश के अन्य राज्यों में भी उसको लागू करने की मांग की जा रही है। जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि जबसे प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनी है तबसे यूपी में न कोई दंगा हुआ है और न ही कोई कर्फ्यू लगा है, सबकुछ चंगा है। प्रदेश, देश ही नहीं, बल्कि विश्व में भी यूपी के लिए अवधारणा बदली है और उद्यमी अपना उद्योग स्थापित करने के लिए इच्छुक हैं, जिसका साक्षात उदाहरण ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट है, जिसमें उद्योगपतियों द्वारा लगभग 40 लाख करोड़ के एमओयू हस्ताक्षरित किये गये थे और मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गरिमामई उपस्थिति में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में लगभग 10 लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश को धरातल पर उतारा गया। उन्होंने कहा कि देश को विश्व गुरू बनाने की राह में सर्वे भवंतु सुखिना, सर्वे संतु निरामयी धारणा के साथ आगे बढ़ रहा है और सनातन धर्म का सम्वर्धन, परम्परा, आदर्शों के साथ साथ विकास की यात्रा पर आगे बढ़ रहा है।

### प्रभारी मंत्री ने किया सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित प्रदर्शनी का शुभारम्भ

## सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई विकास एवं योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर कम्पनी बाग में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ करने के साथ ही सबका साथ, सबका विकास, उत्कृष्ट के आठ वर्ष पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने प्रेस वार्ता के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी बखान किया। कम्पनी बाग में पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश होने के पथ पर तेजी से अग्रसर है। आज निवेशकों की पहली पंसद उत्तर प्रदेश है, जिससे उत्तर प्रदेश जल्द ही 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनने वाला है। उन्होंने



कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था के साथ ही विद्युत व्यवस्था भी बेहतर हुई है। आमजन को भयमुक्त वातावरण के साथ ही बेहतर कनेक्टिविटी भी उपलब्ध कराई जा रही है। अपराधियों के विरूद्ध सरकार जीरो टोलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने का कार्य किया जा रहा है जिससे आमजनमानस को स्वास्थ्य सुविधा के दृष्टिगत बेहतर लाभ दिया जाएगा। प्रत्येक वर्ग को बिना किसी भेदभाव के पूर्ण पारदर्शिता के साथ रोजगार मुहैया कराए जा रहे है। बिचौलियों को समाप्त कर डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक पात्र को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। प्रदेश केन्द्र सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं में प्रथम स्थान पर है। सरकार द्वारा आईटी क्षेत्र में सराहनीय कदम उठाए जा रहे है। ओडीओपी के तहत स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में सुशासन एवं सुरक्षा का बेहतर उदाहरण प्रयागराज महाकुम्भ की सफलता है। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि सरकार जो कहती है उसे पूर्ण करती है। महिलाओं को सुरक्षा, गरीबों को आवास देने के साथ ही प्रत्येक पात्र को पारदर्शिता के साथ योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों, गरीबों एवं किसानों का भविष्य बदल रहा है। विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी ने कहा कि पंक्ति में अंतिम छोर पर खडे पात्र व्यक्ति को भी योजनाओं के लाभ से आच्छादित किया जा रहा है। गरीब कल्याण के साथ ही सरकार सुरक्षा की गारंटी दे रही है।

## पुलिस ने दबोचे तीन शातिर लुटेरे, चोरी की 10 बाईक बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बेहट व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन शातिर लुटेरो को दबोचकर उनकी निशानदेही पर लूट की नगदी, मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाईक, अवैध असलाह व चोरी की बाईके बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि विगत् 12 मार्च को वादी नीरज कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी भोजेवाला थाना बेहट की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ वादी के फौजी ढाबे पर तमंचो के बल पर धमकाते हुए 30 हजार रूपये की नगदी, दो मोबाइल फोन लूटने व लूट के बाद भागते समय बदमाशों की स्कूटी फिसलकर गिर जाने तथा बदमाशों द्वारा घटनास्थल पर ही स्कूटी को छोड़कर भाग जाने के संबंध में थाना बेहट पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज बेहट कोतवाली थाना प्रभारी सूबे सिंह व सर्विलांस प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर गांगरो नदी के पुल के पास से दो बाईक पर सवार तीन बदमाशों शहजान मलिक पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम नगराजपुर थाना कोतवाली देहात, कादिर पुत्र शहीद निवासी ग्राम सलेमपुर भूकडी थाना कोतवाली देहात व शहजाद पुत्र सोना निवासी ग्राम भागूवाला थाना मिर्जापुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे व निशानदेही पर 02 मोबाइल फोन, 2700 रूपये नगद व 01 देशी तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस व चोरी की दस बाईके बरामद कर ली। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये बदमाशों शहजान व कादिर ने खुलासा किया कि उन्होंने जनकपुरी क्षेत्र से एक स्कूटी चोरी की थी, जिसे छिपाने के लिये हम सहारनपुर से आ रहे थे।

## गणेश शंकर विद्यार्थी एक निडर और निष्पक्ष पत्रकार, समाजसेवी और स्वतंत्रता सेनानी थे: ओमकार सिंह



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** परशुराम चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, मूर्धन्य पत्रकार और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गणेश शंकर विधायर्थी की पुण्यतिथि के अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर की अध्यक्षता में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव जितेंद्र कश्यप रहे उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि श्री विद्यार्थी का जन्म 26 अक्टूबर, 1890 को प्रयागराज के अतरसुइया में हुआ था,वे 25 मार्च 1931 को 41 वर्ष की आयु में शहीद हुए। उन्होंने कहा गणेश शंकर विद्यार्थी एक निडर और निष्पक्ष पत्रकार, समाजसेवी और स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके योगदान को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से अंग्रेज़ी शासन के खिलाफ आवाज उठाई और महात्मा गांधी के अहिंसावादी विचारों का समर्थन किया।जितेंद्र कश्यप तथा मुन्ना लाल सागर ने सयुक्त रूप से कहा गणेश शंकर विद्यार्थी ने ÷प्रताप÷ नामक क्रांतिकारी पत्रिका की स्थापना की। जिससे उन्होंने उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाई। उन्होंने किसानों, मिल मजदूरों और गरीबों की समस्याओं को उजागर किया। जिसके लिए उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।श्रद्धांजलि सभा को शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष असरार अहमद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राम रतन पटेल युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव ने संबोधित किया।

## प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर किया गया मेले का आयोजन, गिनाई गई सरकार की उपलब्धियां

### फीता काटकर जनपद की प्रभारी मंत्री ने किया उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*



**बदायूं।** प्रदेश सरकार के कार्यकाल के आठ वर्ष पूर्ण करने पर यहां बदायूं क्लब में तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद की प्रभारी मंत्री मौजूद रहीं।

मंगलवार को क्लब में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी द्वारा फीता काटकर किया गया। उनके द्वारा क्लब में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उन्होंने विभागीय अधिकारियों से उसकी जानकारी लेते हुए उन्हें योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रचार कर अधिक से अधिक पात्रों को योजना का लाभ देने के लिए कहा।कार्यक्रम में योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की उपलब्धियां को गिनाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जो बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, इन्हीं के कारण प्रदेश लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने पिछले आठ सालों में प्रदेश को नंबर वन बनाने का कार्य किया है।उन्होंने कहा गन्ना किसानों को समय से भुगतान मिल रहा है और अपराधी जेल में हैं।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद गुप्ता, डीएम निधि श्रीवास्तव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है यूपीः सीएम

## प्रदेश में सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय विकास उत्सव का गोरखपुर में किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



- कभी बीमारू और फिसड्डी कहा जाने वाला यूपी आज केंद्र की 45 से अधिक योजनाओं में सिरमौर
- डबल इंजन सरकार आते ही यूपी में विकास के सभी बैरियर समाप्त

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश को 2017 के पहले तक बीमारू और देश के विकास में बैरियर माना जाता था, वही प्रदेश आठ साल की विकास यात्रा में देश मे हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। 2017 के पहले जहां उत्तर प्रदेश को देश का फिसड्डी राज्य समझा जाता था, वहीं 2017 के बाद यह प्रदेश केंद्र सरकार की 45 से अधिक योजनाओं में या तो नम्बर एक है या अग्रणी।

सीएम योगी मंगलवार को अपने नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के आठ साल पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय (25 से 27 मार्च) 'उत्कर्ष के आठ वर्ष' विकास उत्सव का शुभारंभ करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। गोरखपुर के महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन से 25 करोड़ प्रदेशवासियों की सेवा, सुरक्षा और सुशासन के आठ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसके लिए यूपी की जनता को बधाई जिसके सहयोग और समर्थन से यह राज्य नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के रूप में अपनी चमक बिखेर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी प्रदेश वही है, तंत्र भी वही है। पर, जब 2017 में सत्ता बदली तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार आते ही इस राज्य में विकास के सभी बैरियर समाप्त हो गए। पहले यूपी में अन्नदाता किसान आत्महत्या करने को मजबूर था, युवाओं के सामने पहचान का संकट था, गरीब भुखमरी की चपेट में था, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा पर संकट था। जबकि आज डबल इंजन सरकार की योजनाओं से किसान आत्मनिर्भर है, महिलाएं सशक्त हैं, युवाओं को रोजगार मिल रहा है, गरीब खुशहाल हुआ है। विकास के साथ यूपी की सुरक्षा व्यवस्था देश में नजीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में बदलाव की यह यात्रा आसान नहीं थी। तबकी परिस्थिति बेहद कठिन थी। पहले प्रदेश में दंगे होते थे, हर जिले में एक माफिया का राज चलता था, जमीन पर कब्जा, अवैध खनन, पशु तस्करी, बेटी एवं व्यापारी पर खतरा जैसी परिस्थितियां थी। 2017 में आई सरकार ने माफिया को समाप्त किया। आज सरकार ने गरीबी उन्मूलन, रोजगार आदि भारी भरकम योजनाओं को धरातल पर उतार करके प्रत्येक क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के उत्कर्ष के आठ वर्ष पूर्ण हुए हैं। प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। युवा सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण व्यापार सुरक्षा विरासत संरक्षण का कार्य इन आठ वर्षो में तेजी से बढ़ा है। इन आठ की वर्षों की तुलना 2017 से पहले 70 वर्ष तक किये गये कार्यो से किया जाये तो यह आठ वर्ष भारी पड़ते हैं। प्रदेश की इस विकास यात्रा में प्रदेश वासियों ने डबल इंजन की सरकार का सदैव साथ दिया है। इसमें प्रधानमंत्री जी का मार्ग दर्शन एवं जनता का अर्शीवाद था। इन कार्यो के परिणामस्वरूप जो यूपी पहले देश का बीमारू राज्य था, आज वह देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। जो यूपी पहले देश के विकास का बैरियर माना जाता था वह आज विकास का ब्रेक थ्रू बना है। यह उपलब्धि प्रदेश ने अपनी युवा शक्ति, श्रमिक शक्ति एवं किसानों के कठिन परिश्रम के बल पर प्राप्त किया है। इसने प्रदेश को देश में नम्बर दो की अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान दिया है। सीएम योगी ने कहा कि पूर्व की सरकार में जहां एक जिला-एक माफिया का बोलबाला था वहीं उनकी सरकार ने एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) और एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज जैसी योजनाओं से प्रदेश को प्रगति पथ पर आगे बढ़ाया। इन योजनाओं से प्रदेश में व्यापक परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि 2017 के पूर्व प्रदेश में जहां निवेश नहीं आता था, वहीं अब यह निवेश के लिहाज से देश का सर्वोत्तम गंतव्य बन गया है। यहां का पर्यटन क्षेत्र देश का सबसे अच्छा टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में अच्छी सड़कें ही नहीं थीं। आज यूपी देश में सबसे अधिक एक्सप्रेसवे, सबसे बेहतरीन रेल और एयर कनेक्टिविटी वाला, सबसे ज्यादा मेट्रो वाला राज्य बन गया है। आज उत्तर प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन, आलू उत्पादन, गन्ना और एथेनाल उत्पादन में नम्बर वन है।

## दभावना का सन्देश देता हैं रमजान : डॉ अरशद मंसूरी



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** देश के प्रथम मुस्लिम देहदानी एवं भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के नेता डॉ अरशद मंसूरी ने रमजान के मौके पर अपने विचारों को रखा। डॉ अरशद मंसूरी ने कहा कि रमजान सदभावना और भाईचारे का सन्देश देता हैं। रोजा खुदा की रहमत, मगफिरत व जहन्नुम से निजात पाने का सबसे अफजल मौका होता हैं। समाजसेवी डॉ अरशद मंसूरी ने बताया कि माह-ए-रमजान में किये गये पुण्य कार्यों का 70 गुना सबाव मिलता हैं! यदि आपने किसी व्यक्ति को 10 रूपये दान किये हैं, तो आपको 700 रूपये का सबाव मिलेगा! इस महीने में जहन्नुम के दरवाजे बन्द कर दिये जाते हैं और जन्नत के दरवाजे खोल दिये जाते हैं।

## प्रा. विद्यालय मदारपुर में 90% बच्चे परीक्षा में शामिल



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में मदारपुर में प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में 90 फीसदी बच्चे दे रहे परीक्षा - शिक्षकों के अथक प्रयासों के बावजूद परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षा में भी शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति नहीं हो रही। उधर सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर तीन दिवसीय विविध कार्यक्रमों के आयोजन में भी शिक्षकों की ड्यूटी लग जाने से शिक्षकों के लिए परीक्षा कराना मुश्किल हो रहा है। 24 मार्च से शुरू हुई परीक्षा 28 को समाप्त होगी और 29 मार्च को वार्षिक परीक्षाफल भी घोषित करना है ऐसे में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए समय नहीं है जबकि प्रतिदिन दोनों पाली में दो विषयों की परीक्षा हो रही है। केंद्र व्यवस्थापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि सभी कक्षाओं में एक एक अतिरिक्त कक्ष निरीक्षक की व्यवस्था कर कर परीक्षा कराई जा रही है। प्रथम पाली में सामाजिक विषय तथा द्वितीय पाली में अंग्रेजी का पेपर था। परीक्षा में 65 के सापेक्ष 58 बच्चे उपस्थित रहे। आकाश पाल, कमलेश राजपूत, ध्रुव शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# 24वां रोजा मुकम्मल : चारों ओर सहरी-इफ्तार का नूरानी समां

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** माह-ए-रमजान में की गई इबादत व नेकी का सवाब कई गुना बढ़ कर मिलता है, इसीलिए अल्लाह के बंदे रोजा, नमाज, जकात, सदका-ए-फित्र, एतिकाफ आदि के जरिए खूब नेकी बटोर रहे हैं। वहीं बंदों द्वारा शबे कद्र की ताक रातों में जागकर खूब इबादत की जा रही है। भाईचारगी बढ़ाने के लिए सामूहिक इफ्तार की दावतें हर जगह आम हैं। कुरआन-ए-पाक की तिलावत मस्जिद व घरों में हो रही है। पुरुषों की तरह महिलाएं इबादत के साथ किचन व बाजार की जिम्मेदारी भी उठा रही हैं। इस वक्त रेती, शाह मारुफ, उर्दू बाजार, घंटाघर, जाफरा बाजार, गीता प्रेस रोड, गोलघर, गोरखनाथ आदि बाजारों में मुस्लिम महिलाओं को खरीदारी करते आसानी से देखा जा सकता है। ईद के लिए जमकर खरीदारी हो रही है। शाह मारुफ में ईद के लिए सजा दस दिनों वाला अस्थायी बाजार गुलजार है। मंगलवार को 24वां रोजा खैर के साथ बीता। बड़े तो बड़े बच्चे भी रोजा रखकर इबादत में मसरूफ हैं। शाम को दस्तरख्वान पर तमाम तरह के खाने, शर्बत रोजेदारों का इस्तकबाल करते नजर आ रहे हैं। हदीस शरीफ के मुताबिक रोजेदार के लिए दरिया की मछलियां भी दुआ करती हैं। सहरी व इफ्तार के समय नूरानी समां चारों तरफ नजर आ रहा है। एडवोकेट मोहम्मद आजम ने कहा कि जिस तरह हम रोजे में खाने-पीने और अन्य कामों से अल्लाह के हुक्म की वजह से रुके रहते हैं उसी तरह हमारी पूरी ज़िंदगी अल्लाह के अहकाम के मुताबिक होनी चाहिए।

हमारी रोजी रोटी और हमारा लिबास हलाल कमाई का हो। हमारी ज़िंदगी का तरीका पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम और सहाबा किराम वाला हो ताकि हमारी रूह हमारे जिस्म से इस हाल में जुदा हो कि हमें, हमारे वालिदैन और सारे इंसान व जिन्नात का पैदा करने वाला अल्लाह हमसे राजी व खुश हो। दारे फानी से दारे बका की तरफ कूच के वक्त अगर हमारा अल्लाह हमसे राजी व खुश है तो इंशाअल्लाह हमेशा-हमेशा की कामयाबी हमारे लिए मुकद्दर होगी कि इसके बाद कभी भी नाकामी नहीं है।



### ईद के लिए सेवईं का बाजार तैयार

ईद में चंद दिन बचे हुए हैं। सेवईं की दुकानें बाजार में गुलजार हैं। रोजे में खजूर की जहां मांग हो रही है, वहीं मीठे के तौर पर सेवईं भी इफ्तार व सहरी के वक्त रोजेदार इस्तेमाल कर रहे हैं। सेवईं का बाजार पूरी तरह से सज चुका है। जहां मोटी, बारीक, लच्छेदार के साथ कई वेरायटी की सेवईं मौजूद हैं, जो क्वालिटी और अपने नाम के मुताबिक डिमांड में हैं। उर्दू बाजार स्थित ताज सेवईं सेंटर के मो. आरिफ व मो. कैस ने बताया कि उनके यहां छड़, सादी, छत्ते वाली, किमामी, बनारसी, भुनी, लाल लच्छा, सफेद लच्छा, बनारसी लच्छा, सूतफेनी, रूमाली, दूध फेनी सेवईं बिक रही है। ईद-उल-फित्र व ईद-उल-अजहा में सेवईं की जमकर बिक्री होती है। मो. कैस की मानें तो इस वक्त सबसे ज्यादा डिमांड में बनारसी किमामी सेवईं है, जोकि हाथों-हाथ बिक जा रही है। तुर्कमानपुर के मनोव्वर अहमद ने बताया कि महानगर में फुटकर सेवईं की दुकान भी अपने शबाब पर है।

# आरपीएफ जवान ने बीमार यात्री को गोद में उठाकर ट्रेन में बैठाया

### पुलिस का दिखा मानवीय चेहरा



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** यों तो पुलिस का नाम आते ही नेगेटिव थिंकिंग शुरु हो जाती है लेकिन जब वही पुलिस मानवीय कार्य करती है तो उसकी चहुँओर प्रशंसा भी होती है। रेलवे सुरक्षा बल के जवान पूरी मुस्तादी के साथ ट्रेन और यात्रियों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं आज गोरखपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 9 पर एक ऐसी तस्वीर देखने को मिली जिसमें एक बीमार व्यक्ति जमीन पर घसीट कर ट्रेन में जाने का प्रयास कर रहा था की ड्यूटी पर तैनात उप निरीक्षक अमित कुमार उपाध्याय, कांस्टेबल राकेश यादव दौड़कर उसके पास पहुंचे और उसे बीमार व्यक्ति को गोद में उठाकर गोरखधाम एक्सप्रेस ट्रेन में बैठाया। ऐसी तस्वीर बमुश्किल देखने को मिलती है बरहाल आरपीएफ पुलिस के इस कार्य की चहुँओर प्रशंसा हो रही है।

## प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित



**पीलीभीत अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बैठक आयोजन विकासखंड मरौरी सभागार में हुआ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा हर वर्ग के लोगों के लिए जनलोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है उन सभी योजनाओं को पूरे भारतवर्ष में हर व्यक्ति लाभ लेने का कार्य कर रहा है चाहे वह स्वयं सहायता समूह हो के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनने का कार्य कर रही है और रोजगार के नए-नए अवसर प्रदान किया जा रहे हैं जिससे महिलाएं सशक्त हो रही है आज के कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मरौरी श्रीमती सभ्यता वर्मा खंड विकास अधिकारी लियाकत अली जी एडीओ पंचायत मेहरबान राणा जी बीएमएम वर्षा गंगवार उपस्थिति रही।

# आठ साल बेमिसाल में बिजली की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी से अपील की है कि वह आठ साल बेमिसाल में बिजली और बिजली कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए बिजली के निजीकरण की चल रही प्रक्रिया निरस्त करने की कृपा करें। संघर्ष समिति ने कहा है कि बिजली कर्मियों का मुख्यमंत्री जी पर पूरा विश्वास है और बिजली के क्षेत्र में और भी अधिक युगांतरकारी सुधार करने के लिए बिजली कर्मी संकल्प बद्ध हैं।

आज प्रदेश भर में बिजली कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री जी से यही अपील की। यह जानकारी संघर्ष समिति गोरखपुर के संयोजक पुष्पेन्द्र सिंह ने दी। इसके अलावा जीवेश नन्दन, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, संदीप श्रीवास्तव, राकेश चौरसिया, प्रवीण कुमार, राजकुमार सागर, दिलीप गौतम, करुणेश त्रिपाठी, सतेन्द्र पांडे, विनय यादव, दिलीप कुमार, सुजीत सिंह एवं संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि आठ साल बेमिसाल में बिजली की भूमिका इतनी अधिक महत्वपूर्ण है कि बजट सत्र के दौरान राज्यपाल महोदय अपने अभिभाषण में बिजली की उपलब्धि की भूरि भूरि प्रशंसा की । बजट रखते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी ने कहा आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है । लोगों के घरों में रोशनी है। गर्मियों में निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। किसानों को सिंचाई के लिए बिजली उपलब्ध है। संघर्ष समिति गोरखपुर के संयोजक पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि माननीय योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में बिजली कर्मियों ने पीछे आठ साल में ए टी एंड सी हानियां 41 प्रतिशत से घटाकर 17 प्रतिशत कर दी है और अगले एक साल में बिजली कर्मी इसे 15 प्रतिशत से नीचे लाने के लिए कृत संकल्प है जो राष्ट्रीय मानक है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में पिछले वर्ष विद्युत उत्पादन निगम ने 37056 मिलियन यूनिट का रिकॉर्ड उत्पादन किया है।

### जनपद मे चार बसों को किया सीज़ सड़क जाम कर किया हंगामा

**अम्बेडकरनगर।** अम्बेडकरनगर के जलालपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को तीन बस चालकों के बीच सवारी बैठाने के क्रम को लेकर विवाद हो गया। मांगुरा डीला चौराहे पर हनुमंत एक्सप्रेस, सारथी एक्सप्रेस और शास्त्री एक्सप्रेस के चालकों ने बसों को सड़क पर खड़ा कर हंगामा किया।बसखारी, जलालपुर और हँसवर से ये तीनों बसें रोजाना प्रयागराज के लिए 15 मिनट के अंतराल पर चलती हैं। विवाद के दौरान चालक आपस में मारपीट करने लगे। बसों को सड़क के बीच खड़ा कर देने से यातायात बाधित हो गया। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों बसों को सीज कर दिया और चार लोगों को हिरासत में ले लिया। जलालपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बस चालकों और अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# विधायक ने किया पांच करोड़ से भी ज्यादा की लागत से बनीं तीन सड़कों का लोकार्पण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सड़कों के मामले में लगातार समृद्ध हो रहे क्षेत्र के विकास में उस वक्त एक कड़ी और जुड़ गई जब इलाकाई विधायक की पहल पर ग्रामीण अंचल में तीन नई बनीं सड़कों का लोकार्पण हुआ। इन सड़कों के बनने में पांच करोड़ से भी ज्यादा की लागत आई है। विधायक मूलचंद्र निरंजन ने तीन गांवों में तीन नवनिर्मित सड़कों का भव्य लोकार्पण किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किए गए लोकार्पण के बाद विधायक ने क्षेत्र वासियों से कहा, केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार विकास के नए नए आयाम गढ़ रहीं हैं। ऐसा कोई इलाका नहीं रहेगा जो आवागमन की दृष्टि से दुर्गम रह जाए। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है, खासतौर पर सड़कों के मामले में ऐसा कोई गांव नहीं रह जाएगा जहां सड़क न बने। उन्होंने सरकारी योजनाओं के बाबत विस्तार से बताते हुए लोगों से इनका लाभ लेने का आह्वान किया। इससे पूर्व उन्होंने सींगपुरा से ऐवरा 2100 मीटर सड़क लागत 1 करोड़ 58 लाख, चटसारी से ऊंचागांव 2 किमी सड़क लागत 1 करोड़ 70 लाख तथा बोहरा से पांड़ोरी ढाई किमी सड़क लागत 1 करोड़ 93 लाख का लोकार्पण किया।

## सास और पुत्रवधु को पीटा, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर में एक व्यक्ति के निजी जमीन को पट्टीदार अवैध कब्जा कर रहे थे। जिसका पीड़ित पत्नी और पिता ने विरोध किया तो मनबढ़ो ने मिलकर पुत्रवधु और पिता को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गोविंदपुर निवासी बिन्द पुत्र रामबुझारत के निजी भूमि में पट्टीदार अवैध कब्जा कर गंदगी और लकड़ी रख रहे थे। जिसका पत्नी और पिता ने विरोध किया तो मनबढ़ो ने उसकी पत्नी और बाप को मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर आरोपी लालू, रामरती देवी,मधुबाला,अंकिता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## चालक को गार्ड ने पीटा, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के एक फैक्ट्री के सामने गाड़ी रोक सामान उतारने जा रहे चालक को गार्ड अपने तीन चार सहयोगियों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए पीटकर घायल कर दिया। चालक के तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से चौरीचौरा थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी गुड्डू जायसवाल को गाड़ी में सामान लादकर गीडा के एक फैक्ट्री में उतारने आया था। शाम 5 से 6 बजे के करीब वह गाड़ी लेकर फैक्ट्री गाड़ी को साइड में लगा कर सामान उतारने जा रहा था। उसी दौरान ड्यूटी पर तैनात अपने 3 से 4 की संख्या में साथियों के आया और गाली गलौज करते हुए चालक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी गार्ड और 3 से 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## प्रभारी मंत्री ने आयोजित त्रिदिवसीय मेले का किया उद्घाटन

**रायबरेली।** उ.प्र सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित त्रिदिवसीय जनपदीय विकास उत्सव के अन्तर्गत मेले/प्रदर्शनी का आयोजन सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर रायबरेली में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रभारी मंत्री/ मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम, उद्यम खाद्य एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्र उद्योग विभाग उत्तर प्रदेश राकेश सचान द्वारा फीता काटकर त्रिदिवसीय मेले/प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मा0 विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, पूर्व एमएलसी राकेश प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, अपना दल जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पटेल उपस्थित रहे।

# जनपद प्रभारी मंत्री ने प्रदेश सरकार के 08 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रेस प्रतिनिधियों से की वार्ता

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें और जनपद प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के 08 वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण करने पर प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता कर सरकार के कार्यकाल (अप्रैल 2017 से मार्च 2024 तक) का पूर्ववर्ती सरकार से तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया। इस दौरान उन्होंने जिले में हुए प्रमुख उल्लेखनीय उपलब्धियों, महत्वपूर्ण निर्माण कार्यो, विशिष्ठ कीर्तिमान, अभिनव प्रयासों का भी विस्तृत रूप से ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

मंत्री ने बताया कि किसानों के हितार्थ प्रधानमंत्री जी की दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजना का खाका तैयार किया गया जिसके माध्यम से जिले के 410249 किसानों को 1040.8732 करोड़ की धनराशि का लाभ दिया जा चुका है, वहीं ऋण मोचन योजना में 111572 किसानों का 790 करोड़ रूपये का ऋण माफ किया गया। उन्होंने बताया कि 2012-17 के मध्य जहां 69979.197 मीट्रिक टन गेंहू एवं 2283.83 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई वहीं 2017 से 24 तक 506386.384 मीट्रिक टन गेंहू एवं 51342.71 मीट्रिक टन धान के साथ ही 37050.18 मीट्रिक टन श्रीअन्न भी खरीदा गया। उन्होंने बताया कि 2012-17 के मध्य जहां जिले में केवल 983 पीएम आवास ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए वहीं योगी जी के नेतृत्व में जिले में 19412 पीएम आवास (शहरी), 4403 पीएम आवास (ग्रामीण) एवं 198 मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) बनाए गए हैं। 2012 से 17 तक 117712 व्यक्तिगत शौचालय एवं 20 सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया।

### ईद-उल-फितर से पहले वेतन भुगतान करें सरकार

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग किया है कि शिक्षक कर्मचारियों को ईद-उल-फितर पर्व के पहले वेतन भुगतान किया जाए। 31 मार्च ईद पर्व को दृष्टिगत रखते हुए बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन कार्य बंद किया जाए। श्री द्विवेदी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि मुस्लिम समुदाय का महत्वपूर्ण पर्व ईद उल फितर 31 मार्च को संभावित है। राज्य सरकार के वित्तीय नियमावली के अनुसार माह के अंतिम तारीख पर पड़ने वाले अवकाश व पर्व को दृष्टिगत रखते हुए एडवांस में वेतन भुगतान किया जा सकता है। पूर्व के भी अनेक वर्षो में सरकार ने होली दीपावली जैसे पर्व पर कर्मचारियों को एडवांस में वेतन भुगतान किया है। ऐसे में ईद जैसे महत्वपूर्ण पर्व को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कर्मचारियों एडवांस में वेतन भुगतान किया जाए। उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा वर्ष 2025 का मूल्यांकन कार्य दिनांक 19 मार्च, 2025 से प्रारम्भ हो चुका है जो आगामी दिनांक 02 अप्रैल तक चलेगा।

# यौन शोषण का आरोप लगाते हुए पीड़ितों ने न्याय के लिए गृहमंत्री शाह से गुहार लगाई

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** ईशा फाउंडेशन के संस्थापक जग्गी वासुदेव पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए, पीड़ितों ने साहस का परिचय देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से औपचारिक रूप से गुहार लगाई है और उनसे तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि आध्यात्मिक मार्गदर्शन की आड़ में उनके साथ छेड़छाड़ की गई और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया।

उन्होंने न्यायालय की निगरानी में अपराधों की स्वतंत्र जांच की मांग की है। उनका दावा है कि न केवल उन्हें नजरअंदाज किया गया, बल्कि सत्ता और प्रभाव वाली प्रणालियों द्वारा सक्रिय रूप से उन्हें बचाया गया। उनकी अपील न्याय के लिए एक कानूनी पुकार और सम्मान के लिए एक गहरी व्यक्तिगत दलील दोनों है, क्योंकि वे गृह मंत्री से अपनी आखिरी उम्मीद के रूप में अपील करती हैं दृढ़ संकल्पित हैं कि सत्य की जीत होनी चाहिए, चाहे आरोपी कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। गृह मंत्री को सौंपे गए एक भावपूर्ण पत्र में, पीड़ितों ने कहा कि हर कानूनी रास्ता आजमाने के बाद, अब वे एक आखिरी उम्मीद के साथ मंत्रालय के दरवाजे पर खड़े हैं। कि न्याय से वंचित नहीं किया जाएगा, सिर्फ इसलिए कि जिस व्यक्ति पर वे आरोप लगा रहे हैं, उसका बहुत प्रभाव और प्रसिद्धि है।

पीड़ितों, सुश्री यामिनी रागानी और सुश्री नीता जयकांतन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे बदला नहीं मांग रहे हैं, बल्कि सच्चाई चाहते हैं। अपने बयान में, उन्होंने कहा कि उनके साथ छेड़छाड़ की गई, उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें एक ऐसी व्यवस्था द्वारा चुप करा दिया गया जो तथ्यों और निष्पक्षता पर प्रसिद्धि और प्रभाव को सुरक्षित रखती है। उनकी अपील सिर्फ़ कानूनी नहीं है यह बेहद मानवीय है। गृह मंत्री को लिखे उनके पत्र में लिखा है, हम आपके पास राज्य के दुश्मन के रूप में नहीं, बल्कि इस देश की बेटियों के रूप में आए हैं, जिनके साथ अन्याय हुआ है। उनका आरोप है कि यह दुर्व्यवहार व्यवस्थित, सुनियोजित और मनोवैज्ञानिक रूप से नुकसानदेह था। आध्यात्मिक यात्रा के रूप में शुरू हुआ यह शोषण और भय का जाल बन गया। अदालतों, पुलिस और यहाँ तक कि वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करने के बावजूद, महिलाओं का कहना है कि उनकी पुकार को उदासीनता से देखा गया। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी याचिका पर विचार न करने के फैसले ने कानूनी प्रक्रिया में उनके विश्वास को हिला दिया है, लेकिन आगे बढ़ने का उनका साहस नहीं। सुश्री यामिनी रागानी याद करती हैं कि कैसे वह ईशा फाउंडेशन में उपचार की तलाश में आईं, लेकिन इसके बजाय उनका शोषण किया गया।

## सूचना

न्यायालय मा. सिविल जज (सी.डि.)सहारनपुर.वाद स.127 सन 2025 1- सुनील कुमार जैन पुत्र स्व. प्रेमचंद जैन 2- नितिन जैन पुत्र श्री सुनील कुमार जैन निवासी मौ. कानून गोयान कस्बा सरसावा प्र.सरसावा तहसील नकुड जि.सहारनपुर(वादीगण) बनाम पवन सिंह पुत्र जमादार सिहं जाति राजपूत निवासी ग्राम कुण्डी प्र.सरसावा तह.नकुड जिला सहारनपुर (प्रति.) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत तकमील मुहायदा व स्थायी निषेधाज्ञा के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि. 11/4/2025 को 10 बजे दिन असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या कोई शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करें बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों और तमाम दस्तावेज पेश करें आपको इत्तिला दी जाती कि बेरोज मज़कूर को हाज़िर नहीं होगें तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फैसला होगा।

**आज्ञा से मुंसरिम 20/3/25 को जारी किया गया**

## सूचना

न्यायालय मा सिविल जज सीडी सहारनपुर. प्रकीर्ण व सं 6 सन् 2025..1... श्रीमती असमा पत्नी अनीस निवासी पापडेकी रसूलपुर जिला सहारनपुर आधार सं 3253 6478 1079.2...अरमान पुत्र अनीस आयु 7 वर्ष नाबालिग द्वारा अपनी सगी माता व संरक्षिका श्रीमाती आसमां निवासी पापडेकी रसूलपुर जिला सहारनपुर प्रार्थीगण/ बनाम...1..आम जनता(विपक्षी) दरख्वास्त मुस्समा श्रीमती असमा पत्नी अनीस नि.पापडेकी ज़िला सहारनपुर अरमान पुत्र अनीस आयु 7 वर्ष नाबालिग द्वारा अपनी सगी माता व संरक्षिका आसमां निवासी उक्त ने वास्ते हुसूल प्रमाण पत्र वसूल जर 77.206/रूपये किफायत द्वारा दरख्वास्त श्रीमती असमा पत्नी अनीस , अरमान पुत्र अनीस आयु 7 वर्ष नाबालिग द्वारा अपनी सगी माता व संरक्षिका ने अपने वसूजिब एक्ट 7 सन् 1889 बकैद 77.206/- रूपये हरगा मुस्समा ने दरख्वास्त हुसूल प्रमाण पत्र गुजरानी है और दि. 26 /3/ 2025 वास्ते समात दरख्वास्त मुर्कर हुई है लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी की निस्ब दरख्वास्त के ऊज्र हो असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत में हाज़िर हो उज्र अपना पेश करें दरसूरत इनकजाए मियाद फिर उजर किसी का ना सुना जाएगा हुक्म मुनासिब निस्ब दर्खास्त से सादिर होगा। अलमरकूम 20/3/25

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडी सहारनपुर**

# मौसम की जानकारी होने से फसलों के प्रबन्धन में मिलती है मददः डॉ. बिजेन्द्र सिंह



अवधनामा संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या के कृषि मौसम विज्ञान विभाग एवं एसोशियेसन ऑफ एग्रोमेट्रोलॉजी अयोध्या चैप्टर द्वारा कृषि महाविद्यालय, मुख्य परिसर के सभागार कक्ष में 75वें विश्व मौसम दिवस 2025 ÷प्रारम्भिक चेतावनी अन्तर को एक साथ पाटना विषय पर मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति डा. बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 23 मार्च को विश्व मौसम दिवस मनाया जाता है। जिसके अन्तर्गत मौसम पूर्वानुमान द्वारा किसानों को खेत की तैयारी, फसल की किस्म का चयन, बुवाई का समय, सिंचाई, उर्वरक व कीटनाशकों का प्रयोग, फसल की कटाई व मड़ाई, फसल का भण्डारण इत्यादि सभी कुछ मौसम पर निर्भर करता है। किसानो को पूर्व में मौसम की जानकारी होने से उसे अपनी खेती किसानी की गतिविधियों पशुपालन, मुर्गीपालन, मछलीपालन, बागवानी, वानिकी फसलों के प्रबन्धन में काफी मदद मिलती है। इससे जहां एक ओर उसके समय, श्रम व पूंजी में बचत करके उसकी आमदनी में इजाफा किया जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ उत्पादन में वृद्धि से देश में खाद्यान्न सुरक्षा की चुनौतियों से भी आसानी से निपटा जा सकता है। डा. सीताराम मिश्र, विभागाध्यक्ष, कृषि मौसम विभाग ने बताया कि आज के वैज्ञानिक युग में देश का मौसम विज्ञान विभाग वर्ष 1875 में अपनी स्थापना के उपरान्त निरन्तर शोध कार्यों व अन्यान्य प्रयोगों की बदौलत आने वाले कुछ घण्टों से लेकर अगले कुछ दिनों तक के मौसम की भविष्यवाणी करने में सक्षम है। यहां तक कि भारत मौसम विभाग मानसून के आगमन की भविष्यवाणी तथा वर्षा की अनुमानित स्थिति का आकलन मई माह के अन्तिम सप्ताह में ही कर देता है। कार्यक्रम में पूर्व एग्रोमेट हेड, भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली डा0 के0के0 सिंह ने मौसम पूर्वानुमान की आधुनिक तकनीकियों, सुदृढ़ संचालन एवं उससे होने वाले लाभों की चर्चा विस्तार से की। इसके साथ ही साथ आपदा प्रबन्धन में भी मौसम विज्ञान विभाग के योगदान पर प्रकाश डाला।

### डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में किया चौमुखी विकास : सूर्य प्रताप शाही

# सरकार ने 33 हजार करोड़ रूपये की परियोजनाओं से अयोध्या का किया विकास



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** केन्द्र सरकार के सफल 10 वर्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद अयोध्या के राम कथा पार्क में तीन दिवसीय जनपदीय विकास उत्सव समारोह का उद्घाटन जनपद के प्रभारी मंत्री/कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह, विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली रामचन्द्र यादव, मिल्कीपुर चन्द्रभानु पासवान, बीकापुर डा. अमित सिंह चौहान, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद प्रभारी मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। इससे पूर्व मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी के स्टॉलों व सूचना विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 08 वर्ष की उपलब्धि पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अगले चरण में जनप्रतिनिधियों द्वारा सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित उत्कर्ष के 08 वर्ष व यूपी के उपयोगी 08 वर्ष रिपोर्ट कार्ड नामक पुस्तिका व फोल्डर का विमोचन किया गया एवं सूचना विभाग द्वारा तैयार उत्तर प्रदेश के 08 वर्षो की सफलता की उपलब्धियां व महाकुंभ 2025 पर आधारित लघु फिल्म का आत्मसात किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 08 वर्ष में सेवा, सुरक्षा और सुशासन क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुये जनपद के प्रभारी मंत्री/कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को प्रदेश सरकार के 08 वर्ष व केन्द्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई दी और कहा कि योगी जी उत्तर प्रदेश के लगातार दो बार मुख्यमंत्री रहकर इतिहास रचा है और योगी की सरकार ने जनता के हितों पर समर्पित होकर जन कल्याण योजनाओं को पूर्ण कर रहे है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में चैमुखी विकास के लिए काम करते हुये रोटी कपड़ा व मकान के साथ साथ इलाज से लेकर निचले पायदान के जीवनयापन हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी जो सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंच रही है।

# विद्युत विभाग ने 14 उपभोक्ताओं की बिजली काटी

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** विद्युत उपकेन्द्र मिल्कीपुर के कुचेरा फीडर अंतर्गत कुचेरा बाजार में लगे विद्युत कैंप में 14 बिजली बिल के बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं की लाइन विच्छेदित किया और बकाया बिल के रूप में 168125 रुपए का राजस्व जमा किया।कैंप में उपभोक्ताओं ने बकाया बिल,मीटर संबंधी समस्याओं का निस्तारण कराने के साथ अपना बकाया बिल जमा किया। कैंप में 17 उपभोक्ताओं ने बिल विसंगति को सही कराते हुए अपना बिल संशोधन कराया।कैंप का निरीक्षण उपखंड अधिकारी अमित कुमार सिंह ने किया और जमा हो रहे बिजली बिल की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक बकाया बिल वसूलने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया।कैंप में प्रमुख रूप से अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार, लाईनमैन पंकज शर्मा, महेन्द्र कुमार, विनोद कुमार,संतोष कुमार, कृष्ण कुमार,अनुज कुमार,संजय वर्मा,तुलसीराम,रामअवध मिश्रा,राज प्रकाश,रत्नेश कौशल,राहुल श्रीवास्तव समेत कई अन्य मौजूद रहे।

# पारिजात आईटीआई इसरौली मे छात्रों को टेबलेट वितरित किए गए



**फतेहपुर बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत मिलने वाले मुफ्त टेबलेट छात्रों के लिए उनके अध्ययन कार्य में काफी उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। टेबलेट के माध्यम से छात्र संचार माध्यम से जुड़कर नई नई चीजें सीखते है। उक्त उदगार मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष इरशाद अहमद कमर ने पारिजात आईटीआई इसरौली मे मंगलवार को आयोजित मुफ्त टेबलेट वितरण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत आईटीआई के प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 19 छात्रों को टेबलेट वितरित किए गए। टेबलेट प्राप्त कर छात्रों ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य अशोक कुमार वर्मा, कार्यकारी निदेशक फहीम सिद्दीकी, अलीम शेख, शिवनाथ, शिवम सिंह, मो आमिर आदि उपस्थित रहे।

# बार चुनाव सम्पन्न, अनिल अध्यक्ष, सुरेश महामंत्री बने, हुआ स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**रामनगर बाराबंकी।** तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अनिल कुमार दीक्षित अध्यक्ष जब कि सुरेश चंद्र मिश्र महामंत्री चुने गए। मंगलवार को एल्डर्स कमेटी अध्यक्ष राकेश कांत मिश्र के द्वारा चुनाव सम्पन्न कराया गया जिसमें 131अधिवक्ता मतदाताओं में से 130 ने अपने मत का प्रयोग किया।मत गणना में अध्यक्ष पद पर अनिल दीक्षित को 50 मत मिले जब कि मान सिंह को 47 ,जगदम्बा सिंह को 22 व वेद प्रकाश श्रीवास्तव को 9 मत हासिल हुए।

श्री दीक्षित 3 मतों से अध्यक्ष निर्वाचित हुए।दो मत अवैध घोषित किए गए।महामंत्री पद पर सुरेश चंद्र मिश्र को 53 मत जब कि कमलापति तिवारी को 37 मत,अशोक कुमार को 35 व लव पाठक को 5 मत हासिल हुए।इस प्रकार सुरेश मिश्र 16 वोट से विजई हुए। उपाध्यक्ष तृतीय पद पर मुकेश शुक्ला को 91 मत जब कि लक्ष्मी नारायण यादव को 39 मत मिले।श्री शुक्ला 52 मत से विजेता बने। इसके पहले वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अरविन्द कुमार निगम, उपाध्यक्ष प्रथम राम प्रकाश यादव,उपाध्यक्ष द्वितीय राघवेन्द्र सिंह, संयुक्त मंत्री (प्रशासन) अमित कुमार त्रिवेदी, संयुक्त मंत्री (प्रवक्ता) गौरव शुक्ला, संयुक्त मंत्री (पुस्तकालय) संदीप दीक्षित व कोषाध्यक्ष पद पर उत्तम सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। वरिष्ठ सदस्य पद पर उमेश चन्द्र वर्मा, दीपक कुमार श्रीवास्तव, सुशील कुमार व सदस्य कनिष्ठ पद पर आदित्य कुमार तिवारी ओम कुमार, लवकेश कुमार शुक्ला, विनोद कुमार यादव, विनय कुमार सिंह, विपिन कुमार सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके हैं। चुनाव सम्पन्न कराने में अधिवक्ता राम कुमार सोनी,मानिक चंद्र, सुनील सिंह व गौरीशंकर सहयोगी भूमिका मे रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए रामनगर व बदों सराय कोतवाल पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर ताहिर ने ईओ को सौपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**जैदपुर बाराबंकी** नगर पंचायत जैदपुर के सभासद ने प्रधानमंत्री आवास सहित चार सूत्री मांगों को लें कर नगर पंचायत कार्यालय मे मंगलवार को पंहुचकर परेशान जनता की आवाज़ को अधिशाषी अधिकारी तक पहुंचाया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सभासदों ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर अधिशाषी अधिकारी से मुलाकात की और जन हित की समस्याओं का तत्काल समाधान की मांग की अधिशाषी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने पुनः जांच करने का आश्वासन भी दिया है। ताहिर अंसारी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना के तहेत जो भी सर्वे नगर पंचायत के कर्मचारियों के द्वारा किया गया है उस में किसी वस कारण लोग अपने घर पर नहीं मिलने से उन गरीब लोग को अपात्र कर दिया गया है अतः उन सभी वार्डो की पुनह जांच कराई जाये। इसके अलावा नगर पंचायत जैदपुर के सभी वार्डों में नाली व पत्थरो की टूट फूट चैत्र नवरात्रि से पहले दुरुस्त करायें। श्री अंसारी ने पानी मि समस्याओं को लेकर ईओ को अवगत कराया कि नगर पंचायत जैदपुर चैत्र नवरात्रि से पहले पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था दुरुस्त करायें। इसके अलावा चैत्र नवरात्रि व ईद से पहले धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की।

## बेवजह एग्रो इनपुट डीलरों का उत्पीड़न बंद होः नितिन गुप्ता

**बाराबंकी।** एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक व्यापारी महाधिवेशन नगर निगम प्रांगण कानपुर में हुआ। जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुपम अग्रवाल व लखनऊ अध्यक्ष नितिन गुप्ता के द्वारा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया गया। अधिवेशन में एग्री इनपुट की समस्याओं को रखते हुए लखनऊ अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने कहा कि एग्री इनपुट के दुकानदारों को बेवजह अधिकारियों द्वारा परेशान किया जाना उचित नहीं है जिसका संगठन विरोध करता है।बाराबंकी अध्यक्ष अनुपम अग्रवाल ने कहा सीड एक्ट, फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर, प्लांट कंट्रोल ऑर्डर, प्लांट प्रोटेक्ट एक्ट को विस्तृत रूप से दुकानदारों को समझना होगा। कोई भी एक्ट को ना जानना ही हमारी कमजोरी है।जांच के समय कोई भी व्यापारी बेवजह दुकान बंद करके ना भागे बल्कि जांच में सहयोग करे। अधिवेशन में सहयोगी फरहान अहमद एग्रीजंक्शन जहांगीराबाद, मनोज, राजन पाल, कपिल सिंह, मनीराम आदि लोग मौजूद रहे।

# जनता की समस्याओं का जल्द होगा समाधान : सुधीर कुमार



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** जिले के मिल्कीपुर में नए उप जिला अधिकारी सुधीर कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जनता से अवैध कार्यों से दूर रहने की अपील की।

एसडीएम सुधीर कुमार ने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी समस्या के लिए सीधे उनसे संपर्क करें। कर्मचारियों के साथ बैठक में एसडीएम ने स्पष्ट किया कि लेखपाल या कानूनगो द्वारा कोई गलत काम करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने का भरोसा दिलाया। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मुद्दे पर एसडीएम ने कहा कि हर शिकायत की जांच होगी। गलत रिपोर्ट देने वाले कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई होगी। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र की सभी शिकायतों का समाधान करें। इससे पहले सुधीर कुमार एसडीएम न्यायिक सोहावल के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। उनका कहना है कि किसानों की समस्याओं का समाधान होने से तहसील की आधी समस्याएं स्वतः हल हो जाएंगी। अगर मामले का निस्तारण नहीं किया जाता है तो वही मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंच जाता है। ऐसा कुछ कर्मचारियों को करना चाहिए कि मामले का निस्तारण भी हो जाए और उच्च अधिकारियों तक शिकायत भी न पहुंचे।

# किसान नेताओं की अविलंब रिहाई की मांग

**अयोध्या।** बीते दिनों शम्भू व खनौरी बार्डर पर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे किसानों को जबरन हटाने, बर्बरता पूर्वक लाठी चलाने, किसान नेताओं की गिरफ्तारी तथा किसानों की अन्य मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश किसान सभा ने मंगलवार को प्रांतीय आह्वान पर जिला मुख्यालय तहसील सदर पर धरना प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सदर को सौंपा। किसान सभा के अध्यक्ष रामजी राम यादव की अध्यक्षता और मंत्री अवधराम यादव के संचालन में धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के प्रदेश सचिव अशोक कुमार तिवारी ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल एवं अन्य किसान नेताओं की गिरफ्तारी को अलोकतांत्रिक कदम बताते हुए किसानों पर ढाए जा दमन पर रोक लगाने की मांग की। किसान नेता राम तीर्थ पाठक ने कहा कि देश का पेट भरने वाले अन्नदाताओं के साथ सरकार दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है। एम एस पी सहित अन्य मांगों पर किसानों का संघर्ष जारी रहेगा। संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक मया राम वर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने किसानों को सिर्फ छलने का ही काम किया है। इस सरकार में किसानों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही हैं। मजदूर नेता शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों के साथ साथ आज मजदूरों के सामने भी संकट उत्पन्न हो गया है। भाजपा सरकार ने चार श्रम कोड के जरिए मजदूरों को गुलाम बनाने की कोशिश कर रही जिसका किसानों मजदूरों को मिलकर मुकाबला करना होगा। धरने के माध्यम से गिरफ्तार नेताओं की अविलंब रिहाई, किसानों पर लाठी चलाने वालों पर दण्डात्मक कार्यवाही करने, एम एस पी की कानूनी गारण्टी देने, खाद कीटनाशकों के दाम घटाने, गन्ने का मूल्य पांच सौ रुपए करने, बिजली का निजीकरण बंद करने तथा स्मार्ट मीटर वापस लेने, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा करने और नुकसान फसलों का मुआवजा देने की मांग की गई है। धरने को राम प्रकाश तिवारी, ओमप्रकाश यादव, यासीन बेग, अयोध्या प्रसाद तिवारी, मुजीब अहमद, दीपक वर्मा, बद्री प्रसाद यादव , घनश्याम यादव, राम अचल पाल, राम सागर, श्रीमती, राम पियारी, शीला, राम शब्द यादव, जगजीवन, रमेश यादव आदि ने भी सम्बोधित किया।

# त्यौहार को आपसी सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील



अवधनामा संवाददाता

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** चैत्र रामनवमी व ईद उल फितर त्यौहार को लेकर कोठीभार थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सिसवा कस्बे व आसपास क्षेत्र के लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने आए हुए संभ्रांत लोगों से त्योहार को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाने की अपील की । साथ ही त्योहार में खलल डालने वालों पर कठोर कार्यवाही करने की नसीहत दी व सभी को आगाह किया कि कि प्रशासन की मंशा के विपरित कोई भी ऐसा आयोजन कार्यक्रम ना करे जिससे कि कानून व्यवस्था प्रभावित हो। अगर किसी के द्वारा ऐसा किया जाता है तो उनके ऊपर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। चौकी प्रभारी उमाकांत सरोज ने कहा कि सोशल मीडिया पर अनावश्यक पोस्टो से बचे। सभी धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के दिए निर्देश।इस दौरान उपनिरीक्षक कृष्णपाल, विनीत यादव, रमेश कुमार, मनमोहन अताउदीन समसी, शिब्बू बनारसी, मो नसीम, मैमुद्दीन,सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एग्री बिजनेस व एमबीए टूरिज्म के छात्र-छात्राओं का इंडस्ट्रियल भ्रमण

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के एमबीए एग्री बिजनेस एवं एमबीए टूरिज्म के छात्र-छात्राओं ने पारले बिस्किट फैक्ट्री में इंडस्ट्रियल भ्रमण किया। इस इंडस्ट्रियल भ्रमण में छात्रों ने व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किए। विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने छात्र छात्राओं को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कहा कि छात्रों के भ्रमण से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। जिसमें सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान को जोड़ने का शानदार अवसर है। इस भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, मार्केटिंग, सप्लाई चेन और बिजनेस ऑपरेशंस के कार्यों से रूबरू हुए। इंडस्ट्रियल भ्रमण डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय एवं डॉ. सूरज सिंह की देखरेख में किया गया। मौके पर प्रो0 शैलेंद्र वर्मा, डॉ0 राणा रोहित सिंह सहित विभागीय शिक्षकों ने उत्साहवर्धन किया।

# जय गुरु देव बाबा ने करोड़ो लोगो को पुण्य का रास्ते पर लायेः संत पंकज



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धौर बाराबंकी।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज अपनी जनजागरण यात्रा के साथ धनौली मिश्रान गांव पहुंचे ।यहां आयोजित सत्संग समारोह में अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि मनुष्य शरीर की प्राप्ति सबको बड़े भाग्य से हुई है। इसे हिन्दू महात्माओं ने हरिमन्दिर, मुसलमान फकीरों ने कुदरती काबा, ईसामसीह ने इसे जिन्दा परमात्मा का घर बताया है। यह इसलिये सबको मिला है कि इसमें विराजमान जीवात्मा को जगाकर अपना आत्म कल्याण करा लें। इसके निमित्त इस कलियुग में संतों का अवतरण हुआ। जिन्होंने दया करके नाम योग साधना का मार्ग जारी किया। साधना और गुरु कृपा से आत्मा में विराजमान दिव्य दृष्टि (तीसरा नेत्र) खुल जायेगा और आप प्रकाश के चौड़े मैदान में खड़े हो जायेंगे। आप त्रिकालदर्शी हो जायेंगे, जीवन सार्थक हो जायेगा।संस्थाध्यक्ष ने आगे कहा कि हमारे गुरु महाराज बाबा जयगुरुदेव जी ने करोड़ों लोगों के हांथों से तीर, तलवार, गोले, बंदूक छुड़ाकर उनके हाथों में भगवान के भजन की माला पकड़ा दी और वे प्रभु प्राप्ति की साधना में लीन हो गये। गुरु महाराज ने अच्छे समाज के निर्माण हेतु लोगों को शाकाहारी सदाचारी, मद्यपान रहित बनाकर अच्छे समाज के निर्माण का अभियान चलाया। हमारी संस्था उनके जनहित और आत्म कल्याणकारी कार्यों को निरंतर करने में लगी है। इसी प्रयोजन से गत् 17 मार्च से आगामी 12 मई तक बाराबंकी जिले में सत्संग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हिंसा अपराध की प्रवृत्ति से सारा समाज प्रभावित है। इस पर सबको ध्यान देना चाहिये।

# सड़क पार कर रहे अधेड़ को वाहन ने रौंधा, मौत

**जैदपुर बाराबंकी।** सडक पार कर रहे अधेड को तेज रफ़्तार ट्रक ने मारी टक्कर, साईकिल सवार गंभीर रूप से घायल उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। बताते चलें कि जैदपुर थाना क्षेत्र के भिटौरा लखन गांव निवासी 55 वर्षीय विजय शंकर पुत्र रामनरायण किसी काम से सफदरगंज गए हुए थे। वापस लौटते समय सफदरगंज चौराहा पर रोड पार कर रहे थे। तभी अचानक अयोध्या से लखनऊ की तरफ जा रही तेज रफ़्तार ट्रक की चपेट मे आने से विजय शंकर सडक पर ही गिर गए और ट्रक का पिछला पहिये के नीचे हाथ पड़ने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना एम्बुलेंस और पुलिस को दी मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल बुजुर्ग को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा। वहीं घटना करने वाले ट्रक को पुलिस ने कब्जे मे ले कर विधिक कार्यवाही मे जुटी।

### युवक ने सगे भाई की चाकू से गोदकर की हत्या, हड़कंप

# श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के परतावल की घटना



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत परतावल में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सोमवार को देर रात वार्ड संख्या 15 महंत अवैधनाथ नगर में दो सगे भाइयों के बीच विवाद इस कदर बढ़ गया कि छोटे भाई ने बड़े भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशन मद्धेशिया और उसका बड़ा भाई संदीप मद्धेशिया उर्फ टिंकू 24 वर्ष एक ही कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी हो गई। दोनों में बात इतनी बढ़ गई कि किशन मद्धेशिया ने शराब के नशे में अपने बड़े भाई संदीप पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे तुरंत सीएचसी परतावल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।वहां मंगलवार सुबह सात बजे इलाज के दौरान संदीप की मृत्यु हो गई। जैसे ही क्षेत्र में संदीप की मौत की खबर फैली, पूरे इलाके में मानो हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल श्यामदेउरवा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी और आरोपी किशन मद्धेशिया को गिरफ्तार कर लिया। मृतक संदीप तीन भाइयों में बीच का भाई था। बड़ा भाई अमित उर्फ भोला मद्धेशिया तीन दिन से घर से लापता है और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। परिजनों के अनुसार, अमित मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है। संदीप अपने घर में जूता-चप्पल की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की एवं उन्होंने परिजनों को सांत्वना दिया। इस सम्बंध में श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की गहराई से जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# तीन दिवसीय प्रदर्शनी में पुलिस ने बताया प्लान




अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ वर्षों के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जनता को सुरक्षित माहौल देने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। जनपद महराजगंज में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के नेतृत्व में आधुनिक तकनीक और नवाचारों के माध्यम से अपराध नियंत्रण को नई दिशा दी गई है। मुख्यालय मैदान में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी में यूपी पुलिस की विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। महिलाओं की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्क्वाड, मिशन शक्ति और आत्मरक्षा अभियानों को सशक्त बनाया गया। डायल-112 की इमरजेंसी लोकेशन सर्विस और महिला एस्कॉर्ट सुविधा से आमजन में विश्वास बढ़ा है। साइबर थाना और हेल्प डेस्क के माध्यम से ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय अपनाए गए, जिससे अब तक ?1.25 करोड़ की ठगी गई राशि वापस कराई गई। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 16,220 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, जिससे अपराध नियंत्रण को मजबूती मिली। यातायात पुलिस ने आधुनिक उपकरणों से सड़क सुरक्षा को बेहतर किया। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनपद में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया, जिससे आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा और अपराधियों में कानून का भय व्याप्त हुआ।

# श्मशान घाट लेदवा जाने वाली सड़कें गड्ढों में तब्दील

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़।** श्मशान घाट लेदवा जाने वाली सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी है इसकी वजह से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के बानगंगा मुख्य नहर बौढ़ारी गांव से श्मशानघाट लेदवा जाने वाली सड़क पर गड्ढे होने की वजह से श्मशानघाट लेदवा शव को पैदल लेकर चलना मुश्किल हो रहा है और बाइक सवार सड़क के गड्ढों में फंसकर घायल हो रहे हैं सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने की वजह से रिक्शा, साइकिल व अन्य वाहन बड़ी मुश्किल से निकल पाते हैं।

अगर थोड़ा भी बरसात हो जाती है तो गड्ढों में जल जमाव की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी शव को पैदल लेकर श्मशानघाट लेदवा जाना हो जाता है। इस सड़क से बीडीओ, सीडीओ, डीएम, विधायक,सांसद आदि आते जाते हैं फिर भी इस सड़क को देखने वाला कोई नहीं है। इस सड़क से राहगीर तो किसी तरह आ जा रहें हैं लेकिन जब शव को पैदल लेकर नंगे पांव लोग जाते हैं तो उनको सबसे ज्यादा परेशानियां उठानी पड़ती हैं। शोहरतगढ़ क्षेत्र को लोगों ने इस श्मशानघाट लेदवा जाने वाली जर्जर सड़क जो गढ्डों में तब्दील हो गई है इस सड़क को बनवाने के लिए शासन प्रशासन, विधायक, सांसद, जिला पंचायत, ब्लाक प्रमुख आदि से मांग की है कि क्षेत्रीय लोगों की परेशानियां को देखते हुए यह सड़क बनवाने के लिए शेख़ मोहम्मद आसिम उर्फ नैय्यर, शौकत लाल, रामबृक्ष यादव, अरविन्द भारती, प्रेम जायसवाल, रामकिशोर चौधरी, मोहम्मद जमील खान, यार मोहम्मद, शिवनारायण साहनी, बेचन, अंकित भारती, रमाकान्त यादव, धर्मेंद्र गोस्वामी, जितेंद्र गोस्वामी आदि लोग मांग की है।

## सेवा, सुरक्षा और सुशासन के आठ वर्ष पूरे होने पर उत्सव का आयोजन



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूरे होने पर इटवा तहसील में मंगलवार को तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इटवा स्थित तहसील में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम कुणाल ने किया। सरकार की 8 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाने के लिए प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें जनहित में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं व विकास परियोजनाओं को दर्शाया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विचार गोष्ठियों, संवाद सम्मेलनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया, साथ ही देशभक्ति व विकास पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम न्यायिक मनोज भारती, नायब तहसीलदार बीडीओ इटवा अनिशी मणि पाण्डेय बीडीओ खुनियांव कानूनगो सुनील श्रीवास्तव लेखपाल पन्नालाल सहित ब्लाक, तहसील, स्वास्थ, शिक्षा, बाल विकास कर्मचारी सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नगर पंचयत अपने क्षेत्र में दिमागी बुखार को पनपने नहीं देगा : चेयरमैन

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर नगर पंचायत बिस्कोहर में बैठक

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** बिस्कोहर नगर पंचयत में मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की तैयारी को लेकर कार्यालय के सभागार में तैयारी बैठक हुई। इसमें नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता व अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने अभियान को सफलतापूर्वक बनाने में सभी सभासद और नगर पंचायत कर्मियों से सहयोग की अपील की। नगर को साफ सुथरा बनाए रखने का नागरिकों से आह्वान किया। ब्लाक भनवापुर बीएमसी यूनिसेफ सूर्यदेव सिंह ने बताया कि एक से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें समस्त सभासद एवं सफाई नायक नागरिकों को दिमागी बुखार से बचने एवं संचारी रोगों से अवगत कराते हुए अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और वार्ड स्तर पर साफ-सफाई एनटी लार्वा का छिड़काव, झाड़ नाली की साफ-सफाई, जागरूकता कर ग्राम स्वच्छ रखकर बीमारी न पनपने देने एवं सुरक्षित रहने के लिए प्रचार-प्रसार पर बल दिया। बिस्कोहर चेयरमैन अजय गुप्ता ने सभी को आश्वासन दिलाया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान में दस्तक अभियान में नगर पंचायत बिस्कोहर एक मिसाल कायम करेगा और अपने नगर पंचायत क्षेत्र में दिमागी बुखार को पनपने नहीं देगा। इस दौरान नपं लिपिक सुधीर कुमार सभासदगण सुपरवाइजर के साथ सभासद प्रतिनिधि लाल जायसवाल, निपेंद्र सिंह, हर्षित श्रीवास्तव, विद्या सागर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## छप्पर की घारी में लगी आग झुलसने से भैस की मौत

**बांसी अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक क्षेत्र के गोनहा ताल पश्चिम गांव की एक घारी में मंगलवार को अज्ञात कारण से लगी आग से एक भैंस जलकर मर गई तथा दो झुलस गई है। गोनहा ताल पश्चिमी गांव में अवधि निषाद पत्नी स्वर्गीय सेतु निषाद के छप्पर की घारी में अज्ञात कारण से आग लग गई। जबतक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब घारी में बंधी एक भैंस पूरी तरह जल गई जिससे उसकी मौत हो गई तथा दो भैंस झुलस गई है। घटना की सूचना मिलने पर एस डी एम बांसी शशांक शेखर राय मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया तथा प्रशासनिक सहायता का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय लेखपाल व ग्रामीण मौजूद थे।

## इटवा के दो चयनित छात्रो रईस अहमद इंटर कालेज ने प्रमाण पत्र मैडल देकर किया सम्मानित



**इटवा सिद्धार्थ नगर अवधनामा संवाददाता।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) योजना के तहत स्कूली बच्चों को विज्ञानं और सामाजिक क्षेत्र मे रचनात्मक और नवीन सोच के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य के क्रम मे सत्र 2024-25 के लिए नगर पंचायत इटवा मे संचालित रईस अहमद इंटर कालेज के दो छात्रों का चयन होने उन्हे मैडल एवं प्रमाण देकर किया गया सम्मानित मंगलवार को रईस अहमद इंटर कालेज मे सादे समारोह आयोजित कर इंस्पायर योजना मे चयनित कक्षा 9 अभिषेक बौद्ध पुत्र रमेश चन्द्र क्रमांक 5396ग्राम पिपरा मुर्गिहवा व सफीउल्लाह पुत्र फकरूल्लाह क्रमांक 5395 ग्राम बुढ्ढी खास रचनात्यक विचारों के लिए कालेज दो छात्रों का योजना मे सफल होने पर उन्हे विद्यालय की ओर से मैडल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। दौरान प्रधानाचार्य महताब आलम ने कहा इंस्पायर योजना के तहत कक्षा 6 से 10 के छात्रों मे नवाचार विकसित करने के लिए चयनित छात्रों को योजना के तहत सरकार द्वारा प्रोत्साहित राशि दिया जाता है द्य जिसके क्रम मे विद्यालय के दो छात्रों को प्रणाम पत्र, मैडल देकर सम्मानित कर इनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस मौके पर सगीर अहमद, ओम प्रकाश पांडेय, जगराम वरुण, बृजेश मिश्रा, ओपी प्रजापति, राजेश गौतम, नन्हे सिंह, कमाल अहमद, जुनेद आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का एकडेगवा मे आयोजन निकली यात्रा



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत एकडेगवा मे ग्राम वासियो एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया।प्रवचन 25 मार्च से शुरु होकर 23अप्रैल को पूर्णाआहूति एंव भण्डारा होगा। प्रवचन कहने के लिए अयोध्या से आए शास्त्री शेष नारायण व स्वामी गगन देव द्वारा किया जायेगा। मंगलवार को भारी जनसमूह के बीच महिलाए एवं पुरुष कलश के साथ यात्रा शुरु हुई साथ मे डी जे व बाजे के साथ यज्ञ स्थल से शुरु होकर लोटन चौराहा होते हुए लोटन जगन्नाथ स्वामी मन्दिर के पास कलश भर कर यज्ञ स्थल पर वापस लौट गये। कलश उठाने वाली महिलाये व लड़किया यज्ञ मंण्डप मे पहुंच कर अपनी अपनी कलश का पूजन की। शास्त्री शेष नारायण तिवारी ने कहा यज्ञ से जहाँ मन की चेतना का विकास होती है वही वातावरण मे फैली अशुद्धिया दूर होती है। यज्ञकर्ता ने कहा कि धर्म की चर्चा होने से पूरे क्षेत्र मे शान्ति का वातावरण कायम रहता है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सत्य प्रकाश राही, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पंकज वर्मा भाजपा नेता राम नेवास यादव, मंटू पाण्डेय, लाला जी गुप्ता, कमलेश चौरसिया, अनुप यादव, इंदु पासवान, नप्पू बाबा, इरशाद अहमद, राम लखन सच्चा चौरसिया, राम किशुन, अजय चौरसिया, अजय सिंह, महेश कुमार कन्नौजिया, मनीष यादव, आदि तमाम क्षेत्रवासि मौजूद रहे।

## डॉ. अनीता वर्मा का रसूख, महिला अस्पताल में अटैच होकर कर रहीं धन उगाही का खेल

**हर्रैया, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली और अधिकारियों की लापरवाही का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। हर्रैया के 100 शैय्या अस्पताल में तैनात महिला चिकित्सक डॉ. अनीता वर्मा पर गंभीर आरोप लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक, डॉ. अनीता वर्मा अपनी तैनाती हर्रैया में होने के बावजूद रसूख के बल पर बस्ती के जिला महिला अस्पताल में खुद को अटैच करवाकर मरीजों का इलाज कर रही हैं। इस दौरान न सिर्फ मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में रेफर कर धन उगाही का खेल चल रहा है, बल्कि महिला अस्पताल में भी ऑपरेशन के नाम पर मरीजों से मोटी रकम वसूलने के आरोप है। डॉ. अनीता वर्मा की मूल तैनाती हर्रैया के 100 शैय्या अस्पताल में है, लेकिन वह वहां ड्यूटी करने के बजाय जिला महिला अस्पताल में मरीज देख रही हैं। सूत्रों का दावा है कि जिला अस्पताल होने के कारण यहां मरीजों की संख्या ज्यादा रहती है, जिसका फायदा उठाकर डॉ. अनीता मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में भेजकर कमीशनखोरी कर रही हैं। वहीं, मरीजों के परिजनों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि महिला अस्पताल में ऑपरेशन के लिए उनसे 5,000 से 7,000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। इससे गरीब मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और वे मजबूरी में प्राइवेट इलाज के लिए विवश हो रहे हैं। हर्रैया के 100 शैय्या अस्पताल में डॉ. अनीता वर्मा की अनुपस्थिति के कारण वहां आने वाली महिला मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि विशेषज्ञ चिकित्सक के अभाव में उन्हें प्राइवेट अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जहां इलाज का खर्च उनकी पहुंच से बाहर होता है। इससे स्वास्थ्य विभाग की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं, जो गरीबों को मुफ्त और सस्ता इलाज देने का दावा करता है। इस मामले में हर्रैया के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुषमा ने बताया कि उन्होंने डॉ. अनीता वर्मा को हर्रैया अस्पताल में भेजने के लिए कई बार पत्र लिखा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, अपर निदेशक डॉ. रामानंद ने कहा कि उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को डॉ. अनीता को हर्रैया भेजने के लिए सूचित कर दिया है। दूसरी ओर, बस्ती महिला अस्पताल के ष्टरूस्- डॉ. अनिल कुमार ने हैरान करने वाला बयान दिया।

# मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं को सशक्त व स्वावलम्बी बनाया जा रहा है : महेश कुमार शुक्ल

अवधनामा संवाददाता




> प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया

**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष, गौ सेवा आयोग श्री महेश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता एवं मा0 विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में लोहिया कला भवन में केन्द्र सरकार/प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी लाभार्थियों एवं आम जनमानस को दिये जाने का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग श्री महेश कुमार शुक्ल, मा0 विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कन्हैया पासवान को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग श्री महेश कुमार शुक्ल द्वारा अन्य जनप्रतिनिधिगणों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तथा महाकुम्भ प्रयागराज 2025 के सफल आयोजन पर केन्द्रित लघु फिल्म को देखा गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार ने जनपद की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुये बताया कि जनपद में राष्ट्रीय क्षय रोग कार्यक्रम के अन्तर्गत अप्रैल 2014 से फरवरी 2025 तक 40175 टी0बी0 रोगियों का उपचार किया गया है 32843 निक्षय मित्र बनाकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अब तक 529445 लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनाया गया है। जे0ई0/ए0ई0एस0 रोगों में मृत्युदर 02 प्रतिशत से नीचे आ गयी है। भारत सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के 33 विद्यालय को पी0एम0श्री केन्द्रीय विद्यालय के रूप में चयन किया गया है जिसमें कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब, पुस्तकालय आदि की व्यवस्था की गयी है। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा, कृषि, उद्यान, एक जनपद एक उत्पाद, टूल किट वितरण, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण में काफी प्रगति की गयी है। उ0प्र0 सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष, गौ सेवा आयोग श्री महेश कुमार शुक्ल द्वारा मा0 विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में 25 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति-पत्र, 05 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सीएलएफ, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) के 05 लाभार्थियों को आवास की चाभी, 10 लाभार्थियों को घरौनी, 05 लाभार्थियों को किसान सम्मान निधि, 10 ग्राम प्रधानों को गंगा जल, 05 प्रगतिशील किसानों को सम्मान-पत्र, 05 उद्यमियों को सम्मान-पत्र, 10 टी0बी0 के मरीजों के परिवारों को पोषण पोटली, 10 निक्षय मित्रों को टी0बी0 के मरीजों को गोद लेने पर सम्मान -पत्र, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के 10 लाभार्थियों को 05 लाख का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) के 05 लाभार्थियों को लैपटाप, खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित टूल किट वितरण योजना के 08 लाभार्थियों को दोना, पत्तल मेकिंग मशीन, स्वामी विवेकानन्द यशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को टैबलेट का वितरण किया गया।

# तीन दिवसीय मेला का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़।** शासन के निर्देश पर शोहरतगढ़ तहसील परिसर में एक छत के नीचे किसान, दिव्यांग, छात्र, व्यापारी, मनरेगा मजदूरों आदि को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने तथा स्वच्छता व बचाव गुर बताए गये।

आयोजित तीन दिवसीय मेला में स्वास्थ, कार्यदाई संस्था, आंगनवाड़ी, नगर पंचायत, रसोई गैस, पंचायती राज विभाग, कृषि, उप निबंधक, नगर पंचायत, दिव्यांग कल्याण, कृषि आदि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्टाल लगाया और लोगों को जानकारियां दी। एसडीएम राहुल सिंह ने कहा कि शासन के निर्देश पर हर पात्र को लाभांवित योजनाओं के माध्यम से जागरूक करके उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है ताकि वह लाभ से वंचित न होने पाएं।

कहा कि किसानों को कृषि से संबंधित उपकरणों पर मिलने वाले सब्सिडी, दिव्यांगजनों को शादी अनुदान से पेंशन आदि यजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाना,शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए शिक्षकों को प्रतिदिन डायरी भरना,कक्षा 1 व 2 के छात्राओं को एनसीआरटी की किताबें उपलब्ध कराना, शिक्षण अधिगम सामग्री के माध्यम से गणित और विज्ञान के छात्र-छात्राओं को शिक्षा में निपुण करना, पारिवारिक सदस्य द्वारा 5 हजार रूपयें में भूमि सम्पत्ति की रजिस्ट्री करना, दिव्यांगजनों को 100 से 85 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी में छूट देना , पंचायत विभाग द्वारा फेमिली आईडी बनाना, साफ सफाई अभियान चलाकर लोगों को संक्रामक बीमारियों से बचाना, गांवों में मनरेगा के माध्यम 100 दिन रोजगार उपलब्ध कराना, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना रसोई गैस के रिसाव से बचाव आदि की जानकारी दी गई। एसडीएम ने कहा की तीन दिन तक मेला स्टाल लगा रहेगा। किसान मजदूर दिव्यांग, छात्र आदि मेला में भाग लेकर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित हों। इस दौरान एडीएम राहुल सिंह, नपं अध्यक्ष उमा अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, तहसीलदार अजय कुमार, नायब तहसीलदार महबूब अंसारी, बीडीओ यशोवर्धन सिंह,एडीओ पंचायत मोहनलाल, राजेश त्रिपाठी, बी डी कसौधन, कमलेश गुप्ता व चिकित्सा अधीक्षक डा ए के आजाद, रवि श्रीवास्तव व संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# बेसिक शिक्षा विभाग की शैक्षिक संगोष्ठी एवं निपुण विद्यालय सम्मान समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रकाश सिंह की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा विभाग की शैक्षिक संगोष्ठी एवं निपुण विद्यालय सम्मान समारोह का कार्यक्रम लोहिया कला भवन में सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार द्वारा माँ. सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात स्कूली शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत, निपुण गीत, कविता पाठ की प्रस्तुती की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 ने शिक्षकों/शिक्षिकाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि सबसे कठिन काम अध्यापक का है अध्यापक कठिन परिश्रम करते हैं उसका परिणाम निपुण लक्ष्य प्राप्त हुआ है। आपलोग ईमानदारी से गुणवत्तापूर्वक बच्चों को शिक्षा प्रदान करेगें इसके साथ ही साथ अध्यापकगण बच्चों के घर-घर जाकर उनके अभिभावक को शिक्षा का महत्व समझायें। हमें और भी मेहनत करनी है तभी 100 प्रतिशत निपुण स्कूल बन सकें। मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार ने कहा कि अध्यापक के मेहनत से जनपद के बच्चों का निर्माण हो रहा है। अध्यापक के पढ़ाये हुए बच्चे उच्च पदों पर आसीन हो रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा पीएमश्री पत्रिका का विमोचन, छात्र-छात्राओं को नवीन सत्र की पाठ्य पुस्तकों का वितरण, एसआरजी एवं एआरपी को प्रशस्ति पत्र का वितरण, निपुण विद्यालय के प्रधानाध्यापक/ इंचार्ज प्रधानाध्यापक को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अकबरपुर पालिका क्षेत्र मे घटिया निर्माण सामग्री का हो रहा प्रयोग

**अम्बेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** एक तरफ उत्तर प्रदेश की सरकार विकास करने में जुटी हुई है। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का कार्य कर रही है। शहर से लेकर गांव तक तेजी से विकास हो रहा है वहीं दूसरे तरफ उनके ही सरकार में बैठे अधिकारियों कर्मचारियों के मनमानी के चलते ठेकेदार विकास कार्य को घटिया सामग्री से पूर्ण कर सरकार की मनसा पर पानी फेरते हुए बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, ताजा मामला अकबरपुर नगर पालिका अंतर्गत वार्ड नंबर 9 रावीबहाउद्दीनपुर का है जहां नगर पालिका के द्वारा नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें पीले ईट का प्रयोग ठेकेदार के द्वारा जमकर कराया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार रावीबहुद्दीन के महमदपुर में सुरेंद्र वर्मा के घर से रमापति के खेत तक इस नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।



**वार्ड वासियों में फूटा गुस्सा-** घटिया निर्माण को लेकर नगर पालिका के वार्ड वासियों में गुस्सा फूट गया है तरह-तरह की चर्चाएं आपस में कर रहे हैं कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का कार्य कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ ठेकेदार के द्वारा मनमानी करते हुए घटिया ईट का प्रयोग कर निर्माण करा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि नाली के निर्माण कार्य में मानक को देखते हुए निर्माण कार्य कराया जाना चाहिए।

# शोहरतगढ़ कस्बा में निकाली गई निशान शोभायात्रा



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़।** शोहरतगढ़ में मंगलवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ खाटू श्याम बाबा की 16 वां निशान शोभायात्रा निकाली गई।श्रीराम जानकी मंदिर शोहरतगढ़ में पुजारी टिल्लू शर्मा ने खाटू श्याम बाबा व निशान शोभा यात्रा की पूजा-अर्चना कर आरती की। वाहन पर खाटू श्याम की भव्य झांकी सजाई गयी थी। महिलाएं व पुरूष हाथ में निशान लेकर हारे के सहारे बाबा श्याम हमारे का जयघोष करते हुए चल रहे थे। निशान शोभा यात्रा श्रीराम जानकी मंदिर शोहरतगढ़ से निकलकर नगर पंचायत कार्यालय भवन, गोलघर, भारत माता चौक, प्रेमगली, पुलिस बूथ गोलघर से राजस्थान अतिथि भवन पर पहुंच समाप्त हुआ। भक्तों का उत्साह देखने लायक था हर कोई श्याम के रंग में रंगा नजर आया। निशान शोभा यात्रा पर घर की महिलाएं छतों से फूलों की वर्षा करती रही। जगह जगह श्रद्धालुओं में ठंडाई का वितरण किया गया। नवयुवक एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर श्याम के भजनों पर झूमते गाते रहे। राजस्थान अतिथि भवन शोहरतगढ़ में सायंकाल खाटू श्याम बाबा की भव्य दरबार सजाया गया और भजन संध्या का आयोजन हुआ। इस दौरान नपं अध्यक्ष उमा अग्रवाल, निशान यात्रा कमेटी अध्यक्ष रवि अग्रवाल, किशोरी लाल गुप्ता, सतीश मित्तल, नंदू गौड़, गोपी रुंगटा,नीलू रूंगटा, मनोज पोद्दार,अमित परशुरामका, सोनू बबूना, चंचल मित्तल, मयंक पोद्दार, सौरभ बोरा, रितेश अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, पार्वती पोद्दार, राशिका उर्फ स्वाति पोद्दार, अर्चना अग्रवाल, रिया बोरा, खुशबू पोद्दार,चारु रुंगटा, रूपम अग्रवाल, अलका अग्रवाल, रेनू मित्तल, सतीश मित्तल, संजय मित्तल, श्याम रुंगटा, अमित खेत्रीवाल, गोलू दलान, सुनील शर्मा, आकाश अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहें।

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवायोजन शिविर का हुआ समापन

**टांडा अम्बेडकरनगर।** मां तिलेसरा देवी पीजी कॉलेज भसड़ा, टांडा, अंबेडकर नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष-शिविर का समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 डॉ0ओम प्रकाश त्रिपाठी (पूर्व विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, बी0एन0के0बी0पी0जी0 कॉलेज, अकबरपुर, अंबेडकर नगर) महाविद्यालय के प्राचार्य व कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव, संरक्षक श्री राम पूजन प्रजापति, कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव (प्रथम इकाई) डॉ0अभिषेक पांडेय (द्वितीय इकाई) मुख्य नियंता डॉ0 सुशील कुमार, बी.एड्0विभागाध्यक्ष डॉ0 अश्वनी कुमार आदि की गरिमा में उपस्थिति में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण से हुआ। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात स्वयंसेविका महिमा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। मीना कुमारी ने स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि जी एवं उपस्थित जन समूह का स्वागत किया।

## वक्फ संशोधन

वक्फसंशोधन को लेकर विपक्ष राजनीति पर उतर आये है। उन्हें मुसलमानों की बेहतरी से कोई मतलब नहीं है। मुल्ला मौल्वी अपनी पकड़ बोर्ड पर बनाये रखने के लिये बेसुरा राग अलाप रहे है। क्योकि संशोधन लागू होने पर उनकी दादागिरी खत्म हो जायेगी उनका निजी फायदा मारा जायेगा। वक्फ बोर्ड आम मुसलमान की बेहतरी के लिये गठित किया गया है पर इसका गलत इस्तेमाल हो रहा है। इसको छिपाने के लिये कट्टरपंथी आम लोगो को ढाल बना अपनी मंशा पूरी करना चाहते है।

मुसलमान अपना पिछड़ापन आम विकास से जुड़ना चाहता है। मुस्लिम महिलायें भी अपना सहभागिता चाहती है। आम मुसलमान पुरूष और महिला के भावनाओं के अनुरूप है और संविधान के दायरे में है। सरकार ने वक्फ को असरदार तरीके से काम करने के लिये संशोधन लाया है जिसे बहुत पहले हो जाना चाहिये था। मुख्य बात यह है कि प्रस्ताव पूर्व में गठित सच्चर कमेटी के अनुरूप है। सच्चर कमेटी की सिफारिशों की वकालत यूपीए के लोग करते थे आज राजनीति से प्रेरित हो इसे दखलन्दाजी बता रहे है। संशोधन इबातद से जुड़ा नही है सम्पत्तियों के प्रबन्धन से जुड़ा है। वक्फ सम्पत्तियों के बेहतर प्रबन्धन के लिये सम्पत्तियों को चुनिन्दा लोगो के चुगंल से छुड़ाना जरूरी है। जिससे वक्फ का उपयोग बेहतरी के लिये हो सके। संशोधन पारदर्शी जवाब देह समान प्रतिनिधित्व व्यवस्था लागू करने कराने का प्रयास है जो आम मुसलमानों को हित में है। संशोधन द्वारा उपेक्षित मुसलमान तबकों के लिये भागीदारी का इन्तजाम किया गया है।

नये प्रावधानों में व्यवस्था है कि वक्फ सम्पत्ती निष्पक्ष तरीके से चिन्हित किये जाये। अगर कोई विवाद उठता है तो उसका निराकरण पूरी तरह न्यायिक व्यवस्था के अनुसार किया जाये। इसी तरह के संशोधन से वक्फबोर्ड ज्यादा सक्षम परदर्शी और जवाबदेह बनेगा। सरकार कैग से इसका आडिट करा सकेगी। वक्फअपनी जमीनों को जिला मुख्यालय राजस्व विभाग में रजिस्टर्ड कराने और कम्प्यूटर में रेकार्ड कराने की व्यवस्था है जिससे पारदर्शिता आये। न्याय के लिये अदालत जा सकने की व्यवस्था बनेगी। ट्रिब्यूनल के फैसले को अदालत में चुनौती दी जा सकेगी। पुराने वक्फ बोर्ड कानून मुसलमानों को आपस में अब नये सर्व समावेशी कानून को खुशी खुशी स्वीकार करना चाहिये। समय के साथ चलना है तो बदलाव जरूरी है। रूका पानी सड़ान्ध पैदा करने लगता है जो हानीकरक होता है।

## 'मैं नीर भरी दुख की बदली'

**ओम प्रकाश 'सुमन'**

हिंदी साहित्य मे छायावादी युगके प्रमुख चार स्तंभों में सुमित्रानंदन पंत ,जय शंकर प्रसाद ,सूर्यकांत त्रिपाठी निराला एवं महादेवी वर्मा का नाम शामिल है। महादेवी वर्मा प्रतिभावान कवयित्री के साथ संगीत में भी निपुण थीं। महादेवी वर्मा का जन्म 26 मार्च 1907 को फर्रुखाबाद में (संयुक्त प्रांत आगरा व अवध) उत्तरप्रदेश में हिंदू चित्रगुप्त वंशीय कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके परिवार में लगभग 200 वर्षों के बाद सात पीढ़ियां में पहली बार पुत्री का जन्म हुआ था।



अतः उनके बाबा बांके बिहारी ने खुशी से इन्हें घर की देवी मानते हुए पौत्री का नाम महादेवी रखा। महादेवी के पिता गोविंद प्रसाद वर्मा भागलपुर के कॉलेज में प्राध्यापक थे महादेवी वर्मा की माता हेमरानी देवी हिंदी, संस्कृत की जानकार व धर्म परायण महिला थीं ।वह शाकाहारी भोजन करती थीं तथा पूजा पाठ करने में अपना अधिक समय बिताती थीं ।जबकि गोविंद प्रसाद वर्मा इसके विपरीत विचारधारा वाले थे वह संगीत प्रेमी, नास्तिक, शिकार करने के शौकीन, मांसाहारी, हंसमुख व्यक्ति थे।

महादेवी की शिक्षा इंदौर मिशन स्कूल से शुरू हुई उन्होंने संस्कृत, अंग्रेजी ,संगीत व चित्रकला की शिक्षा घर पर ही प्राप्त की। 1916 में इनका विवाह (बाल-विवाह) बरेली के नवाबगंज कस्बे के निवासी स्वरूप नारायण वर्मा के साथ हो गया विवाह के कारण उनकी शिक्षा कुछ दिन तक बाधित रही । फिर 1919 में उन्होंने क्रॉस वेट कॉलेज इलाहाबाद में प्रवेश लिया और कॉलेज के छात्रावास में रहने लगी 1921 में आठवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया यहीं से उनके काव्य जीवन की शुरुआत होती है। उन्होंने 7 वर्ष की अवस्था से ही कविता लिखना शुरू कर दिया था। 1925 में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की वह अब सफल कवयित्री के रूप में प्रसिद्ध हो चुकी थी। कॉलेज में उनकी मित्रता सुभद्रा कुमारी चौहान से हो गयी। महादेवी वर्मा ने 1932 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एम. ए. पास किया इस समय उनके दो कविता संग्रह नीहार तथा रश्मि प्रकाशित हो चुके थे। उन्होंने अध्यापन से अपने कार्य जीवन की शुरुआत की। उन्होंने प्रयाग में महिला विद्यापीठ की स्थापना की अंतिम समय तक महिला विद्यापीठ की प्राचार्या बनी रहीं । महादेवी ने प्रयाग में गंगा तट पर साहित्यकार संसद नामक संस्था की स्थापना की थी उन्होंने इलाहाबाद में अपनी सखी सुभद्रा कुमारी चौहान की अध्यक्षता में पहली बार कवयित्री सम्मेलन कराया तथा मीरा जयंती भी मनाई। उन्होंने वैवाहिक जीवन को कभी स्वीकार ही नहीं किया । 1966 में स्वरूप नारायण वर्मा की मृत्यु के बाद वह स्थाई रूप से इलाहाबाद में रहने लगी थीं।

विवाहित होने के बाद अपना जीवन अविवाहित की तरह ही व्यतीत किया ।वह हमेशा सफेद साड़ी पहनती थीं और तख्त पर सोती थीं। अब हम महादेवी वर्मा की कविताओं और गीतों पर दृष्टि डलते हैं तो यही स्पष्ट है कि महादेवी वर्मा छायावाद की कवयित्री है उन्होंने अपने संपूर्ण काव्य में नाशवान मानव हृदय पीड़ा को अभिव्यक्ति प्रदान की है ।उनके काव्य में पीड़ा, वेदना, टीस आदि की प्रमुखता रही है।

**विरह का जलजात जीवन, विरह का जलजात।**
**वेदना में जन्म करुणा में मिला आवास।।**

महादेवी का काव्य विषाद भावना से ओत-प्रोत है क्योंकि सुख की अपेक्षा दुख ही कवयित्री को अधिक प्रिय रहा है-मैं नीर भरी दुख की बदली । उमड़ी थी कल मिट आज चली।। महादेवी वर्मा के काव्य में रहस्य भावना है जो की छायावादी कविता की प्रमुख विशेषता है वह लिखती हैं-वे मुस्काते फूल नहीं जिनको आता है मुरझाना । वे तारों के दीप नहीं जिनको आता है बुझ जाना।। उनके काव्यमें में मानवीकरण की भावना भी प्रमुखता से दिखाई पड़ती है बसंत की रजनी को धीरे-धीरे आने के लिए अपनी कविता में कहतीं है धीरे-धीरे उतर क्षितिज से आ बसंत रजनी।

महादेवी ने काव्य और गद्य दोनों में रचनाएं प्रस्तुत की हैं काव्य रचनाओं में नीहार, रश्मि नीरजा, संध्यागीत, दीपशिखा अग्निरेखा जो उनकी मृत्यु के बाद प्रकाशित हुई हैं। गद्यमें रेखाचित्र व संस्मरण है इनमें पथ के साथी , अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएं आदि हैं। महादेवी वर्मा को बहुत सारे पुरस्कार मिले हैं इन्हें 1935 में सेकसरिया पुरस्कार मिला, 1943 में मंगल प्रसाद पारितोषिक मिला, 1956 में पद्मभूषण पुरस्कार मिला, 1982 में ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला, 1982 में ही भारत भारती सम्मान मिला, 1988 में पदमविभूषण पुरस्कार जो उनकी मृत्यु के बाद दिया गया। इस प्रकार महादेवी वर्मा कोअनेक पुरस्कार मिले हैं।

महादेवी वर्मा का निधन 11 सितंबर 1987 को प्रयागराज मे हो गया था। महादेवी वर्मा प्रतिभावान कवयित्री के साथ वह संगीत में भी निपुण थी ।भारत के साहित्याकाश में उनका नाम ध्रुव तारे की भांति हमेशा प्रकाशित होता रहेगा।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़्वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**कोविड-19 महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारी व्यवधान पैदा किया और इसके फलस्वरूप देशों और व्यवसायों को वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने के लिए प्रेरित किया। ट्रम्प प्रशासन द्वारा फिर से टैरिफ़ लगाने के साथ, व्यापार युद्धों का दूसरा युग हमारे सामने है। चाहे पारस्परिक हो या सभी टैरिफ़, व्यापार युद्ध विश्व व्यापार को बहुत ज़्यादा बाधित करेंगे। व्यापार युद्ध अब सिर्फ़ बिक्री की वस्तुओं के बारे में नहीं रह गए हैं। वे प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और औद्योगिक नीति जैसे कारकों को प्रभावित करते हैं।**

# विश्व को नया आकार देने वाले भू-राजनीतिक रुझानों से निपटना


अमिताभ कांत

ट्रम्प प्रशासन अपने दूसरे कार्यकाल में टैरिफ और 'अमेरिका को फिर से महान बनाने' की नीतियों पर दोगुना जोर दे रहा है। ट्रम्प प्रशासन अतीत के गठबंधनों को फिर से परिभाषित और पुनर्लेखन करने का काम भी कर रहा है जिसकी गूंज यूरोप और एशिया में उनके सहयोगियों द्वारा महसूस की जा रही है। इन कदमों का उद्देश्य व्यापार संतुलन में सुधार और सार्वजनिक व्यय को कम करके अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। अमेरिका ने पेरिस समझौते व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से खुद को अलग कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से भी वह पहले ही अलग हो चुका है। ये कदम वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था में एक शून्य पैदा कर रहे हैं। यह शून्य लंबे समय तक नहीं रहेगा-इसे प्रतिस्पर्धी शक्तियों द्वारा भरा जाएगा। अमेरिका सबसे शक्तिशाली बना हुआ है और हम एक बार फिर एक बहध्रुवीय दुनिया का उदय देख रहे हैं। विखंडित वैश्वीकरण, तकनीकी वर्चस्व की लड़ाई, ऊर्जा की भू-राजनीति और ढहता वैश्विक शासन विश्व को नया आकार देने वाले प्रमुख भू-राजनीतिक रुझान हैं जिनसे भारत को निपटना होगा।

**वैश्वीकरण का विखंडन :** जैसा कि हम जानते हैं, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के युग में हमने जो वैश्वीकरण का युग देखा था, वह समाप्त होने वाला है। वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से, हमने वैश्वीकरण का विखंडन देखा है। व्यापार युद्धों ने इस विखंडन को और तेज़ कर दिया है। कोविड-19 महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारी व्यवधान पैदा किया और इसके फलस्वरूप देशों और व्यवसायों को वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने के लिए प्रेरित किया। ट्रम्प प्रशासन द्वारा फिर से टैरिफ़ लगाने के साथ, व्यापार युद्धों का दूसरा युग हमारे सामने है। चाहे पारस्परिक हो या सभी टैरिफ़, व्यापार युद्ध विश्व व्यापार को बहुत ज़्यादा बाधित करेंगे। व्यापार युद्ध अब सिर्फ़ बिक्री की वस्तुओं के बारे में नहीं रह गए हैं। वे प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और औद्योगिक नीति जैसे कारकों को प्रभावित करते हैं। देश ऊर्जा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्योगों में संरक्षणवाद और क्षमताओं का निर्माण करने का सहारा ले रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अधर में लटके होने के साथ, देश द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यापार समझौतों की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं। फ्रेंड-शोरिंग का उदय और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने का लक्ष्य भारत के लिए अवसर प्रस्तुत करता है। हम सही नीतियों, रणनीतिक द्विपक्षीय व्यापार सौदों और व्यापार सुगमता पर ध्यान केंद्रित करके विनिर्माण के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित कर सकते हैं।

**प्रौद्योगिकी : वैश्विक शक्ति के लिए युद्ध का मैदान-** प्रथम औद्योगिक क्रांति से लेकर चौथी तक वैश्विक शक्ति गतिशीलता को आकार




देने में प्रौद्योगिकी प्रमुख प्रेरक शक्ति रही है। आज के युग में, सेमीकंडेक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उभरती हुई प्रौद्योगिकियां प्रमुख प्रेरक शक्ति हैं। राष्ट्र तकनीकी संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए चिप निर्माण में अरबों रुपए डाल रहे हैं। एआई में देशों और कंपनियों से समान रूप से बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। साथ ही, साइबर युद्ध और एआई द्वारा उत्पन्न जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। साइबर युद्ध पूरे ऊर्जा ग्रिड को बाधित कर सकता है या भुगतान और बैंकिंग प्रणालियों को प्रभावित कर सकता है। एआई द्वारा संचालित भ्रामक सूचना चुनावों को बाधित कर सकते हैं और सामाजिक कलह को जन्म दे सकते हैं। एआई को दुनिया भर के समुदायों द्वारा आकार दिया जाना चाहिए, स्वामित्व में लिया जाना चाहिए और तैनात किया जाना चाहिए। हमें कुशलता से नवाचार करना चाहिए, कम से कम में अधिक करना चाहिए, ओपन सोर्स और सरल इंजीनियरिंग को बढ़ावा देना चाहिए और बहुभाषी और मल्टीमॉडल मॉडल बनाना चाहिए। वैश्विक समुदाय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी, नुकसान को सीमित करते हुए समावेशी हो। भारत मॉडल, जिसमें प्रौद्योगिकी का उपयोग विभाजन को बढ़ाने के बजाय उसे पाटने के लिए किया जाता है, दुनिया के लिए एक आदर्श हो सकता है।

**ऊर्जा की भू-राजनीति और ऊर्जा परिवर्तन :** स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव शक्ति गतिशीलता को फिर से परिभाषित कर रहा है। महत्वपूर्ण खनिजों (लिथियम, कोबाल्ट, दुर्लभ मृदा तत्वों) से समृद्ध राष्ट्र या इन महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को नियंत्रित करने वाले देश अधिक प्रभावशाली बन रहे हैं। आज, लगभग 70-80 प्रतिशत दुर्लभ मृदा तत्वों (आरईई) निष्कर्षण और प्रसंस्करण चीन द्वारा नियंत्रित किया जाता है। दुनिया के 80 प्रतिशत सौर सेल चीन द्वारा उत्पादित किए जाते हैं और इसी तरह लगभग 70 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी भी चीन द्वारा उत्पादित की जाती हैं। चीन पहले से ही तकनीकी अपनाने के मामले में आगे है, ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका पेरिस समझौते से बाहर हो गया है और इसके बजाय वह जीवाश्म ईंधन विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है। विकसित राष्ट्र पहले ही वैश्विक कार्बन बजट का 80 प्रतिशत हिस्सा खर्च कर चुके हैं और जी7 देशों से कोयले का चरणबद्ध तरीके से उन्मूलन अब 2030 के बजाय 2035 तक होगा। इसके अलावा, विकसित राष्ट्र विकासशील देशों को जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी प्रदान करने की अपनी जिम्मेदारी में विफल हो रहे हैं। इससे विकासशील देशों के लिए अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुत कम जगह बचती है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर हमारी दौड़ को वैश्विक गठबंधनों के नए रूपों की आवश्यकता है। देशों को अगली पीढ़ी के सौर पैनल, इलेक्ट्रोलाइज़र और वैकल्पिक सेल केमिस्ट्री (एसीसी) बैटरी जैसी तकनीक पर सहयोग करना चाहिए। भारत को निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अपने घरेलू इकोसिस्टम का निर्माण जारी रखना चाहिए। हमें प्रसंस्करण और शोधन के लिए क्षमताओं का विकास करते हुए महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए व्यापार साझेदारी भी सुरक्षित करनी चाहिए।

**बढ़ते वैश्विक संघर्ष के बीच ढहता वैश्विक शासन :** ऐसे समय में जब वैश्विक सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता है, हमारे पास जो संरचनाएं हैं, वे विफल हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। वैश्विक तापमान पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस के सीमा को पार कर चुका है। ग्लोबल साउथ, अपने प्रतिनिधित्व और अपनी प्राथमिकताओं दोनों के मामले में हाशिये पर है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गतिरोध बना हुआ है, विश्व व्यापार संगठन में विवाद समाधान तंत्र का अभाव है।

# संघ के कर्नाटक-मंथन में नये संकल्प-नयी दिशाएं

**दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में सभी स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे पूरे समाज को सज्जन शक्ति के नेतृत्व में एकजुट कर, दुनिया के सामने एक संगठित और सामंजस्यपूर्ण भारत का आदर्श प्रस्तुत करें। इसमें बैठक में मुख्य रूप से कहा गया है कि भारत एक प्राचीन और समृद्ध संस्कृति वाला देश है और इसमें एकजुट दुनिया बनाने का अद्भुत ज्ञान एवं सक्षमता है। आरएसएस ने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य पूरी मानवता को विभाजन और विनाश की प्रवृत्तियों से बचाना है और सभी जीवों के बीच शांति और एकता की भावना को बढ़ावा देना है।**


ललित गर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक अपने स्थापना के शताब्दी वर्ष प्रवेश के पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर बेंगलुरु में सफलतापूर्णक एवं ऊर्जामय माहौल में संपन्न हुई, जिसमें औरंगजेब विवाद, तीन-भाषा फॉर्मूला, परिसीमन और बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर चर्चा ने एक अपूर्व वातावरण का निर्माण किया। जिसमें दुनिया में शांति और समृद्धि लाने के तर्क पर एक सौहार्दपूर्ण और संगठित हिंदू समाज के निर्माण का आह्वान किया गया। इसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबोले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा महासचिव बीएल संतोष सहित आरएसएस से जुड़े 32 संगठनों के प्रमुखों ने भाग लिया। आरएसएस की स्थापना विशेष रूप से भारतीय हिन्दू समाज में राष्ट्रीयत्व भाव जागृत करने, हिन्दुओं को संगठित करने एवं हिन्दू समाज के बीच समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से हुई और इन सौ वर्षों में न केवल इन लक्ष्यों को हासिल किया गया है बल्कि अनेक रचनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियों एवं योजनाओं के साथ अपनी एक स्वतंत्र एवं अलग छवि का निर्माण किया है। इस वर्ष की वार्षिक बैठक न केवल विशेष बल्कि नवीन संकल्पों की वाहक बनी है, क्योंकि बैठक ने सकारात्मक क्रांतिकारी विचारों से न केवल राष्ट्र में सक्रिय नकारात्मक एवं अराष्ट्रीय ताकतों को सख्त संदेश दिया गया बल्कि पडौसी बांग्लादेश-पाकिस्तान-चीन आदि देशों की कुचेष्टाओं के लिये ललकारा भी गया एवं सावधान भी किया गया है। अठहत्तर वर्ष की देहरी पर खड़े होकर राष्ट्र के अतीत को देखा-परखा जाए तो ऐसा लगता है कि अब राष्ट्र का कायाकल्प हो रहा है। मूलभूत आस्थाओं एवं राष्ट्रीयता के दृढ़ीकरण के साथ देश में जो नई चेतना आई है, वह संघ जैसे शक्तिशाली संगठन का जीवंत साक्ष्य है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी-भावना, हिन्दू-संस्कृति के ऊर्जा के अक्षय स्रोतों की खोज में जो प्रयत्न किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। जन-आकांक्षा के अनुरूप राष्ट्र को जिस युगीन परिवेश में प्रस्तुति दी जा रही है, वह असाधारण है। इन सब परिवर्तनों-परिवर्धनों एवं राष्ट्र को सशक्त करने के बावजूद संघ की सादगी का सौन्दर्य निराला है और कर्नाटक बैठक इसी सादगी के सौन्दर्य के अनूठेपन को लिये हुई थी।

दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में सभी स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे पूरे समाज को सज्जन शक्ति के नेतृत्व में एकजुट कर, दुनिया के सामने एक संगठित और सामंजस्यपूर्ण भारत का आदर्श प्रस्तुत करें। इसमें बैठक में मुख्य रूप से कहा गया है कि भारत एक प्राचीन और समृद्ध संस्कृति वाला देश है और इसमें एकजुट दुनिया बनाने का अद्भुत ज्ञान एवं सक्षमता है। आरएसएस ने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य पूरी मानवता को




विभाजन और विनाश की प्रवृत्तियों से बचाना है और सभी जीवों के बीच शांति और एकता की भावना को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, आरएसएस ने हिंदू समाज को अपने वैश्विक उत्तरदायित्व को पूरा करने के लिए संगठित और सामूहिक जीवन की आवश्यकता पर बल दिया है, जो 'धर्म' पर आधारित आत्मविश्वास से भरा हो। साथ ही बैठक में पारित प्रस्तावों में यह भी कहा गया कि सभी प्रकार के भेदभावों को खारिज कर, एकजुट आचरण और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाते हुए हमें एक आदर्श समाज का निर्माण करना चाहिए। यह समाज भौतिक समृद्धि के साथ-साथ आध्यात्मिकता से भी परिपूर्ण होगा, जो समाज की समस्याओं का समाधान करेगा और चुनौतियों को कम करेगा। इस वर्ष की बैठक का हर बोल अनमोल है, हर चरण एक मंजिल है, हर संकल्प नये भारत-सशक्त भारत की दिशा है और हर क्रिया एक सन्देश है। संघ का जीवन और दर्शन, विचार और सोच अन्तरमन को कुरेदने वाली ऐसी प्रेरणा है जो जागृत अवस्था में सोने वाले लोगों का झकझोर देती है।

इस बैठक की खास बात यह रही है कि इसमें संघ की तरफ से भाजपा के बारे में सीधे सवालों से दूरी बनाए रखी गयी। हालांकि, परिसीमन के मुद्दे पर दक्षिण के राज्यों में सीटें कम नहीं होने को लेकर भाजपा को संदेश भी दे दिया। परिसीमन को लेकर संघ ने साफ कहा कि दक्षिणी राज्यों का लोकसभा में अनुपात वही रहेगा। इसके साथ ही संघ ने तीन-भाषा फार्मूले पर संतुलित रुख बनाए रखा गया। ऐसे समय में जब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार त्रिभाषा फार्मूले को लेकर असमंजस में हैं, आरएसएस ने इस विवाद को दरकिनार करते हुए मातृभाषा, व्यक्ति के निवास स्थान की क्षेत्रीय भाषा तथा करियर की भाषा, जो अंग्रेजी या कोई अन्य भाषा हो सकती है, के उपयोग की वकालत की है। संघ ने महाराष्ट्र में मुगल बादशाह औरंगजेब को लेकर चल रहे विवाद को लेकर मुगल शासक की तीव्र एवं तीखी आलोचना की। खास बात यह देखने को मिली कि संघ की तरफ से औरंगजेब की आलोचना के साथ ही उसके भाई दारा शिकोह का जश्न भी मनाया, क्योंकि दारा शिकोह सामाजिक सद्भाव में विश्वास करने वाला व्यक्ति था। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत के मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों को आदर्श बनाया गया था। औरंगजेब 'भारत के लोकाचार' के खिलाफ था और अगर वैसी ही 'आक्रमणकारी मानसिकता' अभी भी मौजूद है तो यह देश के लिए खतरा है। जो इस भूमि की सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने की कुचेष्ठा भी है। निश्चित ही इस तरह कोई विकृत संस्करण या नैरेटिव प्रस्तुत करना चाहता है, तो उसका मुकाबला किया ही जाना चाहिए।

कर्नाटक बैठक की टंकार में संघ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। 'बांग्लादेश के हिन्दू समाज के साथ एकजुटता से खड़े होने का आह्वान' शीर्षक वाले एक प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय ताकतों और 'अमेरिका में डीप स्टेट' के प्रयासों का उल्लेख किया गया। संघ ने स्पष्ट किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की जिम्मेदारी भारत की है और 'हम इस कर्तव्य से बच नहीं सकते।' निश्चित ही धार्मिक संस्थानों पर व्यवस्थित हमलों, क्रूर हत्याओं, जबरन धर्मांतरण और हिन्दुओं की संपत्तियों को नष्ट करने के चक्र ने बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर दिया है। इसलिये संघ द्वारा धार्मिक असहिष्णुता और मानवाधिकारों के उल्लंघन के इन कृत्यों की कड़ी निंदा की गई है और वैश्विक समुदाय से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। इस बैठक ने हिन्दुओं को आश्वस्त किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के भविष्य में कोई मुश्किल स्थिति आती है, तो हम पीछे नहीं हट सकते। अगर ऐसी स्थिति आती है, तो हम उसका समाधान करेंगे। भाजपा के नये अध्यक्ष के चयन को लेकर भी संघ ने स्पष्ट किया कि भाजपा के नए अध्यक्ष के चयन को लेकर उसका पार्टी के साथ कोई मतभेद नहीं है।

# पत्रकारों के अधिकार: अभिव्यक्ति की आज़ादी और सीमाएं

**नुच्छेद 21 बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। मानहानि कानून यदि किसी पत्रकार के खिलाफ झूठा मुकदमा किया जाता है, तो वह न्यायालय में अपनी रक्षा कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले कई मामलों में अदालतों ने पत्रकारों की स्वतंत्रता की रक्षा की है।**


हिफजुर्रहमान

पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मानी जाती है, क्योंकि यह जनता और सत्ता के बीच सूचना का पुल बनाने का कार्य करती है। एक पत्रकार का मुख्य कर्तव्य होता है सत्य को उजागर करना, सत्ता से सवाल पूछना और समाज को निष्पक्ष रूप से जानकारी देना। इसके लिए पत्रकारों को कई संवैधानिक और कानूनी अधिकार प्राप्त हैं, जो उन्हें स्वतंत्र और निर्भीक होकर काम करने में मदद करते हैं। हालांकि, इन अधिकारों के साथ कुछ कानूनी प्रतिबंध और जिम्मेदारियाँ भी होती हैं, जिनका पालन करना आवश्यक होता है।

**अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता :** हमारे संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) पत्रकारों को अपनी राय व्यक्त करने, समाचार रिपोर्ट करने और सत्ता की आलोचना करने का अधिकार देता है। यह अधिकार उन्हें यह सुनिश्चित करने की शक्ति देता है कि सत्ता में बैठे लोग जनता के प्रति जवाबदेह रहें।

**किन मुद्दों पर हैं प्रतिबंध :** हालांकि, यह स्वतंत्रता पूर्णतः असीमित नहीं है। अनुच्छेद 19(2) के तहत कुछ प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। जैसे राष्ट्र की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना, मानहानि से बचाव, अदालत की अवमानना तथा धार्मिक सौहार्द आदि को बनाए रखना है इसका मतलब यह है कि कोई भी पत्रकार किसी व्यक्ति, संस्था या सरकार के खिलाफ झूठी या भ्रामक सूचना प्रसारित नहीं कर सकता।

**प्रेस की स्वतंत्रता :** संविधान में अलग से 'प्रेस की स्वतंत्रता' का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का ही हिस्सा माना गया है। इसके तहत पत्रकारों को यह अधिकार मिलता है कि वे सरकार, प्रशासन, राजनीति, समाज, अर्थव्यवस्था आदि पर खुलकर रिपोर्टिंग कर सकें।

**प्रेस की स्वतंत्रता में क्या शामिल है :** सरकार की आलोचना करने का अधिकार, सरकार से सूचना मांगने का अधिकार, प्रेस को सेंसर न करने की गारंटी, स्वतंत्र रूप से समाचार पत्र और डिजिटल मीडिया चलाने की अनुमति। हालांकि, आपातकाल जैसी परिस्थितियों में सरकार प्रेस की स्वतंत्रता पर अस्थायी रोक लगा सकती है, जैसा कि 1975 में हुआ था।

**सूचना पाने का अधिकार :** पत्रकारों को सूचना का अधिकार (आटीआई) का उपयोग करने का भी हक है। इसके जरिए वे सरकारी विभागों, नीतियों, फंडिंग, परियोजनाओं और फैसलों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



**सूचना स्त्रोत की गोपनीयता :** एक पत्रकार का महत्वपूर्ण अधिकार यह भी है कि वह अपने सूत्रों की पहचान को गुप्त रख सके। यह अधिकार पत्रकारों को यह सुनिश्चित करने के लिए दिया गया है कि वे किसी डर या दबाव के बिना निष्पक्ष रिपोर्टिंग कर सकें। हालांकि, कुछ मामलों में, जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों में, अदालतें पत्रकार से सूत्र का खुलासा करने के लिए कह सकती हैं।

**मनमानी गिरफ्तारी से सुरक्षा :** कोई भी पत्रकार यदि सरकार, प्रशासन या किसी प्रभावशाली व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्टिंग करता है, तो कई बार उसे डराने-धमकाने या गलत तरीके से गिरफ्तार करने की कोशिश की जाती है।

**संविधान में सुरक्षा :** अनुच्छेद 21 बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। मानहानि कानूनयदि किसी पत्रकार के खिलाफ झूठा मुकदमा किया जाता है, तो वह न्यायालय में अपनी रक्षा कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले कई मामलों में अदालतों ने पत्रकारों की स्वतंत्रता की रक्षा की है।

**डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया पर पत्रकारों के अधिकार :** अब पत्रकारिता सिर्फ अखबारों और टीवी तक सीमित नहीं है। डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण पत्रकारों को ऑनलाइन रिपोर्टिंग का अधिकार भी मिला हुआ है। आईटी एक्ट 2000 और डिजिटल मीडिया नियम, 2021 के तहत पत्रकार सोशल मीडिया पर रिपोर्टिंग कर सकते हैं, लेकिन फर्जी खबरें फैलाने या किसी की छवि खराब करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है।

### पत्रकारों के अधिकारों पर कानूनी प्रतिबंध

कुछ मामलों में पत्रकारों को सीमाओं का पालन करना पड़ता है। उनके अधिकारों पर रोक तब लगाई जा सकती है जब, राष्ट्र की सुरक्षा से संबंधित संवेदनशील जानकारी लीक की जाए (ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट, 1923)। सांप्रदायिक हिंसा भड़काने वाली खबरें चलाई जाएं। किसी व्यक्ति या संस्था की छवि खराब करने के लिए झूठी खबरें प्रकाशित की जाएं अदालत की अवमानना हो। पत्रकारों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतंत्रता, सूचना पाने का अधिकार, स्रोतों की गोपनीयता और गिरफ्तारी से बचाव जैसे कई कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। ये अधिकार उन्हें निडर और निष्पक्ष रिपोर्टिंग करने की ताकत देते हैं। हालांकि, इन अधिकारों का प्रयोग जिम्मेदारी, नैतिकता और कानून के दायरे में रहकर करना आवश्यक है। यदि पत्रकार सत्य, निष्पक्षता और समाज के हित में कार्य करते हैं, तो संविधान और न्यायपालिका उनके अधिकारों की रक्षा करती है। पत्रकारिता की स्वतंत्रता ही लोकतंत्र की असली ताकत है, और इसे बचाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

# राणा सांगा टिप्पणी विवाद पर एलयू में भड़का जनाक्रोश

अवधनामा संवाददाता



छात्रों ने फूंका सपा सांसद का पुतला

**लखनऊ।** लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्रसंघ बहाली मोर्चा ने मंगलवार को गेट-1 पर सपा सांसद के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्रों ने सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला फूंका और कहा कि सपा नेता हिन्दू विरोधी हैं।

दरअसर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन के शुक्रवार को राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने पर हंगामा मचा हुआ है। उन्होंने कहा भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है।

आखिर, बाबर को लाया कौन। इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। इस बयान का चौतरफा विरोध हो रहा है।

छात्रसंघ बहाली मोर्चा के सदस्यों ने सपा नेता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला जलाने के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच काफी झड़प भी हुई। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कहा कि सनातन धर्म के रक्षक युवाओं के मार्गदर्शक का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही हमारी मांग है कि रामजी लाल तत्काल माफी मांगें। अगर वह माफी नहीं मांगते हैं तो सरकार उनपर 24 घंटे के अंदर सख्त कार्रवाई करे। फिलहाल प्रदर्शन कर रहे छात्रों को हिरासत में लेकर पुलिस ने ईको गार्डन भेज दिया।

## चोरी करने की नीयत से घर में घुसे बदमाश, आहट मिलते ही किसान ने मचाया शोर

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली अंतर्गत भेदुवा गांव में सोमवार देर रात उस वक्त दहशत का माहौल कायम हो गया। जब चोरी करने की नीयत से कुछ बदमाश एक किसान के घर में घुसे गए। बदमाशों की चहल-कदमी की आहत भांप घर के लोगों की नींद खुल गई। जिसे बाद किसान और उसके परिवारिक सदस्य शोर मचाने लगे। इस पर एक बदमाशों ने फायरिंग कर ली। हालांकि, छर्रे लगने से बदमाशों का एक साथी जख्मी हो गया। इस बीच बदमाश घायल साथी को लेकर वहां से भाग निकले। बदमाश का खून किसान की छत व घर से 100 मीटर दूर सड़क तक मिला है।

एसीपी रजनीश वर्मा के मुताबिक, भेदुवा गांव निवासी किसान गंगाराम वर्मा ने रात सवा दो पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी थी कि चोरी करने के इरादे से घर में घुसे बदमाश फायरिंग कर वहां से भाग निकले। सूचना मिलते ही आलाधिकारियों ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। इस दौरान बदमाश का खून किसान की छत व घर से 100 मीटर दूर सड़क तक मिला है।

# 'टीबी को खत्म करने के लिए टीम के रूप में काम करें'

अवधनामा संवाददाता



जागरूकता रैली निकालकर की गई कार्यक्रम की शुरुआत

**लखनऊ।** विश्व टीबी दिवस को एराज मेडिकल कॉलेज, एरा विश्वविद्यालय, लखनऊ के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग द्वारा 24 मार्च को मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एरा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर डॉ अब्बास अली महदी थे और किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डॉ सूर्य कांत अतिथि वक्ता थे। कार्यक्रम की शुरुआत एक जन जागरूकता रैली निकालकर की गई, जिसके बाद एरा विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय भवन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एराज मेडिकल कॉलेज के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ असना खान ने सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया और दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत की। एराज मेडिकल कॉलेज के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रचित शर्मा ने फ़िर इस सत्र में शामिल होने के लिए सभी का धन्यवाद किया डॉ. के.बी. गुप्ता ने क्षय रोग के इतिहास, उपचार और रोकथाम पर बहुत ही ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। इसके बाद नर्सिंग विभाग के विद्यार्थियों द्वारा क्षय रोग के बारे में जागरूकता लाने के लिए एक छोटा सा रोल प्ले किया गया, जिसे दर्शकों और सम्मानित अतिथियों ने खूब सराहा। एरा यूनिवर्सिटी लखनऊ के एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चिकित्सा शिक्षा निदेशक और रेस्पिरेटरी मेडिसिन के प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने क्षय रोग से निपटने में देश की शानदार प्रगति के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि डॉट्स के तहत प्रभावी उपचार से अब तक लगभग 80 मिलियन क्षय रोग से पीड़ित रोगियों को कैसे ठीक किया जा सका है और दर्शकों से अनुरोध किया कि वे इस कलंक को समाज से हटाने के लिए रोगियों और उनके तीमारदारों को परामर्श देने के लिए एक मिशन मोड में एक टीम के रूप में काम करें और तभी हम इस देश से टीबी को खत्म कर सकते हैं। एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रिंसिपल और सीएमएस प्रोफेसर डॉ. जमाल मसूद ने क्षय रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग को बधाई दी और कहा कि हम निश्चित रूप से टीबी को खत्म करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक टीम के रूप में काम करेंगे। एरा यूनिवर्सिटी, लखनऊ के प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ) ए ए महदी ने इस बात पर जोर दिया कि सफ्लता की कुंजी प्रारंभिक पहचान और प्रारंभिक उपचार है और उन्होंने उपचार की सफ्लता में अच्छे पौष्टिक आहार की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी बात की। फिर उन्होंने हमारे अतिथि वक्ता, प्रोफेसर (डॉ) सूर्यकांत, विभागाध्यक्ष, रेस्पिरेटरी मेडिसिन, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ को ष्क्षय रोग के खिलाफ 100 दिन का अभियानष् पर अपना व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया। प्रो सूर्यकांत ने हमारे देश में तपेदिक की घटनाओं को कम करने में की गई प्रगति और कैसे डब्ल्यूएचओ ने इस असाधारण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत को बधाई दी है, और एक व्यावहारिक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि भले ही हम अच्छा कर रहे हैं लेकिन फिर भी हम अपने इच्छित लक्ष्य से बहुत दूर हैं और इसलिए हम सभी को अपने देश से तपेदिक को खत्म करने के सपने को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।

# दबंगो का तांडव, एमए की छात्रा को मौत के घाट उतारा

अवधनामा संवाददाता

दो पक्ष के झगड़े में चली गयी युवती की जान

**सुल्तानपुर।** छोटी घटनाएं कैसे बड़ी बनती जा रही हैं इसका ताजा उदाहरण गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मुंगर गांव में देखने को मिला ।जहां दो पक्ष के झगड़े में तीसरी पार्टी को निशाना बना लिया गया।पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि गांव में उनकी बिटिया(एमए की छात्रा रही) अंशिका वर्मा को आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने पहले अगवा किया और उठाकर ले गए और मारपीट के मरणासन्न कर दिया। मौके पर घायल बिटिया को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां तकरीबन दोपहर 3:00 बजे उसने दम तोड़ दिया। इस घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। इस बाबत जब पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी और एडिशनल एसपी समेत तमाम अधिकारियों से जब वार्ता करनी चाही तो ज्यादातर जिम्मेदार या तो नॉट रिचेबल रहे या फोन मातहतों को पकड़ा दिया।मामले से हर कोई पल्ला झाड़ते रहे।हत्याकांड में ऐसा दिखा कि चाहे जयसिंहपुर सीओ रहे, चाहे कादीपुर उन दोनों ने बताया कि घटना छेत्र के फौरी प्रभारी बल्दीराय सीओ हैं और उन्होंने भी घटना की ब्रीफिंग को लेकर मीडिया से मामले से दूरी बनाई रखी। हालांकि जिला अस्पताल में पीड़ित परिजनों का जमावड़ा लगा हुआ है। हर कोई सिस्टम को कोस रहा है। लोगों का तो यह भी कहना है यह झगड़ा करीब 10 दिन से चल रहा है। जिसमें राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की लापरवाही देखने को मिल रही। बेबस और लाचार परिजनों ने आरोप लगाया कि सिस्टम की लापरवाही के कारण आज हत्या हो गई है।

## गुजरे आठ वर्ष लोकतंत्र के लिए शर्मनाक रहे

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने योगी आदित्यनाथ सरकार के रिपोर्ट कार्ड को खारिज करते हुए कहा है कि गुजरे आठ वर्ष लोकतंत्र के लिए शर्मनाक रहे। बुल्डोजर-एनकाउंटर राज से देश के संविधान को सर्वाधिक क्षति पहुंची है। प्रदेश फासीवाद की प्रयोगशाला बन गया है।

पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने कहा कि संविधान पर उपस्थित खतरे के कारण ही उत्तर प्रदेश में 2024 के आम चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री का नफरती व विध्वंसकारी बुल्डोजर संविधान व न्यायपालिका की धज्जियां उड़ाते हुए मुस्लिमों सहित गरीबों के आशियाने और आजीविका को पूरे प्रदेश में रौंद रहा है। असहमति पर बुल्डोजर चल रहा है। अभिव्यक्ति की आजादी और नागरिक व लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले हो रहे हैं। माले नेता ने कहा कि सोमवार को प्रदेश सरकार इधर अपना रिपोर्ट कार्ड जारी कर रही थी।

# केएनआई मे संचालित एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** केएनआईपीएसएस मे संचालित एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम का समापन दिन सोमवार को हुआ। विशेष शिविर के समापन सत्र शुभारंभ संस्थान प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर राधेश्याम सिंह द्वारा मां सरस्वती व संस्थान संस्थापक बाबू के.एन.सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम प्रगति मे एन एस एस स्वयंसेविका निधि उपाध्याय ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की एवं सभी कार्यक्रम अधिकारीगण प्राचार्य सहित

मुख्य व विशिष्ठ अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मंच संचालक डॉ अजीत कुमार सिंह के आह्वान एनएसएस स्वयंसेवको द्वारा बहुरंगी सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत की गयी। इन गतिविघियों की शुरुआत प्रतीक्षा केएनएसएस गीत से हुई। इस प्रस्तुति मे भूमिका प्रिया ने मैथिली शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को पुरे उल्लास से भर दिया।

आज की प्रस्तुति मे तनू आदित्य प्रताप विकास कुमार एवं आलोक विश्वकर्मा के समूहो द्वारा महिला सशक्तिकरण सहित चार सामाजिक बिन्दुओं पर लघु नायिका प्रस्तुत की गई। सभी प्रस्तुत नाटिका मे महिला सशक्तिकरण संदर्भित नाटिका को बेहतरीन प्रस्तुति का पुरस्कार संस्थान प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम मे अभिनव सिंह व मुस्कान के समूह ने क़व्वाली प्रस्तुत कर लोंगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी क्रम में शिबा शफीक की नज्म प्रस्तुत करने के साथ-साथ राष्ट्रीय गीत लोकगीत एवं एकल नृत्य स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से सम्पादित प्रतिदिन की गतिविधियों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत किया। तदुपरांत मंच संचालक के आह्वान पर उपप्राचार्य प्रोफेसर राधेश्याम सिंह ने अपने आशिर्वचन में स्वयंसेवको को समाजिक दायित्व निर्वहन के साथ साथ स्वावलंबी होने की सलाह दी।

## संक्षिप्त समाचार

### 29 मार्च को होगा विराट कवि सम्मेलन

**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नगर के चौक घंटाघर पर विराट कवि सम्मेलन 29 मार्च को आयोजित किया गया है। शहर के चौक घंटाघर स्थित ठठेरी बाजार में 13वां विराट कवि सम्मेलन पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की तरफ से आयोजित किया जाएगा। प्रख्यात कथावाचक आचार्य शांतनु महाराज सम्मेलन की शोभा बढ़ाएंगे। पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह भी कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे हैं। यह जानकारी पालिका अध्यक्ष के करीबी समर्थक हनुमान त्रिपाठी द्वारा दी गई।

### फिर चर्चा में आए सीएमओ डॉ ओपी चौधरी

**सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जनपद के बहुचर्चित जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश चौधरी सेवानिवृत होने से पहले एक



बार फिर से चर्चाओ की सुर्खियों में आ गए हैं। हाल ही में सफाई और लांड्री कार्य के लिए हुए टेंडर में कई फर्म को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। अत्यंत चिंतनीय विषय यह है कि विशेष रूप से अयोध्या मंडल के फर्मो को टेंडर प्रकिया में भाग लेने की अनुमति दी गई। जबकि सूत्रों की माने तो आरोप ये भी है कि दक्षता प्रणाम पत्र की जांच किए बगैर ही टेंडर का सीधे लाभ दिया गया है। साथ ही सीएमओ श्री डॉ. चौधरी पर सीएचसी पर ठेके के तहत चल रहे दर्जनों वाहनों में भी बड़ा खेल का मामला प्रकाश में आता है। सीएमओ की गैर कानूनी कारगुजारियों को लेकर पत्रकार बृजेश उपाध्याय ने आरटीआई का सहारा लिया है। इसका जवाब मिलने पर स्वास्थ्य विभाग में चल रहे बड़े भ्रष्टाचार से पर्दा उठ सकता है। बता दें कि कुछ दिनों पूर्व में डिप्टी सीएम ने भ्रष्टाचार से जुड़े मामले के विरुद्ध जांच के आदेश दिए थे। जो कि सोशल मीडिया पर काफी चर्चा का विषय बना रहा। ऐसी दशा के योगी सरकार की मंशा पर पानी फेरने में कोई कसर न छोड़ने वाले सीएमओ डॉ. चौधरी का प्रकरण जनपद में पुनः चर्चाओ का माहौल बना दिया है।

### सुल्तानपुर में 08 वर्ष सरकार कायक्रम हुआ आयोजित



**सुल्तानपुर।** कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री ओपी राजभर पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल राम नरेश त्रिपाठी सभागार में लगे स्टाल का निरीक्षण किया। राम नरेश त्रिपाठी सभागार में कादीपुर विधायक राजेश गौतम,नगर विधायक विनोद सिंह, जिला अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, डॉ आरए वर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व कोआपरेटिव चेयर मैंन योगेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश मिश्र, डीएम कुमार हर्ष, एसपी कुंवर अनुपम, सीडीओ अंकुर कौशिक, सीएमओ, एडीएम एस सुधाकरन, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह, डीडीओ अजय पांडे,रेखा निषाद, पूजा कसौधन, रेनू तिवारी आदि मौजूद रहे।

### अभ्यर्थियों ने किया यूपीएसएसएससी दफ्तर का घेराव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आरटीआई अनुदेशक की भर्ती का परिणाम न घोषित होने से अभ्यार्थियों में काफी आक्रोशित देखने को मिला। मंगलवार की सुबह लखनऊ स्थित यूपीएसएसएससी कार्यालय का घेराव किया गया। अभ्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया साथ ही जल्द ही परिणाम को जल्द से जल्द घोषित करने की मांग की। इस मौके पर 150 से अधिक अभ्यर्थी विभूतिखंड स्थित पीआईसी-यूपी भवन पर स्थित यूपीएसएसएससी कार्यालय पहुंचे। सूचना पर भारी संख्या में पुलिस बन मौके पर तैनात किया गया है। अधिकारी लगातार प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों से बात करके उन्हें शांत करने का प्रयास कर रहे हैं और जल्द ही इसका समाधान करने का आश्वासन दे रहा है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने बताया कि पीईटी 2021 में 2406 पदों पर आरटीआई अनुदेशक की पदों पर भर्ती निकली थी। परीक्षा कब का संपन्न हो गई है। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन भी हो गया है। इसके बाद भी आज तक परिणाम नहीं घोषित किया जा रहा है। हर बार यह कह दिया जाता है कि जल्द से जल्द रिजल्ट घोषित होगा।

# सांसद राजा लाल सुमन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला फूंका

अवधनामा संवाददाता



**मढ़न/असमोली (संभल)।** क्षेत्र के ग्राम गुमसानी में भाजपा युवा मोर्चा रितिक राजपूत के नेतृत्व में सैकड़ों युवा उपस्थित हुए समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ पुतला फूंककर विरोध जताया। आक्रोशित लोगों ने समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद,रामजी लाल सुमन मुर्दाबाद,रामजीलाल सुमन माफी मांगो,वीर योद्धाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे स्लोगन के साथ प्रदर्शन किया

जिला अध्यक्ष करणी सेना एवं मंडल उपाध्यक्ष भाजपा रितिक राजपूत ने कहा, है कि रामजी लाल सुमन के बयान से हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं, रितिक राजपूत ने कहा है कि महापुरुष किसी जाति के लिए नहीं अपितु राष्ट्र और धर्म रक्षा के लिए लड़े और वीरगति को प्राप्त हुए। क्या आज़ाद भारत में इन शूरवीरों के सम्मान की रक्षा की जिम्मेदारी नहीं होनी चाहिए। रितिक राजपूत न कहा है कि अपने ही देश प्रदेश में महापुरुषों का लगातार अपमान व गौरवशाली इतिहास से साज़िशन खिलवाड़ हो रहा है ऐसे लोगो के खिलाफ सरकार को सख्त से सख्त कार्यवाही करनी चाहिए कोई भी हमारे महापुरुषों को कुछ भी बोल देता है यह पूर्ण रूप से गलत है इसके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

रितिक राजपूत ने बताया, राणा सांगा हमारे देश के महान योद्धा थे, उन्होंने लगभग 100 युद्ध लड़े, जिनमें से अधिकांश में उन्होंने विजय प्राप्त की। इस प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष रितिक राजपूत, राकेश कुमार क्षत्रिय संघ, शिवकुमार, मनी पाल ठाकुर, सुनील ठाकुर, विजय राठौर, पंकज सिंह, विनीत पाल,राहुल राजपूत, आकाश सिंह, प्रशांत ठाकुर, हर्ष ठाकुर, चक्रेश सिंह,राजू ठाकुर, अमन ठाकुर, अनिल ठाकर, सुमित कुमार, अमन राघव, अंकित ठाकुर, राजकुमार, प्रिंस ठाकुर, राहुल सिंह, रॉबिन ठाकुर,राम ठाकुर, हर्षित ठाकुर, ललित प्रजापति प्रियांशु, चिराग, हिमांशु, गोलू, प्रिंस, शिवम कई भाजपा कार्यकर्ता एवं करणी सेना के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टीएमयू इंटर्नल हैकाथॉन में क्लैरा टीम विजेता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज़ एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉज़ी-सीसीएसआईटी में एमसीए विभाग की ओर से आयोजित दो दिनी इंटर्नल हैकाथॉन में बीटेक आईबीएम के स्टुडेंट्स शाश्वत मल्होत्रा, प्रणय कोचर, संयम जैन और बीटेक एआई की दीक्षा जैन, अनुभव जैन, अदिति भारद्वाज की टीम क्लैरा विजेता रही। बीसीए के स्टुडेंट्स ललित कुमार, मोहम्मद अली, नितिन कुमार और कृष्णा शर्मा की टीम क्लैंक्स को द्वितीय, जबकि बीटेक-सीएसई के आशुतोष कुमार, मो. फैज, अनमोल रजनीश, संयम जैन, आनंद कुमार, आदर्श कुमार की टीम बाइनरी बीस्ट को तृतीय स्थान पर रही। क्लैरा टीम ने समस्या कथन- एआई-आधारित परीक्षा तैयारी सहायक को हल किया। टीम ने व्यक्तिगत परीक्षा की तैयारी के लिए एक अभिनव एआई-संचालित समाधान प्रस्तुत किया।

# भाजपा मनाएगी आठ वर्षों की उपलब्धियों का उत्सव

अवधनामा संवाददाता

14 अप्रैल तक पार्टी विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए गिनाएगी सरकार की उपलब्धियां

**सुलतानपुर।** भाजपा भी योगी सरकार के आठ वर्षो की उपलब्धियों का उत्सव मनाएगी। सरकार की अपराध पर जीरो टालरेंस की नीति, गांव, गरीब, व युवाओं के सामाजिक व आर्थिक उन्नति को समर्पित सरकार की योजनाएं समेत अंत्योदय की नीति आदि को लेकर भाजपा जनता के दरबार में जाएगी। भाजपा 25 मार्च से 14 अप्रैल तक जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आठ वर्ष की उपलब्धियों के साथ जनसंवाद करेगी। अभियान की दृष्टि से मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में वर्चुअल कार्यशाला आयोजित की गई।अभियान के लिए जिला स्तर पर पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य को जिला संयोजक बनाया गया है। इस दौरान सभी विधानसभाओं में विधायकों/ एमएलसी द्वारा तहसील मुख्यालयों पर प्रेस वार्ता की जाएंगी। जिला स्तर पर लाभार्थी मेले आयोजित किए जाएंगे। घर-घर संपर्क के माध्यम से भी सरकार की योजनाओं तथा साहसिक व ऐतिहासिक निर्णयों को पहुंचाया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा स्तर पर विकास गोष्ठियां भी आयोजित की जाएंगी। 6 पार्टी का स्थापना दिवस बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। जिला स्तर पर प्रबुद्धवर्ग के बीच सम्मेलनों के माध्यम से सरकार की आठ वर्ष की उपलब्धियों पर संवाद किया जाएगा। वहीं, ग्राम सभा स्तर पर महिला मोर्चा महिलाओं के बीच पहुंचकर संवाद करेगी। युवा मोर्चा बाइक रैली निकालेगा। 14 अप्रैल बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर जयंती पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा तथा स्वच्छता कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे।

# सदका ए फितर अदा करने के बाद ही पढ़े ईद की नमाज

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** रमज़ान के पवित्र महीने में मुस्लिम बंधु जमकर इलाही को राजी करने में जुटे हुए हैं। रमजान का तीसरा अशरा चल रहा है। यानी अब केवल 5 दिन के रोजे और बाकी है। इसके बाद ईद का चांद भारत में 30 या 31 मार्च को नजर आ सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ईद की नमाज से पहले हर मुस्लिम को एक काम करना जरूरी होता है। वरना उसकी ईद की नमाज कुबूल नहीं होती है। सदका ए फितर अदा करने के बाद ही आप ईद की नमाज पढ़ सकते हैं। जकात केवल मालदार के लिए हैं, लेकिन फितरा हर मुसलमान के लिए अदा करना वाजिब है। तो चलिए रमजान के महीने में फितरा कैसे अदा करें और किसे दे इस बारे में जान लेते हैं।

सदका ए फितर वाजिब है, हर साहिबे निसाब मुसलमान पर मर्द हो या औरत छोटा हो या बड़ा आजाद हो या गुलाम, सदका ए फितर फकीरों और मोहताजों को देना अफजल है! यह ईद की नमाज से पहले पहले अदा करना जरूरी है? इसका मकसद कमजोर और गरीब मुफलिस और नादर लोगों को अपनी खुशियों में शामिल करना है! इसकी मीकदार कुछ इस तरह है! गेहूं या जो पौने दो सेर, किशमिश खजूर या छुआरा सवा तीन सेर, पनीर साढे तीन सेर, फितरा अपनी हैसियत के हिसाब से दें! आवाम के लिए सबसे कम रकम फितरे की 70 ओलामा ने तय की है! जो गेहूं की कीमत है! जबकि जो की कीमत 140 रुपए किशमिश खजूर या छूआरे की कीमत 840 रुपए और पनीर की कीमत 1050 रुपए रखी गई है।

# मेधावी छात्र समाज के भविष्य निर्माता : गीता

अवधनामा संवाददाता





'डिवाइन कान्फ्रेन्स' में सम्मानित हुए सीएमएस छात्र

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस द्वारा आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेस' में विद्यालय के मेधावी छात्रों को सार्वजनिक रूप से प्रशिस्त पत्र, मेडल व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस भव्य समारोह में सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने उन मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. किंगडन ने कहा कि यह मेधावी छात्र समाज के भविष्य निर्माता हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भावी पीढ़ी में प्रारम्भ से ही चारित्रिक उत्कृष्टता की सुदृढ़ नींव रखी जानी चाहिए। छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए प्रो. किंगडन ने कहा कि अपनी रूचि के क्षेत्रों में पूरे मनोयोग तथा एकाग्रता के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करें।

इससे पहले, समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने स्कूल प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना, विश्व एकता प्रार्थना, गीत-संगीत, नृत्य, भाषण, लघु नाटिका, नुक्कड़ नाटक आदि विभिन्न शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा बिखेरकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या मंजीत बत्रा ने कहा कि आज का बालक एक वैज्ञानिक युग में जी रहा है। विज्ञान की तेज प्रगति ने प्रत्येक बालक में कुछ नया कर दिखाने का जज्बा भर दिया है। ऐसे में जरूरी है कि छात्रों को प्रारम्भ से ही डिवाइन एजुकेशन प्रदान कर उनमें वैश्विक दृष्टिकोण का विकास किया जाये। प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता बनर्जी ने अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

आज सी.एम.एस. चौक कैम्पस द्वारा भी 'डिवाइन एजूकेशन कान्फ्रेस' का भव्य आयोजन सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया गया। समारोह का शुभारम्भ सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए डा. गाँधी ने कहा कि हमें बच्चों को गुड एण्ड स्मार्ट अर्थात मार्डन महान बनाना है, जो आधुनिक व्यक्तित्व व जीवन शैली के साथ ही उच्च जीवन मूल्यों व चारित्रिक उत्कृष्टता में अग्रणी हों एवं उनके विचारों में सादगी, नैतिकता व आध्यात्मिकता का समावेश हो। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक की अनूठी छटा बिखेरकर सर्वधर्म समभाव का ऐसा आलोक बिखेरा कि दर्शक अभिभूत हो गये।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक महासंघ एवं उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के द्वारा आयोजित विभिन्न मांगों को लेकर महाविद्यालय के शिक्षकों ने दूसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसी क्रम में गनपत सहाय पी.जी.कॉलेज सुलतानपुर में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। संघ की मुख्य मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर पुनर्विचार, एमफिल एवं पी-एचडी इंक्रीमेंट, एसोसिएट प्रोफेसर पद के लिए पी-एचडी की अनिवार्यता खत्म करने, महाविद्यालय में सेल्फ फाइनेंस कोर्स के शिक्षकों का पद स्थाई किया जाना आदि शामिल है।महाविद्यालय शिक्षक संघ इकाई के अध्यक्ष प्रो.शक्ति सिंह एवं शिक्षक संघ इकाई के मन्त्री प्रो.मनोज मिश्र के नेतृत्व में महाविद्यालय में शिक्षकों ने काली पट्टी बाँधकर विरोध किया। जिसमें मुख्य रूप से प्रो.अरविन्द कुमार चतुर्वेदी, प्रो.मो.शाहिद, प्रो.जे.एन मिश्रा, प्रो.राजीव श्रीवास्तव प्रो.समीर सिन्हा, प्रो. नीलम त्रिपाठी, प्रो. नसरीन, डा शाहनवाज आलम, डा. भोला नाथ, डॉ. आलोक कुमार, डॉ.देवेंद्र नाथ मिश्रा, डॉ. सुभाष, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# अभ्यर्थियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के अंतर्गत पिछले 08 वर्षों में पूर्ण होने वाले महत्वपूर्ण कार्यों व विभिन्न जन कल्याणकारी परियोजनाओं के संबंध में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत एसपी पलाश बंसल के निर्देश में जनपद महोबा के ऐतिहासिक कीरत सागर के आल्हा मंच पर उ.प्र. आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा में जनपद महोबा से चयनित अभ्यर्थियों का उ.प्र. पुलिस परिवार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान म.उ.नि. शिबांगी गुप्ता द्वारा सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रथम रैंक पाने वाले अभ्यर्थी योगेन्द्र सिंह, और प्रदेश में पांचवी रैंक हासिल करने वाले महिला अभ्यर्थी पूजा से उनके जीवन संघर्षों और चुनौतियों परीक्षा के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा की गयी व्यवस्था के सम्बन्ध में प्रश्नोत्तर कार्यक्रम का पॉडकास्ट किया गया है, इस पॉडकास्ट का उद्देश्य उ.प्र. पुलिस भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के परीक्षा के सम्बन्ध में अनुभवों, चुनौतियों और पुलिस प्रशासन द्वारा किये गये इंतजामों को जनता तक पहुंचाना है, जिससे युवा पीढी प्रेरित हो और वह नई ऊर्जा के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में मेहनत कर सफलता हासिक कर सकें।इस पॉडकास्ट के दौरान अभ्यर्थियों से विभिन्न प्रकार के प्रश्न जिनमें उनका नाम, उनकी पृष्ठभूमि, किस तरह और कहां से तैयारी की, पुलिस सेवा में क्यों आना चाहते हैं, उनकी परीक्षा केन्द्र में पुलिस प्रशासन द्वारा कैसी व्यवस्थाएं की गयी, पुलिस भर्ती परीक्षा के बारे में क्या कहना चाहेंगे,पुलिस विभाग के बारे में क्या कहेंगे, प्रेरणा श्रोत, समाज सेवा का दृष्टिकोण इत्यादि से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये। इस दौरान अभ्यर्थियों ने कहा कि पुलिस सेवा हमें अवसर प्रदान करती है, इसके माध्यम से हम बहुत सारे लोगों की मदद कर सकते हैं। हम लोगों का जहां भी परीक्षा केन्द्र था वहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा अभ्यर्थियों के लिए विशेष प्रबन्ध किये गये थे। बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों में हेल्पडेस्क बनाये गये थे, रुकने व ठहरने के लिए भी अच्छी व्यवस्था की गयी थी। महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया, उनके ठहरने व रुकने के लिए अलग प्रबन्ध था। परीक्षा केन्द्र पर पुलिस प्रशासन का सहयोग निर्विघ्न भर्ती परीक्षा कराने में रहा, किसी भी स्तर पर कोई भी अनियमितता नहीं रही, समय से रिजल्ट आ गया । पुलिस विभाग में आकर हम सुशासन व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे तन-मन से प्रयास करेंगे और अपना पूरा 100 प्रतिशत देंगे। हम अपना, अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करेंगे और जीवन में कुछ अच्छा कर जायेंगे। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सुषमा चौधरी, उ0नि0 शिबांगी गुप्ता, उ0नि0 शिवांगी प्रजापति सहित लगभग 250 की संख्या में पुलिस भर्ती परीक्षा में सफल महिला एवं पुलिस अभ्यर्थी व उनके परिवारीजन के अतिरिक्त कोचिंग संचालक, ट्रेनिंग संचालक इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## गोवर्धन में गिलट आभूषण व्यवसायी समिति का वार्षिक शैल महोत्सव संपन्न

**गोवर्धन(मथुरा)।** गिलट आभूषण व्यवसायी समिति रजि0 मथुरा के तत्वावधान में वार्षिक शैल महोत्सव हण्डा का आयोजन भागवत सेवा संस्थान कुसुम सरोवर गोवर्धन में हुआ। जिसमें सुबह 9 वजे संत मोनी बाबा द्वारा श्री गिर्राज महाराज का दूध दही वूरा इत्र से अभिषेक किया गया। श्री गिर्राज महाराज के जयकारों के साथ समस्त माहौल गिर्राज धरण के चरणों में समा गया व श्री गिर्राज महाराज के भव्य छप्पन भोग लगाए गये जिसकी झांकी देखने योग्य थी। देर शाम तक हजारों श्रद्धालुओं ने छप्पन भोग के दर्शनों का लाभ प्राप्त किया दोपहर 11 वजे से साधू-संत सेवा व ब्राह्मण भोज हुये जिनको प्रसाद व दक्षिणा दी गयी और उनको ससम्मान विदा किया गया। तदोपरांत आम भण्डारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों लोगों के द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। समस्त समिति के सदस्य व गिलट व्यवसाय से जुड़े व्यापारीयों की लेवर आदि ने प्रसाद का आनन्द लिया।

# राज्य मंत्री ने तीन दिवसीय मेले का फीता काटकर किया उद्घाटन



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** राज्यमंत्री नगर विकास शहरी समग्र विकास नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार राकेश कुमार राठौर षुरुष् जी ने प्रदेश सरकार के सेवा, सुरतीन दिवसीय मेले काक्षा व सुशासन, नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कम्युनिटी गार्डन महोबा में जनप्रतिनिधियों सहित जिलाधिकारी महोबा व पुलिस अधीक्षक महोबा की उपस्थिति में तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन किया। केन्द्र सरकार के 10 वर्ष व प्रदेश सरकार के 08 वर्ष की उपलब्धियों तथा जनहित में कराये गये कार्यो के सम्बन्ध में आयोजित कार्यक्रम में सम्मलित होकर जनपदीय पुलिस द्वारा लगाये स्टॉल का अवलोकन, निरीक्षण कर जनपदीय पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्यो की प्रंशसा की गई। पुलिस विभाग द्वारा अलग अलग लगे स्टॉल देख कर अधिकारियों ने खुशी जताई। इस दौरान जनपदीय पुलिस से अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार सहित, प्रभारी महिला थाना, प्रभारी यूपी.112, प्रभारी यातायात, प्रभारी साइबर थाना, प्रभारी सर्विलाश सेल सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### कल्याणकारी योजानाओं के प्रति किया जागरूक

जिले में गठित मिशन शक्ति टीमों ने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर जन चैपाल का आयोजन किया, महिला सशक्तिकरण के मद्देनजर महिला हेल्प लाइन नंबर 1090 चाइल्ड केयर हेल्प लाइन नंबर 1098 एंव महिला संबंधी कार्यक्रम कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री विवाह अनुदान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एंव अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया।

# 67 बच्चों की जांची गई स्वास्थ्य शिविर में सेहत



**अवधनामा संवाददाता**

■ सुबह से ही बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए पहुंच गई टीम

**महोबा।** मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डॉ0 आशाराम के नेतृत्व मे जिला कार्यकृम प्रबंधक डॉ0 अम्बूज गुप्ता के निर्देशन मे अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र जैतपुर डॉ0 आशीष तिवारी की देखरेख मे आरबीएसके टीम द्वितीय ने इन्द्रहटा आंगनबाडी केन्द्र पर 67 बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की तथा स्वास्थ्य सलाह दी।

स्वास्थ्य परीक्षण केन्द्र की जानकारी मिलते ही भारी संख्या मे बच्चों का आंगनवाड़ी केन्द्र में पहुंचना शुरू हो गया, जहां पर पहले बच्चों का पंजियन कराया गया। इसके बाद डॉ0 पीएन शर्मा, डॉ0 रोशनी गुप्ता, डॉ0 अमित गंगेले ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर एक के बाद एक बच्चे को मुफ्त में दवा का वितरण किया गया। दवा निःशुल्क दवा पाकर बच्चे खुश नजर आए।

डॉ0 पीएन शर्मा ने एनआरएचएम के तहत गांव के आंगनवाड़ी केन्द्रों में सरकार के निर्देश में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उन्हे चिकित्सीय सलाह दी गई, डॉ0 शर्मा ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वास्थ्य परीक्षण करके बच्चों की सेहत परखी जाती है, जिन बच्चों में कोई कमिया या रोग पाया जाता है, उन बच्चों को रोग के अनुसार निःशुल्क दवा वितरित की जाती है जिससे बच्चे स्वस्थ रह सकें, उन्होने कहा कि अभिभावक भी बच्चों के सेहत के प्रति जिम्मेदारी निभाएं बच्चे ही देश का भविश है इस मौके पर डॉ0 अमित गंगेले, एफ एच डब्ल्यू संगीता व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## कब्रिस्तान की भूमि अवैध कब्जा कर धमकी देनें का लगाया आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला सिकंदर नगर निवासी इरफान पुत्र मोहम्मद मुराद द्वारा कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि सोमवार की शाम 07 बजे उसके परिवार की रियुरी तला तालाब के पास पैतृक जमीन पर कई दशकों पुराने पारिवारिक कब्रिस्तान की जमीन पर पड़ोस के दो काश्तकारो द्वारा साजकर बिना किसी सूचना के जेसीबी मशीन द्वारा दबंगई के बल पर कब्रिस्तान की जमीन पर खड़े पेड़ों को नष्ट करके खुदाई कर दी। जिससे पुरानी कब्रे खुद गई और कंकालो की हड्डियां बाहर आ गई। साथ ही कब्रिस्तान के बीच में बड़ी खाई बनवाकर कब्रिस्तान की भूमि को अपने-अपने खेत में मिलाकर अवैध कब्जा कर लिया है। उसके द्वारा विरोध करने पर उक्तगण झगड़ा फसाद पर आमादा हो गए और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उसके द्वारा घटना की सूचना समधन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी को दी गई जिस पर उनके आदेशानुसार अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार ने मौके पर पहुंच कर जांच की। वहीं कब्रिस्तान खोदे जाने की घटना से नागरिकों में रोष व्याप्त हो गया।

# भाजपा जिला महामंत्री ने किया प्रदर्शनी का अनावरण

■ केन्द्र व प्रदेश के कार्यकाल की योजनाओं की जानकारी दी

**अवधनामा संवाददाता**



प्रदर्शनी का अनावरण करते भाजपा नेता रामवीर कठेरिया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** प्रदेश सरकार के ''सेवा, सुरक्षा व सुशासन' की नीति के आठ वर्ष एवं केन्द्र सरकार के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केन्द्र एवं राज्य स्तर से आम जनमानस के जीवन को बेहतर बनाये जाने, विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को नागरिकों तक सीधे पहुंचाने के विभिन्न प्रयास बड़े स्तरों पर किये गये। जिससे न केवल नागरिकों का जीवन बेहतर हुआ है बल्कि नागरिकों में स्वाभिमान की भावना का भी संचार हुआ है।

मंगलवार को पालिका सभागार में भाजपा जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया ने शासन द्वारा विगत वर्षो में विभिन्न योजनाएं जैसे अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उ0प्र0 मातृ भूमि अर्पण योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, अर्बन फ्लड/जनप्लावन नियंत्रण एवं स्टॉर्म वॉटर डेऊनेज योजना, आकांक्षी नगर योजना, सीवरेज एवं जल निकासी योजना, पेयजल योजना, नगरीय झील एवं तालाब पोखर योजना, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना, कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना, मुख्यमंत्री ग्रीन रोड अवसंरचना विकास योजना, शहरी क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थल विकास, पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना, पार्को का निर्माण एवं विकास (उपवन योजना), स्मार्ट सिटी/राज्य स्मार्ट सिटी मिशन, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना, वन्दन योजना सहित विभिन्न कार्यो को प्रदर्शित किये जाने हेतु प्रदर्शनी का अनावरण किया। अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि यह आयोजन दिनांक 25.03.2025 से 27.03.2025 तक चलेगी। इस दौरान सभासद परमजीत सभासद, सुरेन्द्र कुमार, शिवा गुप्ता, संतोष गुप्ता, दीपक गुप्ता, निर्मल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला कारागार में परिषदीय परीक्षा में बंदियों ने किया भाग



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जेल अधीक्षक के प्रयासों से जिला कारागार में चलाये जा रहे साक्षरता अभियान के तहत बंदी न सिर्फ प्रतिदिन कक्षायें ले रहे हैं। बल्कि परिषदीय परीक्षा में जेल शिक्षकों की देखरेख में प्रतिभाग कर रहे हैं। बताते चलें कि जिला कारागार में भी दिनांक 24 मार्च से परिषदीय परीक्षायें प्रारम्भ हो चुकी है। मंगलवार से कक्षा-05 की सामाजिक अध्ययन विषय की परीक्षा तथा कक्षा-08 की सामाजिक अध्ययन विषय की परीक्षा आयोजित हुयी। प्रथम पाली में कक्षा-05 की परीक्षा में 11 बंदी तथा कक्षा-08 की परीक्षा में 04 बंदी सम्मिलित हुये। द्वितीय पाली में अग्रेजी विषय की परीक्षा हुयी है। परीक्षा पूर्ण अनुशासन में हो रही है। कक्षा-05 व कक्षा-08 में कुल 32 बंदियों का पंजीकरण निकट के ही अनौगी विद्यालय में कराया गया था। 17 बंदी रिहा हो चुके है शेष 15 बंदी परीक्षा दे रहे है। जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ ने बताया कि इन बंदियों की कक्षायें प्रतिदिन कारागार में ही लगती हैं। पुस्तके परिषदीय विद्यालय से पूर्व में ही प्राप्त हुयी थी।

### दो लोगों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी उमेश कुमार जाटव पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र सिंह जाटव द्वारा कोर्ट के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 27 जनवरी की दोपहर 02:30 बजे वह अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। तभी गांव के ही सुरेश चंद्र यादव व राघवेंद्र यादव आए और रंजिश के चलते जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मथुरा में 23 साल पहले लगना शुरू हुआ नव वर्ष मेला

**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि अपनी भारतीय गौरवशाली परम्परा, इतिहास एवं स्वाभिमान का प्रतीक भारतीय नववर्ष चौत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत्सर की पूर्व संध्या पर नववर्ष मेला समिति, मथुरा गत 23 वर्षो से परम्परागत रूप से विशाल नववर्ष मेला का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष भी यह एक दिवसीय विशाल मेला चौत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् 2082 तदनुसार 30 मार्च की पूर्व संध्या पर चौत्र कृष्ण अमावस्या संवत् 2081 तदनुसार 29 मार्च दिन शनिवार को नववर्ष मेला समिति, मथुरा द्वारा नव आकर्षण, नवसज्जा तथा नवउत्साह के साथ सेठ बीएन पोद्दार इण्टर कॉलेज, मथुरा के मैदान में परम्परागत रूप से विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जा रहा है। नववर्ष समारोह में मुख्य अतिथि श्री राधाबल्लभ सम्प्रदाय प्रधान पीठाधिपति तिलकायत अधिकारी गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल जी महाराज और विशिष्ठ अतिथि बेबीरानी मौर्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विकास, उत्तर प्रदेष सरकार होंगी। 2081 तदनुसार 29 मार्च 2025 दिन शनिवार को भूमि पूजन एवं हवन के साथ मध्यान्ह एक बजे से सेठ बीएन पौद्दार इंटर कॉलेज के मैदान में होगा। रंगोली प्रतियोगिता सायं 5 बजे और विभिन्न मंचीय प्रतियोगिताएं सायं 5.30 बजे से होंगी। नववर्ष समारोह रात्रि 8 बजे से दीप प्रज्जवलन से शुरू होगा।

### अंबेडकर पार्क को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट और पथराव, एक दर्जन घायल

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गुरहरिया गांव में अंबेडकर पार्क को लेकर दो जातियों के लोग आमने-सामने आ गए। मामूली कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे चलने लगे और फिर पथराव शुरू हो गया। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जांच में खुलासा हुआ कि गांव के प्रधान ने वोट बैंक की राजनीति के चलते इस विवाद को हवा दी थी। पुलिस ने प्रधान को भी गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

# तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उपाध्यक्ष महिला आयोग ने किया शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** प्रदेश सरकार के ''सेवा, सुरक्षा व सुशासन'' की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं से जन सामान्य को परिचित कराने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर निराला प्रेक्षागृह में आयोजित त्रिदिवसीय प्रदर्शनी/मेले का उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश श्रीमती अपर्णा यादव द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का सांसद डा0 स्वामी सच्चिदानन्द हरिसाक्षी महाराज एवं उपाध्यक्ष द्वारा जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में अवलोकन किया गया। तदोपरान्त प्रेक्षागृह सभागार में मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 460.18 करोड़ लागत की 101 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 323.81 करोड़ लागत की 45 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही सूचना विभाग द्वारा तैयार की गयी प्रदेश सरकार की 08 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया तथा मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा आठ वर्ष में जनपद में किए गए विकास कार्यो की विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके अलावा इनवेस्ट यूपी के तहत जनपद में निवेश करने वाले 11 उद्यमियों/निवेशकों को सम्मानित किया गया तथा बेसिक शिक्षा में मिशन निपुण के अन्तर्गत निपुण हो चुके विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र, महिला कल्याण विभाग द्वारा स्पॉन्सरशिप के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य/कोविड के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत स्वीकृति पत्र, सीएम युवा योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र, विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के लाभार्थियों को टैबलेट, क्षय रोगियों को पोषण पोटली, दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल तथा कृषि विभाग की योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से ऊषा देवी को टैक्ट्रर की चाभी प्रदान की गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि पिछले आठ वर्ष में हमारी सरकार की कई ऐसी उपलिब्धयां है जो अभूतपूर्व हैं। सही मायने में आठ साल, बेमिसाल रहे हैं। यह कलम, तलवार, कमंडल की धरती है, यह हम सभी की है किसी एक की बपौती नही है। उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री की अवधारणा गरीबी, युवा, अर्थव्यवस्था, नारी इन चारों के विकास पर ध्यान दिया है। उन्होने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्तमान सरकार में हर प्रकार के अपराध में अभूतपूर्व कमी आयी है। विधायक सदर पंकज गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार में लोग अधिकारियों और नेताओं के चक्कर लगाते थे जबकि वर्तमान सरकार में नेता व अधिकारी गांव-गांव जाकर जनता का हाल पूछ रहे हैं। इस दौरान महाकुम्भ 2025 पर सूचना विभाग द्वारा तैयार की गयी लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा बेसिक शिक्षा परिषद की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, माध्यमिक शिक्षा परिषद की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गयीं। कार्यक्रम का संचालन श्री विश्वनाथ तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा अनुराग अवस्थी, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक अरूण सिंह, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, पीडी तेजवंत सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, जिला विद्यालय निरीक्षक एस0पी0 सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती संगीता सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुश्री ज्योति द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग श्रीमती करूणा राय, जिला युवा कल्याण अधिकारी शिवराम सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, एलडीएम सुनील वर्मा एवं अन्य अधिकारी व शिक्षक आदि मौजूद रहे।

## माथुर चतुर्वेद महापरिषद का मथुरा में हुआ होली मिलन समारोह

**मथुरा।** होली का पावन त्यौहार निकलने के बाद भी समाज में भाईचारे और एकता को बढ़ावा देने के लिए सनातन धर्म को मानने बाला हर वर्ग होली मिलन समारोह का आयोजन करता रहता ए, होली मिलन समारोह के बहाने समाज के लोग एक दूसरे से मेलमिलाप कर एकता का संदेश देते रहे हैं। इसी क्रम में तीर्थ नगरी मथुरा में माथुर चतुर्वेद महापरिषद द्वारा चतुर्वेद समाज की कुल देवी महाविद्या देवी की छत्रछाया में माथुर चतुर्वेद महापरिषद के राष्ट्रीय संरक्षक सुखदेव चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। होली मिलन समारोह में माथुर चतुर्वेद महापरिषद के राष्ट्रीय संरक्षक सुखदेव चतुर्वेदी निवासी उचाड़,, राष्ट्रीय सभापति नीरज चतुर्वेदी निवासी जयपुर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री निशीथ चतुर्वेदी निवासी डबरा, राष्ट्रीय प्रवक्ता कांतानाथ चतुर्वेदी निवासी मथुरा, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री शैलेन्द्र नाथ चतुर्वेदी निवासी हाथरस, मध्य प्रदेश प्रांत के महामंत्री रामनिवास चतुर्वेदी निवासी मुरैना सहित चतुर्वेदी समाज के तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मथुरा में बनने वाली हैरिटेज सिटी का रास्ता साफ

**अवधनामा संवाददाता**

■ ग्रेटर नोएडा से मथुरा-अलीगढ़ तक बदलेगा विकास का नक्शा! मास्टर प्लान 2031 मंजूर

■ रिवरफ्रंट के साथ बनेगी स्पोर्ट्स सिटी

**मथुरा।** मथुरा और अलीगढ़ के विकास का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के फेज-2 मास्टर प्लान 2031 को शासन से मंजूरी मिल गई है, खासतौर पर अलीगढ़ के टप्पल में प्रस्तावित मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब और मथुरा में बनने वाली हेरिटेज सिटी के विकास में आ रही अड़चनें अब दूर हो गई हैं, यह मास्टर प्लान 2012 में शासन को भेजा गया था, जिसे अब जाकर स्वीकृति मिली है।

यमुना प्राधिकरण के फेज-1 मास्टर प्लान 2041 के तहत गौतम बुद्ध नगर और बुलंदशहर के 226 गांवों को मिलाकर 2627 सेक्टर विकसित किए जा रहे हैं, वहीं, फेज-3 में हाथरस और आगरा के गांवों को शामिल कर नए मास्टर प्लान की तैयारी चल रही है. यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा और हाथरस शामिल हैं।

यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण ने मथुरा और अलीगढ़ के मास्टर प्लान का प्रस्ताव 2012 में शासन को भेजा था, मंजूरी में देरी होने के कारण पहले सिर्फ राय-टप्पल हर्बल सेंट्रल को विकसित करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब संपूर्ण मास्टर प्लान को हरी झंडी मिलने के बाद 507 गांवों की 22,757 हेक्टेयर जमीन में शहर बसाने का रास्ता साफ हो गया है, इसमें मथुरा के 415 गांवों की 11,653.76 हेक्टेयर और अलीगढ़ के 92 गांवों की 11,104.40 हेक्टेयर भूमि शामिल है, अब इस प्रोजेक्ट पर तेज़ी से काम शुरू किया जाएगा।

मास्टर प्लान के तहत, मथुरा में 735 हेक्टेयर में सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट 'हेरिटेज सिटी' प्रस्तावित है, इसमें यमुना एक्सप्रेसवे को बांके बिहारी मंदिर से जोड़ने के लिए 6.9 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा, इसके अलावा, टप्पल-बजना क्षेत्र में एक बड़ा लॉजिस्टिक हब प्रस्तावित है, जहां 12 वेयरहाउस और 6 से अधिक अन्य प्रकार के भंडारण केंद्र बनाए जाएंगे।

अब मथुरा में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, यमुना प्राधिकरण पर्यटन और मनोरंजन को फोकस में रखते हुए यहां बड़े स्तर पर विकास करेगा, यमुना नदी के ईस्ट साइड में 29.30 किलोमीटर का रिवरफ्रंट विकसित होगा।

## ए एन टी एफ की टीम के हाथ लगा ड्रग्स सप्लायर, करोड़ों की ड्रग्स बरामद

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में देश और दुनिया से लोग घूमने के लिए आते हैं. ऐसे में एक युवक हाथ में झोला टांगे रात ही मथुरा में घूम रहा था, पुलिस की टीम गश्त पर निकली हुई थी तभी उस पर नजर पड़ गई, उसे रोककर नाम पता पूछा तो बोला कि दिल्ली से हूं, उसके पास रखा झोला देख पुलिस ने कहा कि इतनी रात में झोले में क्या लेकर घूम रहे हो. वह नजरें चुराने लगा, पुलिस की तलाशी में उसके पास से 3 करोड़ रुपए की कीमत का अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ. उसका काम सुन पुलिस के पसीने छूट गए। मथुरा में एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट आगरा और थाना कोतवाली मथुरा की संयुक्त टीम ने माल गोदाम रोड से एक तस्कर को गिरफ्तार किया, वह वैध मादक पदार्थो की तस्करी करता था।

# लाड़ी लुहाणा सिंधी पंचायत सोसायटी ने कराया रक्तदान

■ स्वामी लीलाशाह की शिक्षाओं से प्रेरित होकर 24 सिंधी युवाओं ने किया रक्तदान

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** सिंधी जनरल पंचायत द्वारा चल रहे सिंधी उत्सव पखवाड़े के अंतर्गत स्वामी लीलाशाह की शिक्षाओं से प्रेरित होकर लाड़ी लुहाणा सिंधी पंचायत सोसायटी द्वारा लाइफ केयर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मुख्य संयोजक चंदनलाल आडवानी और संयोजक किशोर इसरानी के नेतृत्व में भारती लखवानी, कविता मंगलानी, जितेंद्र उतवानी, ललित आडवानी, तुलसीदास, विनोद आडवानी, कृष्णा सादवानी, पुरषोत्तम मेठवानी, चिराग मेठवानी, राहुल केवलानी, अशोक चंदानी, विशाल पंजवानी, देव सौमइया, हरिश उतवानी, साहिल केवालानी, विकास अंदानी, अशोक डाबरा, छोटू ओमप्रकाश, जितेंद्र खत्री, सीता देवी खत्री, नेहा खत्री, तृप्ति खत्री तथा सिंधी नवयुवक मंडल के महामंत्री तरूण लखवानी एवं भाटिया पंचायत के अध्यक्ष जितेंद्र भाटिया ने उत्साहपूर्वक रक्तदान करके पुण्य कमाया। लाड़ी लुहाणा सिंधी पंचायत सोसायटी के अध्यक्ष जीवतराम चंदानी ने कहा कि स्वामी लीलाशाह जी ने मानवता के लिए बेहतर कार्य किए, उन्हीं की शिक्षाओं से प्रेरित होकर ही 24 यूनिट रक्तदान किया गया है। सिंधी उत्सव के मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री ने सभी रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान करके सचमुच महान कार्य किया है, संतों की जयंती पर ऐसे कार्य होने चाहिए।

सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायण दास लखवानी ने कहा कि स्वामी लीलाशाह जी ने भारतीय संस्कृति के पुनरोत्थान तथा सोई हुई आध्यात्मिकता को जगाने के लिये आत्मज्ञान पर बल दिया था। इस मौके पर सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायण दास लखवानी, रामचंद्र खत्री, जीवतराम चंदानी, कन्हैयालाल भाईजी, बसंतलाल मंगलानी, चंदनलाल आडवानी, किशोर इसरानी, जितेंद्र लालवानी, सुनील पंजवानी, अशोक अंदानी, सुंदरलाल खत्री, भारती केवलानी, कोमल नाथानी, कोकल भाटिया, भूमिका केवलानी, लीला, लहर आदि ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

ब्लड बैंक के निदेशक ब्रजेश शर्मा ने रक्तदाताओं को सम्मान पत्र तथा उपहार स्वरूप हेलमेट भेंट कराए, वहीं आयोजक मंडल को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

# शाहजहांपुर से क्रिकेट ट्रॉयल के लिए 32 नामों की सूची लखनऊ भेजी, बेहतर खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-16 व अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल के लिए 32 खिलाड़ियों की सूची बनाई गई। पूर्व रणजी खिलाड़ी कमलकांत कनौजिया प्रदर्शन के आधार पर टीम में जगह देकर फाइनल रिपोर्ट भेजेंगे।



कृभको खाद फैक्टरी के मैदान में सोमवार को भी क्रिकेट ट्रायल का आयोजन किया। अंडर-19 में आकर्षित वर्मा ने अपनी बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने एक मैच में 50 रन बनाए और नाबाद रहे। दूसरे मैच में 45 रन की पारी खेली। रामगोपाल और अभिनव ने अच्छे बल्लेबाजी की। तेज गेंदबाजी में रनजीत सिंह और दिव्या विभु ने तेज गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। स्पिन गेंदबाजी में प्रतीक यादव और प्रतीक कुमार को सराहा गया।

इसी तरह अंडर-16 में स्पिन गेंदबाजी में अनिकेत और सूरज सैनी, तेज गेंदबाजी में सत्येंद्र, माही पटेल और नितिन, बल्लेबाजी में दीपांशु, सामित दास, नीतीश कुशवाहा का प्रदर्शन बेहतर रहा। कोऑर्डिनेटर मनोज यादव ने बताया कि दोनों वर्गों के लिए 16-16 खिलाड़ियों की टीम बनाकर लखनऊ भेजी गई। वहां प्रदर्शन के आधार पर मंडल की टीम के लिए चयन किया जाएगा।

यूपी वेटनर्स क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से 12 और 13 अप्रैल को स्व.रमाकांत मिश्रा मेमोरियल चैलेंजर वेटरन क्रिकेट प्रतियोगिता कानपुर ट्रॉफी के लिए जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन हो गया।

शहर के मोहल्ला रुफस चरन लेन निवासी मोहित पाठक, शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन के को-ऑर्डिनेटर मनोज यादव और रंगीन चौपाल निवासी इरफान खान का चयन हुआ है। डॉ.हरि सिंघानिया टी-20 प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर चुना गया। तीनों खिलाड़ियों के चयनित होने पर शाहजहांपुर वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष नूर आलम, सचिव मसूद कमाल, मयूर खन्ना, पंकज तिवारी आदि ने खुशी जताई है।

## 28वीं एथलेटिक्स चैंपियनशिप के ट्रायल 28 मार्च को, करें अपना रजिस्ट्रेशन

**अलीगढ़।** जिला स्तरीय एथलेटिक खिलाड़ियों का ट्रयल 28 मार्च को अलीगढ़ में होगा। इसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 1000 मीटर व 5000 मीटर की दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जंप, गोला फेंक, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो आदि के खिलाड़ियों का ट्रयल लिया जाएगा। 28वीं यूपी स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन आगामी 10 और 11 अप्रैल को बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्टेडियम में होगा। इसके लिए जिला स्तरीय एथलेटिक खिलाड़ियों का ट्रयल 28 मार्च को तालानगरी रामघाट रोड के मैदान पर दोपहर एक बजे से होगा। आयोजन सचिव विवेक कुमार ने बताया 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 1000 मीटर व 5000 मीटर की दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जंप, गोला फेंक, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो आदि के खिलाड़ियों का ट्रयल लिया जाएगा।

# चोटिल खिलाड़ियों की वापसी तक विकल्पों से ही काम चलाना होगा लखनऊ की हार के बाद कोच क्लूसनर का बयान

**विशाखापत्तनम।** लखनऊ की टीम को आईपीएल के नए सत्र से पहले ही करारा झटका लगा था। टीम के कम से कम चार तेज बाद गेंदबाज आवेश खान, मयंक यादव, मोहसिन खान और आकाशदीप चोटिल हो गए।

आईपीएल 2025 में सोमवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स को करीबी मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स से हार का सामना करना पड़ा। एक वक्त लखनऊ का विन प्रेडिक्शन 98 प्रतिशत दिखा रहा था, लेकिन दिल्ली की पारी के आखिरी पांच ओवर में यह गजब पलटा। विन प्रेडिक्शन ऐसा पलटा की आखिरी ओवर में तीन गेंद शेष रहते ही दिल्ली की टीम जीत गई। इस हार के बाद लखनऊ के सहायक कोच लांस क्लूसनर ने कहा कि चोटिल खिलाड़ियों की वापसी से पहले वैकल्पिक खिलाड़ियों से काम चलाने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं है।

लखनऊ की टीम को



आईपीएल के नए सत्र से पहले ही करारा झटका लगा था। टीम के कम से कम चार तेज बाद गेंदबाज आवेश खान, मयंक यादव, मोहसिन खान और आकाशदीप चोटिल हो गए। ये सभी खिलाड़ी फिलहाल एनसीए में हैं और रिहैब में हैं। वे एनसीए से फिट सर्टिफिकेट मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में लखनऊ को सोमवार को अन्य गेंदबाजों के साथ खेलना पड़ा। शार्दुल ठाकुर, प्रिंस यादव, दिग्वेश और एम सिद्धार्थ के साथ टीम को उतरना पड़ा। ये गेंदबाज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सत्र के अपने पहले मैच में अच्छी शुरुआत करने के बावजूद 209 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाए। इस मैच में ओस ने भी अपनी भूमिका निभाई। क्लूसनर ने मैच के बाद कहा, अभी हमारे पास गेंदबाजी में बहुत अधिक विकल्प नहीं हैं। जब तक हमारे खिलाड़ी चोट से उबरकर वापसी नहीं करते हैं तब तक हमें अपने वैकल्पिक खिलाड़ियों से ही काम चलाना होगा। उन्होंने कहा, लेकिन यही इस खेल की प्रकृति है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में होने वाले अगले मैच में हमारे बल्लेबाजों को इस मैच की तरह महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। क्लूसनर ने कहा, हम इसके लिए तैयार हैं लेकिन जैसा मैंने कहा कि इससे कुछ युवा खिलाड़ियों को मौका मिल रहा है। शार्दुल ठाकुर ने पहले ओवर में ही दो विकेट लिए जिससे वास्तव में मुझे काफी खुशी मिली।

## आशुतोष ने प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड शिखर धवन को किया समर्पित

**विशाखापत्तनम।** आईपीएल 2025 के रोमांचक मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने विशाखापत्तनम के डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाएंट्स पर एक विकेट से नाटकीय जीत हासिल की। आशुतोष शर्मा ने अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने धैर्य के साथ खेल को खत्म किया। उन्होंने 31 गेंद पर नाबाद 66 रन की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने पांच चौके और पांच छक्के जड़े। आशुतोष को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। हालांकि, दिल्ली के इस खिलाड़ी ने यह अवॉर्ड भारतीय टीम के पूर्व स्टार शिखर धवन को समर्पित किया और उन्हें अपना मेंटर बताया। इसके बाद धवन से उन्होंने वीडियो कॉल पर बातचीत भी की।

# लखनऊ के चार तेज गेंदबाज चोटिल, एनसीए से फिटनेस सर्टिफिकेट का कर रहे इंतजार

**लखनऊ।** आईपीएल 2025 में लखनऊ की टीम का आगाज हार के साथ हुआ है। दिल्ली कैपिटल्स ने रोमांचक मुकाबले में लखनऊ को एक विकेट से हरा दिया। लखनऊ की टीम ने 209 रन बनाए थे और इसके बाद दिल्ली के सात रन पर तीन विकेट भी गिरा दिए थे। हालांकि, गेंदबाजों के पास अनुभव की कमी की वजह से डेथ ओवरों में लखनऊ को खूब मार पड़ी। आशुतोष शर्मा और विपराज निगम ने खूब रन बटोरे और लखनऊ को मैच से दूर कर दिया। लखनऊ की टीम मेगा नीलामी के बेहद संतुलित दिख रही थी और उसके पास भारत के कुछ बेहतरीन पेसर्स की चौकड़ी थी। हालांकि, टूर्नामेंट शुरू होने से पहले चारों चोटिल हो गए और लखनऊ को अब इसका नुकसान हो रहा है।

**लखनऊ के ये चार गेंदबाज हैं चोटिल**

लखनऊ की टीम को आईपीएल के नए सत्र से पहले ही करारा झटका लगा था। टीम के कम से कम चार तेज बाद गेंदबाज आवेश खान,

**पेसर्स**

**लखनऊ की टीम मेगा नीलामी के बेहद संतुलित दिख रही थी और उसके पास भारत के कुछ बेहतरीन पेसर्स की चौकड़ी थी।**

मयंक यादव, मोहसिन खान और आकाशदीप चोटिल हो गए। ये सभी खिलाड़ी फिलहाल एनसीए में हैं और रिहैब में हैं। वे एनसीए से फिट सर्टिफिकेट मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में लखनऊ को सोमवार को अन्य गेंदबाजों के साथ खेलना पड़ा। शार्दुल ठाकुर, प्रिंस यादव, दिग्वेश और एम सिद्धार्थ के साथ टीम को उतरना पड़ा। शार्दुल ने पहले ही ओवर में दो विकेट लेकर लखनऊ की टीम को अच्छी शुरुआत भी दिलाई, लेकिन डेथ



ओवरों में उनके वेरिएशन का जादू नहीं चला। प्रिंस के पास तेजी तो दिखी, लेकिन अनुभव की कमी की वजह से वह गलत लाइन पर गेंदबाजी करते रहे।

**209 रन का बचाव नहीं कर पाए लखनऊ के गेंदबाज**

ये गेंदबाज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सत्र के अपने पहले मैच में अच्छी शुरुआत करने के बावजूद 29 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाए। इस मैच में ओस ने भी अपनी भूमिका निभाई। क्लूसनर ने मैच के बाद कहा, अभी हमारे पास गेंदबाजी में बहुत अधिक विकल्प नहीं हैं। जब तक हमारे खिलाड़ी चोट से उबरकर वापसी नहीं करते हैं तब तक हमें अपने वैकल्पिक खिलाड़ियों से ही काम चलाना होगा।

**बल्लेबाजों को निभानी होगी महत्वपूर्ण भूमिका**

उन्होंने कहा, लेकिन यही इस खेल की प्रकृति है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में होने वाले अगले मैच में हमारे बल्लेबाजों को इस मैच की तरह महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। क्लूसनर ने कहा, हम इसके लिए तैयार हैं लेकिन जैसा मैंने कहा कि इससे कुछ युवा खिलाड़ियों को मौका मिल रहा है। शार्दुल ठाकुर ने पहले ओवर में ही दो विकेट लिए जिससे वास्तव में मुझे काफी खुशी मिली।

**मैच में क्या हुआ?**

मैच की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 209 रन बनाए। मिचेल मार्श ने 36 गेंद में छह चौके और छह छक्के की मदद से 72 रन की पारी खेली। वहीं, निकोलस पूरन ने 30 गेंद में छह चौके और सात छक्के की मदद से 75 रन की पारी खेली। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स ने 19.3 ओवर में नौ विकेट खोकर 211 रन बनाए और एक विकेट से मुकाबला जीत लिया। आशुतोष ने 31 गेंद में 66 रन की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा विपराज निगम ने 15 गेंद में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 39 रन बनाए, जबकि फाफ डुप्लेसिस ने 29 रन और कप्तान अक्षर पटेल ने 22 रन की पारी खेली। ट्रिस्टन स्टब्स ने 34 रन बनाए।

## बरेली कॉलेज में क्रिकेट टूर्नामेंट: हर्षित की घातक गेंदबाजी ने बीसीए तृतीय वर्ष को दिलाई जीत

**बरेली।** बरेली कॉलेज के मैदान में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को बीसीए द्वितीय वर्ष टीम ए, तृतीय वर्ष और बीसीए द्वितीय वर्ष ने अपने-अपने मुकाबले जीते। बीसीए तृतीय वर्ष के हर्षित ने मात्र दो रन देकर तीन विकेट चटकाए और अपनी टीम को शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दिन का पहला मैच बीसीए द्वितीय वर्ष टीम ए और टीम बी के बीच खेला गया। इसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ए ने आठ ओवरों में 76 रन बनाए। जवाब में टीम बी, केवल 75 रन ही बना सकी। इस मौके पर टीम ए ने मुकाबले को एक रन से जीता। मैच में टीम ए के करन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 28 रन बनाए। वहीं टीम बी के अनमोल ने 18 रन देकर तीन विकेट झटके। दिन का दूसरा मुकाबला बीसीए तृतीय वर्ष और बीसीए प्रथम वर्ष के मध्य हुआ। इसमें बीसीए तृतीय वर्ष की टीम ने बीसीए प्रथम वर्ष को 39 रनों से मात दी। बीसीए तृतीय वर्ष की टीम ने आठ ओवरों में आठ विकेट खोकर 63 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीसीए प्रथम वर्ष की टीम केवल 24 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस मैच में बीसीए तृतीय वर्ष के हर्षित ने मात्र दो रन देकर तीन विकेट चटकाए। दिन का अंतिम मुकाबला बीसीए द्वितीय वर्ष और बीसीए तृतीय वर्ष की टीमों के बीच हुआ। इसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए, बीसीए तृतीय वर्ष ने आठ ओवरों में पांच विकेट खोकर 45 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीसीए द्वितीय वर्ष ने मात्र 6.1 ओवरों में दो विकेट खोकर 48 रन बनाकर आठ विकेट से मैच को जीत लिया। बीसीए तृतीय वर्ष के ऋषि ने नौ गेंदों पर 21 रन बनाए। प्रतियोगिता में प्रो. एपी सिंह, डॉ. रोमा सक्सेना, प्रो. डॉ. मनो यादव, कृष्ण पाल, विवेक सक्सेना, नितेश सक्सेना, स्मृति सिंह, प्रखर यादव आदि उपस्थित रहे।

# सोनू सूद की पत्नी का हुआ रोड एक्सिडेंट, अभिनेता ने बताया कैसी है हालत

**मुंबई।** सोनू सूद की पत्नी सोनाली एक हादसे में घायल हो गई हैं। उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया



था। अब इस हादसे के बाद उनकी तबीयत कैसी है और क्या उनकी हालत में सुधार हो रहा है, इस बात को लेकर सोनू सूद ने जनाकारी साझा की है। जानिए सोनू सूद ने क्या बताया है।

अभिनेता सोनू सूद की पत्नी सोनाली सूद का मुंबई-नागपुर हाइवे पर आज भीषण एक्सीडेंट हो गया था। जिसमें उनको चोटें आई हैं। अब उनकी हालत पर अभिनेता सोनू सूद ने जानकारी साझी की है।

सोनू सूद ने पत्नी की हालत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अब वह ठीक हैं। भगवान की कृपा से बच गई हैं। ओम साई राम।

जानकारी के मुताबिक, सोनाली सूद का एक्सिडेंट सोमवार देर रात को नागपुर में हुआ था। वो अपनी बहन के बेटे और एक अन्य महिला के साथ कहीं जा रही थीं। जानकारी के मुताबिक, उनकी कार और ट्रक की भीषण टक्कर हो गई। हालांकि, किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं हैं। घटना एक वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कार के आगे का हिस्सा काफी बुरी तरह डैमेज हुआ है।

सोनाली फिलहाल नागपुर में हैं, जहां वो इस घटना से उबर रही हैं। सोनू सूद घटना की जानकारी मिलते ही सीधे नागपुर पत्नी के पास पहुंच गए हैं। जिसके बाद अब सोनू पत्नी के ही साथ हैं।

सोनू सूद के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता हाल ही में आई फिल्म 'फतेह' में नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन भी सोनू ने ही खुद किया था। इस फिल्म की कहानी कोविड-19 महामारी के दौरान वास्तविक जीवन की साइबर क्राइम घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज, नसीरुद्दीन शाह, विजय राज और दिव्येंदु भट्टाचार्य जैसे कलाकार भी नजर आए थे।

# `हम नाम बदल सकते हैं, वजूद नहीं', प्रतीक बब्बर के नाम बदलने पर बोले भाई आर्य बब्बर

**मुंबई।** राज बब्बर के बेटे प्रतीक बब्बर ने अपने नाम से बब्बर सरनेम हटाकर मां स्मिता पाटिल का नाम जोड़ लिया है। इसको लेकर अब राज बब्बर के दूसरे बेटे आर्य बब्बर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जानिए आर्य बब्बर ने इस पूरे मामले पर क्या कुछ कहा है।

अभिनेता और राजनेता राज बब्बर का परिवार पिछले कुछ वक्त से लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। वजह है राज बब्बर के बेटे प्रतीक बब्बर की पहले अपने पिता से अनबन, उसके बाद पिता राज बब्बर को अपनी शादी में न बुलाना। फिर अभी हाल ही में इन खबरों को और भी बल तब मिला जब प्रतीक बब्बर ने अपने नाम के सरनेस से पिता का सरनेम बब्बर हटा दिया और अपना नाम बदलकर प्रतीक स्मिता पाटिल कर लिया। प्रतीक के पिता के सरनेम की जगह मां का नाम लगाने से बब्बर परिवार की अंदरूनी कलह और भी खुलकर

**सुर्खियां**

**अभिनेता और राजनेता राज बब्बर का परिवार पिछले कुछ वक्त से लगातार सुर्खियों में बना हुआ है।**

सामने आ गई। अब इस मामले पर राज बब्बर के दूसरे बेटे और प्रतीक बब्बर के सौतेले भाई आर्य बब्बर की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि कोई भी अपनी पहचान को आसानी से नहीं छोड़ सकता।

आर्य बब्बर ने प्रतीक के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मुझे सिर्फ इतना कहना है कि स्मिता मां हमारी भी मां हैं। वो कौनसा नाम रखना चाहते हैं और कौनसा नहीं रखना चाहते हैं, ये उनकी पसंद है। मैं कल को अपना नाम आर्य बब्बर



से आर्य कर लूं, या राजेश कर लूं, मैं तब भी बब्बर ही रहूंगा न।

आगे इस विषय पर और प्रतीक बब्बर द्वारा किए गए दावों पर बोलते हुए आर्य बब्बर ने कहा, आप अपना नाम बदल सकते हो, वजूद नहीं। रहूंगा बब्बर ही, क्योंकि मेरा वजूद वही है। आप वो कैसे बदल सकते हो। ठीक है, लड़का समझ रहा है कि वह इस बारे में कैसे भी सोचना चाहे। मुझे इस बारे में जो भी कहना था, मैं पहले ही कह चुका हूं।

मीडिया में चल रही खबरों और लोगों की बातों पर आर्य बब्बर ने कहा, ÷हम एक ऐसा परिवार हैं, जो लोगों की नजरों में रहता है, तो बोला तो जाएगा ही। हम लोग इस बारे में कुछ भी नहीं कर सकते। ये बातें इस इंडस्ट्री का एक हिस्सा हैं। अंतत¬ हम पब्लिक फिगर हैं।÷

इससे पहले प्रतीक बब्बर ने हाल ही में टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए एक हालिया इंटरव्यू में अपने नाम बदलने के बारे में बात करते हुए कहा था, ÷मुझे इसके नतीजों की कोई चिंता नहीं। मुझे परवाह इस बात की है कि जब मैं यह नाम सुनूंगा तो मुझे कैसा महसूस होगा। मुझे पूरी तरह से अपनी मां के नाम और उनकी विरासत से जुड़ना है। मुझे नहीं लगता कि किसी और नाम से उस विरासत को दागदार करने की जरूरत है। सिर्फ उनका नाम और उनकी विरासत होनी चाहिए। मैं यही बनने की कोशिश कर रहा हूं। मैं अपनी मां की तरह बनने की कोशिश कर रहा हूं, अपने पिता की तरह नहीं।÷ प्रतीक ने अब अपना नाम प्रतीक स्मिता पाटिल रख लिया है।

# दिशा सालियान केस में फिर बवाल, आदित्य और उद्धव ठाकरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत

**मुंबई।** अपनी बेटी दिशा सालियान की मौत में राजनीतिक कवर-अप का आरोप लगाने के कुछ दिनों बाद दिवंगत सेलिब्रिटी पीआर मैनेजर दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने आदित्य ठाकरे की संलिप्तता की जांच की मांग की है। सालियान के वकील नीलेश ओझा ने भी कहा है कि परमबीर सिंह ने मामले में सबूतों से छेड़छाड़ की है और उन्होंने गैंगरेप और हत्या मामले में आदित्य ठाकरे को मुख्य आरोपी बताया है। वकील ने यह भी आरोप लगाया है कि राजनेता ड्रग कार्टेल में शामिल थे।

दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान के वकील नीलेश ओझा ने कहा, %इस गैंगरेप और हत्या मामले में आदित्य ठाकरे मुख्य आरोपी हैं। उद्धव ठाकरे पर सत्ता का दुरुपयोग कर मामले को कवरअप करने का मुख्य आरोप है। आदित्य ठाकरे ड्रग कार्टेल में पाए गए हैं और यह एनसीबी के आधिकारिक रिकॉर्ड में है। हमने शिकायत में भी इसका



उल्लेख किया है। आज हम इसके समर्थन में कुछ तस्वीरें भी जारी करेंगे।

दिशा सालियान के पिता द्वारा पांच साल बाद चुप्पी तोड़ने और नए सिरे से जांच की मांग करने के बाद दिशा-एसएसआर मामले ने तूल पकड़ लिया। दिशा सालियान के पिता और वकील नीलेश ओझा ने कहा है कि मुंबई के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह मामले को छिपाने के मुख्य मास्टरमाइंड हैं। हमने बताया है कि जांच के दौरान पता चला कि आदित्य ठाकरे ड्रग सिंडिकेट में शामिल हैं। हम सवाल पूछ रहे हैं - ठाकरे के खिलाफ जांच किसने रोकी और क्या डील हुई थी? आज हम यहां लिखित शिकायत देने आए हैं। इसमें आदित्य ठाकरे और अन्य को आरोपी बनाया गया है।

सतीश सालियान ने सोमवार को मुंबई पुलिस आयुक्त के समक्ष एक लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उनकी बेटी के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या के अपराध के संबंध में आदित्य ठाकरे और अन्य आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई। सतीश सालियान के वकील नीलेश ओझा ने कहा कि शिकायत को संयुक्त पुलिस आयुक्त ने स्वीकार कर लिया है और मामले के आरोपियों में आदित्य ठाकरे, पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह, अधिकारी सचिन वाझे और अभिनेता आदित्य पंचोली शामिल हैं।

दिशा को 8 जून, 2020 को मृत पाया गया था। इससे कुछ दिन पहले अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत मुंबई के उपनगरीय बांद्रा में अपने फ्लैट में लटके पाए गए थे। यह घटनाक्रम सीबीआई द्वारा कथित तौर पर 2020 में बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत पर क्लोजर रिपोर्ट पेश करने के बाद हुआ है। सुशांत सिंह की मौत के करीब पांच साल बाद मुंबई की एक अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की गई है। 34 वर्षीय सुशांत 14 जून, 2020 को अपने बांद्रा स्थित आवास पर मृत पाए गए थे, जिससे काफी विवाद हुआ था, बाद में जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी गई थी। उनकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण दम घुटना बताया गया था। पोस्टमार्टम मुंबई के कूपर अस्पताल में किया गया था।

## इंडियाज गॉट लैटेंट विवाद पर कॉमेडियन समय रैना ने मांगी माफी

**मुंबई।** समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में माता-पिता को लेकर जो अश्लील टिप्पणी की गई थी, उस पर कॉमेडियन ने अब माफी मांग ली है। हाल ही में समय रैना इसी मामले को लेकर अपना बयान दर्ज कराने महाराष्ट्र साइबर सेल के कार्यालय पहुंचे थे।

समय रैना ने इंडियाज गॉट लैटेंट से जुड़े विवाद, मामले में जो बयान महाराष्ट्र साइबर सेल सामने दर्ज कराया है,उसमें अपनी गलती को स्वीकार कर लिया है। समय ने यह भी कहा है कि वह आगे से सावधनी रखेंगे, जिससे ऐसी घटना दोबाना ना हो। शो इंडियाज गॉट लैटेंट पर माता-पिता को लेकर अश्लील टिप्पणी की गई, मजाक किया गया। इसी मामले को लेकर समय रैना पर पुलिस में शिकायत दर्ज हुई। इसी मामले को लेकर समय रैना ने महाराष्ट्र साइबर सेल के सामने सोमवार को बयान दिया। जिसमें कॉमेडियन ने कहा, 'जो कुछ शो पर कहा गया, उसके लिए मुझे दुख है।

# सलमान खान के स्टारडम से इंप्रेस हैं यह निर्देशक, शुरू से करना चाहते थे फिल्म में भाईजान को कास्ट

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म सिकंदर इस ईद पर रिलीज हो रही है और यह सलमान की ओर से अपने फैंस के लिए सबसे खास ईदी होगी। वहीं इसी बीच सलमान की ही फिल्म के एक निर्देशक ने जब उन्हें पहली बार देखा था तो यह तय कर लिया था कि एक दिन वह उन्हें अपनी फिल्म में जरूर कास्ट करेंगे। सलमान खान और रश्मिका मंदाना अपनी एक्शन रोमांटिक ड्रामा फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच एक साउथ निर्देशक ने सलमान खान को लेकर कहा कि वह शुरू से ही सलमान खान को अपनी फिल्म में कास्ट करना चाहते थे।

सलमान खान को जो निर्देशक अपनी फिल्म में शुरू से कास्ट करने का मन बना रहे थे वह कोई और नहीं बल्कि सिकंदर फिल्म के निर्देशन ए आर मुरुगदास ही है। दरअसल, जब मुरुगदास सहायक निर्देशक हुआ करते थे, तो वह अक्सर फिल्म की शूटिंग देखने सेट पर जाया करते थे।

न्यूज 18 की एक खबर के मुताबिक, यह वाक्या तब का है जब



ए आर मुरुगदास एक बार चेन्नई के प्रसाद स्टूडियो में शूटिंग देखने गए थे। निर्देशक ने बताया, मैं स्टूडियो के अंदर गया। मुझे नहीं पता था कि यह किस तरह की शूटिंग है। जब सबसे पहली बार मैंने श्रीदेवी मैम को देखा तो हैरान रह गया। फिर मैंने हीरो की पीठ देखी।

ए आर मुरुगदास ने आगे कहा, वह हीरो अपने बालों में कंघी कर रहा था। जब वह मुड़े तो वह कोई और नहीं बल्कि सलमान सर थे। निर्देशक ने आगे कहा, मैंने सलमान खान को उसी पल देखकर सोच लिया था कि मैं उन्हें एक दिन अपनी फिल्म में निर्देशित करूंगा। आखिरकार, मुरुगदास ने सिकंदर में सलमान खान को कास्क करके अपना अधूरा सपना पूरा कर लिया है। फिल्म सिकंदर 30 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आ रही है। इस फिल्म में दबंग खान और रश्मिका के अलावा काजल अग्रवाल, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# भारत और अमेरिका के बीच नए व्यापार समझौते पर बातचीत, टैरिफ और आयात शुल्क में कमी पर जोर

**आयात**

**साल 2023 में भारत ने अमेरिका को 83 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया और 40 अरब डॉलर का सामान आयात किया। दोनों देशों के बीच व्यापार का अंतर करीब 43 अरब डॉलर है, जो भारत के पक्ष में है।**

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच नए व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देना है। देखा जाए तो इस समझौते में बाजार तक पहुंच को बढ़ाना,



आयात शुल्क और अन्य गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करना, और आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाना शामिल है।

मंगलवार को संसद में वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने भारत और अमेरिका के बीच नए व्यपारिक संबंध बनाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका एक नए व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस समझौते में बाजार तक पहुंच को बढ़ाना, आयात शुल्क, अन्य गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करना और आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाना शामिल है।

मंत्री प्रसाद ने बताया कि अभी तक अमेरिका ने भारत पर कोई भी टैरिफ (कस्टम शुल्क) नहीं लगाया है और दोनों देश आपसी व्यापार संबंधों को बढ़ाने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अमेरिका ने फरवरी में एक ज्ञापन जारी किया था, जिसमें यह कहा गया था कि यदि किसी देश द्वारा असमान व्यापार समझौते अपनाए जाते हैं, जिससे अमेरिका को नुकसान होता है, तो अमेरिका उस देश के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। इसके अलावा, मंत्री ने बताया कि 2023 के अनुसार भारत की औसत शुल्क दर 17 प्रतिशत है, जिसमें कृषि उत्पादों पर औसत शुल्क 39 प्रतिशत और औद्योगिक उत्पादों पर 13.5 प्रतिशत है। केंद्रीय बजट 2025-26 के बाद औद्योगिक शुल्क घटकर 10.66 प्रतिशत हो गया है।

जहां अब बात अगर भारत के प्रमुख निर्यात उत्पादों की करें तो इसमें मोती, पेट्रोलियम उत्पाद, दूरसंचार उपकरण, सोने के आभूषण, लोहा-इस्पात, सूती वस्त्र और इलेक्ट्रॉनिक घटक शामिल हैं।

साल 2023 में भारत और अमेरिका के बीच कुल व्यापार 190 अरब डॉलर रहा, जिनमें से 123 अरब डॉलर उत्पाद व्यापार और 66 अरब डॉलर सेवा व्यापार की हिस्सेदारी रही।

ड्ड मौजूदा समय में भारत 13 मुक्त व्यापार समझौतों में शामिल और नौ पीटीए समझौतों में। साथ ही यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और ओमान से इस मामले में बातचीत हो रही है।

## किसानों की आय दोगुनी हुई या नहीं, अगर हुई है तो कितनी? संसद में मिला ये जवाब

**नई दिल्ली।** देश में किसानों की आय को लेकर लोकसभा सांसद डॉ. एमपी अब्दुस्समद समदानी ने सवाल किया। उन्होंने सरकार से 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने वाली नीति की प्रगति के संबंध में ब्यौरा मांगा। इस पर कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने जवाब दिया। देश में किसानों की आय दोगुनी हुई है या नहीं, अगर हुई है तो कितनी हुई है। यह सवाल सड़क से लेकर संसद में भी पूछा जा रहा है। मंगलवार को लोकसभा में इस बाबत सवाल पूछा गया। लोकसभा सदस्य डॉ. एमपी अब्दुस्समद समदानी ने पूछा, सरकार की 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने वाली नीति की प्रगति के संबंध में ब्यौरा क्या है। दूसरा, किसानों की वास्तविक आय वृद्धि का आकलन करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं और क्या इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कोई अद्यतन लक्ष्य या समय सीमा क्या है।

# मुस्लिमों का राजनीतिक समर्थन जुटाने की तैयारी में भाजपा, ईद पर 32 लाख परिवारों को देगी सौगात-ए-मोदी किट

**कार्यकर्ता**

**मोर्चा के 32 हजार कार्यकर्ता 32 हजार मस्जिदों के जरिये जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचेंगे।**

**नई दिल्ली।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने सौगात ए मोदी अभियान की शुरुआत की। इसके तहत 32 लाख परिवारों को ईद के मौके पर विशेष किट वितरित की जाएगी। इस किट में खाद्य पदार्थ और कपड़े होंगे। मोर्चा के 32 हजार कार्यकर्ता 32 हजार मस्जिदों के जरिये जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने मुस्लिमों का राजनीतिक समर्थन जुटाने की पहल की है। पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा ने ईद के मौके पर 32 लाख मुस्लिमों को विशेष किट बांटने की तैयारी की है। पार्टी ने इस अभियान को सौगात-ए-मोदी नाम दिया है।



इस अभियान के तहत मोर्चा के 32 हजार कार्यकर्ता देश भर की32 हजार मस्जिदों से संपर्क करके जरूरतमंदों तक पहुंचेंगे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने बताया कि दिल्ली के निजामुद्दीन से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सौगात ए मोदी अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य गरीब मुस्लिम परिवारों को लाभान्वित करना है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के ईद का त्योहार मना सकें। जमाल सिद्दीकी ने कहा कि रमजान के पाक महीने से शुरू हो रहा यह अभियान ईद, गुड फाइडे, ईस्टर और भारतीय नववर्ष के मौके पर भी अल्पसंख्यकों तक पहुंचेगा। इसके अलावा जिला स्तर पर ईद मिलन समारोह आयोजित किए जाएंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता यासिर जिलानी ने सौगात ए मोदी अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मुस्लिम समुदाय तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना है। साथ ही भाजपा और एनडीए के लिए मुस्लिमों का राजनीतिक सहयोग जुटाना है।

इस अभियान के जरिये भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा 32 लाख मुस्लिम परिवारों तक पहुंचेगा। सौगात ए मोदी अभियान के तहत दी जानी वाली किट में विभिन्न सामान दिए गए हैं। किट में कपड़े, सेवईं, मेवा, मिठाई शामिल है। महिला किट में सूट और पुरुष किट में कुर्ता-पजामा शामिल किया गया। सूत्र बताते हैं कि एक किट की कीमत 500 से 600 रुपये है।


# कोर्ट ने पत्रकार कोराटकर को 3 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज पर अपमानजनक टिप्पणी के मामले में पत्रकार प्रशांत कोरटकर को एक महीने बाद मंगलवार को तेलंगाना से गिरफ्तार किया गया है। आज पुलिस ने उन्हें अदालत में पेश किया था। जिसके बाद अदालत ने उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

महाराष्ट्र के कोल्हापुर की सत्र अदालत ने मंगलवार को पत्रकार प्रशांत कोराटकर को 28 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। उन पर 17वीं सदी के मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके बेटे छत्रपति संभाजी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है। नागपुर निवासी कोराटकर को सोमवार को तेलंगाना से महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। 26 फरवरी को उनके और कोल्हापुर के इतिहासकार इंद्रजीत सावंत के बीच हुई बातचीत के ऑडियो के आधार पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। प्रशांत कोराटकर पर समुदायों के बीच कथित तौर पर नफरत या दुश्मनी को बढ़ावा देने को लेकर भारतीय न्याय संहिता के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सावंत ने ऑडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। जिसके बाद लोगों में आक्रोश फैल गया था।

18 मार्च को कोल्हापुर में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डी वी कश्यप ने कोराटकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोराटकर ने अपनी याचिका में दावा किया था कि उनके फोन से छेड़छाड़ की गई है और ऑडियो से छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी है।

# मन में अंधविश्वास, देश का सत्यानाश, कुणाल कामरा ने नया वीडियो जारी करके फिर शिवसेना पर कसा तंज



**मुंबई।** समय रैना और रणबीर अल्लाहबादिया के बाद कॉमेडियन कुणाल कामरा का विवादित बयान चर्चा में है। इसे लेकर लगातार बवाल मचा है। अब कुणाल कामरा ने एक और वीडियो जारी करके शिवसेना पर तंज कसा है। उन्होंने एक गाने के जरिये मौजूदा स्थिति पर व्यंग्य किया है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर विवादित टिप्पणी को लेकर घिरे कॉमेडियन कुणाल कामरा ने एक बार फिर शिवसेना पर तंज कसा है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में कुणाल कामरा कह रहे हैं कि विकसित भारत का नया एंथम सुनिए। इसके बाद वे एक गाना गाते हैं। उनके इस वीडियो में शिवसेना कार्यकर्ताओं को हैबिटेट कॉमेडी क्लब में तोड़फोड़ करते हुए दिखाया गया है। कुणाल कामरा वीडियो में गाना गा रहे हैं कि हम होंगे कंगाल एक दिन, मन में है अंधविश्वास, देश का सत्यानाश। होंगे नंगे चारों ओर, करेंगे दंगे चारों ओर पुलिस के पंगे चारों ओर, एक दिन, मन में नाथूराम, हरकत आसाराम, हम होंगे कंगाल एक दिन। कुणाल गाते हैं कि होगा गाय का प्रचार, लेकर हाथों में हथियार, होगा संघ का शिष्टाचार एक दिन। जनता बेरोजगार, गरीबी की कगार, हम होंगे कंगाल एक दिन।

36 साल स्टैंड-अप कॉमेडियन ने अपने शो में शिंदे का नाम लिए बिना उनके राजनीतिक करियर पर कटाक्ष किया था। उन्होंने महाराष्ट्र के एक बड़े राजनीतिक भूचाल का भी हवाला दिया था। कामरा ने फिल्म दिल तो पागल है के एक लोकप्रिय हिंदी गाने की पैरोडी की थी। इसमें शिंदे को बिना उनका नाम लिए गद्दार कहा गया था। उन्होंने शिवसेना और एनसीपी के विभाजन सहित महाराष्ट्र में हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी चुटकुले बनाए थे।

टिप्पणी के बाद रविवार की रात शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने मुंबई के खार इलाके में हैबिटेट कॉमेडी क्लब पर धावा बोल दिया था। यहीं कुणाल कामरा का शो हुआ था। इसके साथ ही उस होटल को भी नुकसान पहुंचाया गया था, जिसके परिसर में क्लब स्थित है।

इससे पहले कुणाल कामरा ने शिंदे से माफी मांगने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि वह शिंदे के बारे में अपनी विवादास्पद टिप्पणियों के लिए माफी नहीं मांगेंगे। उन्होंने मुंबई में उस स्थान पर तोड़फोड़ की आलोचना की थी, जहां कॉमेडी शो की रिकॉर्डिंग की गई थी।

## मिजोरम में पढ़ रहे हैं शरणार्थी बच्चे, रख रहे हैं पूरी निगरानी, शिक्षामंत्री ने बताई आगे की रणनीत

**नई दिल्ली।** मिजोरम के शिक्षमंत्री डॉ. डेविड वनलालथलाना ने कहा कि मिजोरम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए तैयार है। हमें केंद्र सरकार का हर कदम पर साथ मिल रहा है। मुख्यमंत्री लालदुहोमा के नेतृत्व में राज्य अगले पांच वर्षों में नए मुकाम हासिल करेगा। मिजोरम के शिक्षमंत्री डॉ. डेविड वनलालथलाना ने कहा है कि पड़ोसी मुल्कों में लगातार बिगड़ते हालातों के कारण म्यांमार और बांग्लादेश के शरणार्थियों और मणिपुर के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों से विस्थापित लोगों के बच्चे मिजोरम के शरणार्थी स्कूलों में पढ़ रहे हैं। हम उन पर पूरी निगरानी रखते हैं। जब वहां हालात ठीक होते हैं, तो वे वापस भी चले जाते हैं। उन्होंने कहा, इसके अलावा मणिपुर में जब हालात खराब थे, तब वहां के विद्यार्थी भी यहां पढ़ने आए थे। अब काफी संख्या में वे वापस चले गए हैं। शिक्षमंत्री डॉ. डेविड वनलालथलाना ने यह बात आइजोल में अमर उजाला के साथ खास मुलाकात में कही। उन्होंने कहा, राज्य नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने में पूरी तरह से तैयार है। इसके साथ ही राज्य को साक्षरता दर में पहला राज्य बनाने के लिए भी मुख्यमंत्री लालदुहोमा के नेतृत्व में हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, राज्य सरकार को केंद्र सरकार की पूरा सहयोग मिल रहा है, जिससे राज्य का विकास तेजी से हो रहा है।

उन्होंने कहा, राज्य सरकार म्यांमार के शरणार्थियों का बायोमेट्रिक पंजीकरण शुरू करने वाली है। ताकि पूरी तरह से निगरानी रखी जा सके। हालांकि अभी तक यह शुरू नहीं हो पाया है, इसके लिए सरकार केंद्रीय गृहमंत्रालय के संपर्क में है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया सरकारी आंकड़ों के अनुसार राज्य में 41,355 शरणार्थी शरण ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से 33,505 शरणार्थी म्यांमार के हैं, 2,217 बांग्लादेश से हैं, जबकि राज्य में मणिपुर के 2,633 आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्ति भी हैं।

# नृत्य और संगीत के बिना जीवन रंगहीनः दीपक सिन्हा



**कापसहेड़ा,नई दिल्ली।** ।ऑरवेल इंग्लिश इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं विश्व गुरु भारत मिशन के संचालक दीपक सिन्हा ने नवरंग संस्था के उद्घाटन समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संगीत,गायन, नृत्य और अन्य कलाओं के महत्व को विस्तार से समझाया और इनके जीवन में प्रभाव पर चर्चा की। श्री सिन्हा ने कहा कि कलाएँ केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास का भी आधार हैं। उन्होंने बताया कि संगीत मन को शांत करता है, नृत्य शरीर को सक्रिय रखता है और गायन आत्म-अभिव्यक्ति का माध्यम बनता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कला में भी रुचि लेना आवश्यक है, क्योंकि यह व्यक्तित्व को संपूर्ण बनाती है। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और कलाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में हर क्षेत्र में सफलता के लिए रचनात्मकता आवश्यक है, और कलाएँ इस रचनात्मकता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।


कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित रहे।दीपक सिन्हा ने विद्यार्थियों को स्वयं को बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न बनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि शिक्षा और कला का समन्वय ही एक उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।

इस मौके पर नवरंग संस्था के संचालक आदर्श झा सहित सूरज कांत,अमान,आशीष,सौरभ ठाकुर,स्वाति तिवारी,आलोक शुक्ला,प्रांजल शुक्ला,राजबीर सिंह आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## शांति सैनिक अभियानों में खतरा, दोषियों को सजा मिलनी चाहिए, सुरक्षा परिषद में भारत का अहम बयान

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा है कि शांति सैनिक अभियानों में खतरा बढ़ा है और विभिन्न आतंकी संगठन और देश में अशांति फैलाने वाले संगठन शांति सैनिकों को निशाना बना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक अभियानों में खतरा है और शांति सैनिकों को अब नॉन स्टेट एक्टर्स, आतंकियों और सशस्त्र बलों से खतरा है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज जब वैश्विक संघर्ष बढ़ गए हैं और शांति सैनिकों के खिलाफ हमले भी बढ़े हैं, ऐसे वक्त में शांति सैनिकों के खिलाफ अपराध करने वाले लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक अहम बैठक में पी हरीश ने ये बात कही।

# युद्ध विराम पर अमेरिका से बातचीत के बाद क्रेमलिन का दावा,हम वार्ता की समीक्षा कर रहे



**मॉस्को।** तीन साल से रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को रोकने के लिए पिछले दिनों दोनों देशों ने अमेरिका की मध्यस्थता में सैद्धांतिक सहमति जताई थी। सोमवार को अमेरिका और रूस के अधिकारियों ने सऊदी अरब के रियाद में युद्ध विराम को लेकर बात की थी। अब क्रेमलिन ने कहा कि वार्ता के परिणामों का विश्लेषण कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध विराम को लेकर अमेरिका की मध्यस्थता में वार्ता हो रही। अब क्रेमलिन के एक अधिकारी ने कहा कि प्रस्तावित युद्ध विराम को लेकर रियाद में हुई बातचीत की रूस और अमेरिका समीक्षा कर रहे हैं। जल्द ही दोनों देशों के अधिकारी एक बार फिर संपर्क कर सकते हैं। लेकिन अभी इसकी कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी बात कर सकते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध विराम को लेकर अमेरिका और रूस के प्रतिनिधियों की बैठक सोमवार को सऊदी अरब के रियाद में हुई थी। इससे एक दिन पहले अमेरिकी अधिकारियों ने यूक्रेन की एक टीम के साथ रियाद में अलग से बातचीत की थी। मंगलवार को क्रेमिलन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रियाद में हुई बातचीत की मॉस्को और वॉशिंगटन समीक्षा कर रहे हैं। अभी क्रेमलिन ने चर्चा की कोई भी जानकारी सार्वजनिक करने से मना कर दिया है। पेस्कोव ने कहा कि यह एक तकनीकी वार्ता थी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच भी बातचीत की कोई योजना नहीं है, लेकिन जरूरत पड़ने पर ऐसा किया जा सकता है। हालांकि दोनों देशों के बीच संपर्क बना रहेगा, लेकिन यह कैसे होगा, इस बारे में कोई योजना नहीं बनाई गई है। इसके अलावा रूस, अमेरिका और यूक्रेन के बीच तीन तरफा बैठक आयोजित करने की भी कोई योजना नहीं है। तीन साल से जारी यूक्रेन युद्ध में 30 दिन के अस्थायी युद्धविराम पर सैद्धांतिक सहमति बनी थी,लेकिन अभी तक इस पर पूरी तरह अमल नहीं हो पाया है। दोनों देशों के बीच अब भी ड्रोन और मिसाइलों से हमले जारी हैं। युद्धविराम के लिए सबसे बड़ा विवाद यह है कि कौन-कौन से ठिकाने हमलों से सुरक्षित रहेंगे। अमेरिका का कहना है कि ऊर्जा और बुनियादी ढांचे को इस समझौते में शामिल किया जाना चाहिए, जबकि रूस केवल ऊर्जा सुविधाओं तक इसे सीमित रखना चाहता है। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का कहना है कि वह रेलवे और बंदरगाहों को भी इस सुरक्षा के दायरे में लाना चाहते हैं। रियाद में हुई रूस-अमेरिका वार्ता में भाग लेने वाले सांसद ग्रिगोरी करासिन ने बताया कि बातचीत बहुत दिलचस्प और कठिन थी।

## हूती विद्रोहियों पर हमले की अमेरिकी खुफिया योजना हुई लीक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की अहम खुफिया सैन्य जानकारी एक ऐसे ग्रुप चैट में लीक हो गई है, जिसमें पत्रकार भी जुड़े हुए थे। अब इसे लेकर ट्रंप प्रशासन की किरकिरी हो रही है। अभी तक जानकारी लीक करने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। अमेरिका द्वारा यमन में हूती विद्रोहियों पर लगातार हवाई हमले किए जा रहे हैं। अब खबर आई है कि अमेरिका के हूतियों प हमले की खुफिया योजना पहले ही लीक हो चुकी है। दरअसल एक सुरक्षित एप के ग्रुप चैट में इस गुप्त योजना को साझा किया गया था। इस ग्रुप में अमेरिकी सरकार के शीर्ष अधिकारियों के साथ ही एक अमेरिकी पत्रिका के संपादक भी जुड़े हुए थे। जैसे ही ये योजना ग्रुप में साझा हुई, संपादक ने अपनी मैग्जीन में इसे लेकर खबर छाप दी।

# ब्रिटेन की सरकार ने श्रीलंका के सैन्य कमांडर्स पर लगाया प्रतिबंध, मानवाधिकार उल्लंघन के हैं आरोपी



**लंदन।** श्रीलंका में गृहयुद्ध के दौरान मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन के आरोप में ब्रिटेन की सरकार ने श्रीलंका के शीर्ष सैन्य कमांडर्स समेत चार लोगों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब ये लोग ब्रिटेन की यात्रा नहीं कर सकेंगे और ब्रिटेन में स्थित उनकी संपत्ति भी जब्त कर ली गई है। ब्रिटेन ने मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप लगाते हुए श्रीलंकाई सेना के शीर्ष सैन्य कमांडरों सहित चार लोगों पर प्रतिबंध लगाया है। इन सैन्य कमांडर्स पर आरोप है कि साल 2009 में लिट्टे के खिलाफ सैन्य अभियान में इन लोगों ने मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन किया। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, जिन सैन्य कमांडर्स पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें श्रीलंकाई सशस्त्र बलों के पूर्व प्रमुख शैवेंद्र सिल्वा, पूर्व नौसेना कमांडर वसंथा करन्नागोडा और श्रीलंकाई सेना के पूर्व कमांडर जगत जयसूर्या का नाम शामिल है। इनके अलावा लिट्टे के पूर्व उप-नेता विनयमूर्ति मुरलीधरन पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। विनयमूर्ति ने लिट्टे से बगावत की थी और बाद में श्रीलंका सरकार में मंत्री बन गए थे। प्रतिबंध के तहत इन चारों लोगों पर ब्रिटेन की यात्रा करने पर प्रतिबंध रहेगा और इनकी ब्रिटेन में स्थित संपत्ति को भी जब्त कर लिया गया है। बयान में कहा गया है कि जिन लोगों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, उन्होंने श्रीलंका के गृहयुद्ध के दौरान मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन किया। ये लोग न्यायिक हिरासत में हत्या, यातना देने और यौन हिंसा की घटनाओं में शामिल रहे। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा कि प्रतिबंध लगाने का उद्देश्य जवाबदेही तय करना है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की सरकार श्रीलंका की नई सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर है। गौरतलब है कि साल 2020 में अमेरिका भी जनरल सिल्वा पर प्रतिबंध लगा चुका है। साल 2023 में कनाडा की सरकार ने श्रीलंका के दो पूर्व राष्ट्रपतियों महिंदा राजपक्षे और गोटाबाया राजपक्षे पर प्रतिबंध लगाए थे। राजपक्षे भाइयों पर ही लिट्टे के खिलाफ कार्रवाई का नेतृत्व करने का आरोप है।

श्रीलंका में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के नेतृत्व में तमिल लोग अलग देश की मांग कर रहे थे। इसे लेकर लिट्टे ने तीन दशक तक लड़ाई लड़ी, जिसमें 20 हजार से अधिक लोग लापता हुए और इस गृहयुद्ध के दौरान कम से कम एक लाख लोगों की जान गई। 18 मई 2009 को लिट्टे प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरन की मौत के साथ ही इस गृहयुद्ध का अंत हो गया।

# बांग्लादेश में तख्ता पलट की तैयारी? सेना प्रमुख ने बुलाई आपात बैठक

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के सत्ता से हटने के बाद से ही बांग्लादेश में अस्थिरता का दौर जारी है। मोहम्मद यूनुस की सरकार के प्रति भी नाराजगी बढ़ती जा रही है। यही वजह है कि अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि बांग्लादेशी सेना, मोहम्मद यूनुस की सरकार को सत्ता से हटाकर खुद सत्ता पर काबिज हो सकती है। बांग्लादेश में जल्द ही वहां की सेना मोहम्मद यूनुस की सरकार को सत्ता से हटाकर तख्ता पलट करने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि बांग्लादेशी सेना के प्रमुख वकर उज जमां ने सोमवार को सेना के शीर्ष अधिकारियों की एक आपात बैठक बुलाई। जिससे संकेत मिल रहे हैं कि अस्थिरता के दौर से गुजर रहे बांग्लादेश में आने वाले दिनों में कुछ बड़ा हो सकता है।



इंडिया टुडे ने अपनी रिपोर्ट में उक्त दावा किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बांग्लादेशी सेना प्रमुख द्वारा बुलाई गई बैठक में पांच लेफ्टिनेंट जनरल, आठ मेजर जनरल, स्वतंत्र ब्रिगेड के कमांडिंग अफसर और सेना मुख्यालय के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। बीते साल अगस्त में शेख हसीना की सरकार को सत्ता से बेदखल कर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार सत्ता संभाल रही है। हालांकि इस पर बांग्लादेश की जनता की विश्वास नहीं बन पा रहा है और बांग्लादेश में अस्थिरता का दौर जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, सेना की आपात बैठक में देश में स्थिरता लाने में सेना की भूमिका पर चर्चा हुई।

## इविवि के एचओडी को जूते से पीटा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के इंग्लिश डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एसके शर्मा के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विभागीय कार्य को लेकर विभाग के ही एसोसिएट प्रोफेसर ने उन्हें जूते से पीटा। उनकी छाती और सीने में वार किया। विरोध करने पर लात-घूसों से भी मारपीट की। इससे उनके सिर, आंख और कलाई में गहरी चोट आई है। उन्हें तत्काल इलाहाबाद विश्वविद्यालय की एंबुलेंस से तेज बहादुर सप्रू हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां पर प्राथमिक इलाज के बाद स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि उनके सिर में गहरी चोट लगी है। विश्वविद्यालय के लोगों ने मारपीट की जानकारी पुलिस को दी। एसोसिएट प्रोफेसर ने उन्हें क्यों पीटा, पुलिस इसकी जांच कर रही है। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी इस पर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। पीड़ित एचओडी ने बताया कि आरोपी प्रोफेसर ने जूते से सबसे पहले उनके सीने पर मारा। जब उन्होंने हाथ से रोकने की कोशिश की तो उनका हाथ पकड़कर कलाई मोड़ दी। इसके बाद उन पर घूसों से बारिश कर दी।

# स्वच्छता में ही लक्ष्मी जी का निवास होता है : ए के शर्मा

**अवधनामा संवाददाता**





**जौनपुर।** केन्द्र सरकार के सफल 10 वर्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के अप्रतिम और उत्कृष्ट 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, जनपद में त्रिदिवसीय विकास महोत्सव का भव्य शुभारंभ कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्री नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन उर्जा एवं अतिरिक्त उर्जा स्रोत विभाग ए0के0 शर्मा, विधायक मड़ियाहूं डा0 आर के पटेल, एमएलसी बृजेश सिंह ''प्रिंशु'', जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, डा. अजय सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मनोरमा मौर्या, पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम सहित अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंत्री के द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत जनपद से कुल 295 लाभार्थियों को लगभग रु 13 करोड़ 17 लाख का ऋण वितरण एवं ओडीओपी टूल किट प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत टूल किट वितरण, प्रमाण-पत्र तथा सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण सीडा जौनपुर का वेब पोर्टल वेबसाइट लांच मा0 मंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया। मंत्री के द्वारा उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूहों की बीसी सखियों को सम्मानित किया गया और करीब लगभग 3 करोड़ 23 लाख का डेमो चेक दिया गया। मंत्री के द्वारा कहा गया कि इस दिव्य कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को सरकार के अप्रतिम और उत्कृष्ट आठ वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं। आठ वर्ष के कार्यकाल के दौरान शासन के द्वारा सबका साथ, सबका विकास को चरितार्थ किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में ही लक्ष्मी जी का निवास होता है प्रधानमंत्री के द्वारा प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने पहले उद्बोधन में ही इसका उल्लेख किया गया था। दस वर्षो में स्वच्छता का मुद्दा ज्वलंत मुद्दा बनकर उबरा अब लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे है। उन्होंने अब तक शासन के द्वारा किये गये कार्यो तथा देश के विकास में हुए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने भगीरथ के जैसा प्रयास किया है। महाकुम्भ की सफलता इस बात का द्योतक है कि हम विकास के साथ साथ अपनी संस्कृति और परम्परा को सहेज रहे है। मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कोरोना काल में किसानों गरीबों को निःशुल्क अन्न वितरण किया गया। पात्रों को आवास दिया गया, आज हर गांव हर शहर में विद्युत, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं मिल रही है। जनपद में 12 लाख से अधिक लोगो का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। आज सामूहिक रूप से उद्यमियों को 13 करोड़ का प्रतीकात्मक चेक दिया गया है। हमारी सरकार जनता के लिए समर्पित है, शासन प्रतिबद्ध है कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुचें। विधायक मड़ियाहूँ ने विधानसभा क्षेत्र मड़ियाहूँ में भदोही-मड़ियाहूँ मार्ग तथा विद्युत के क्षेत्र में विकास पर शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। सदस्य विधान परिषद ने कहा कि आज प्रदेश सरकार के 08 वर्ष पूर्ण हो रहे है मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा, सुशासन के साथ ही आस्था संस्कृति और परम्परा का समावेश रहा। आम जन के चेहरे पर मुस्कान की प्रतिबद्धता के साथ लोक कल्याण की योजनाओं को संचालित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि उ0प्र0 शासन के 8 वर्ष पूर्ण हुए है सेवा, सुरक्षा, सुशासन की अप्रतिम विकास और समरसता के 8 वर्ष में गरीबी उन्मूलन विकास आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का मंत्री द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टॉल लगाए गए जिसका अवलोकन मंत्री के द्वारा किया गया। सूचना एवं संस्कृति विभाग के कलाकार अजय प्रकाश के द्वारा नुक्कड़ नाटक और अशोक सोनकर जौनपुर के द्वारा लोकगीत गायन के माध्यम से शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। मंत्री के द्वारा उत्कृष्ण कार्य करने वाली बीसी सखियों बैंक सखियों को सम्मानित किया गया। जनपद में सबसे अधिक निवेश करने वाले, सबसे अधिक जीएसटी जमा करने वाले, मसाला उत्पादन करने वाले, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य उत्पादन सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों का शाल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। 05 छात्रों को टैबलेट वितरित किया गया। महोत्सव के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों ने जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। जिला उद्योग केंद्र द्वारा एक जनपद, एक उत्पाद योजना के तहत लाभार्थियों को टूल किट वितरित की गयी। बेसिक शिक्षा विभाग से दीपिका विश्वकर्मा के द्वारा रश्मिरथी का पाठ, द्वारा श्रुतलेख में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर साक्षी गौतम को प्रोत्साहित किया गया। मंत्री द्वारा जनपद जौनपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की विगत 8 वर्ष की उपलब्धियों और केंद्र सरकार की विगत 10 वर्ष की उपलब्धियों से जनसामान्य को जागरूक करने हेतु विभागों के प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम सहित अन्य अधिकारीगण, आमजनमानस मौजूद रहे।

## व्यापारी ने मुनीम पर 35 लाख रूपये के गबन का लगाया गया आरोप

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के चौकियां स्थित नवीन सब्जी मंडी के एक आढ़ती व्यापारी के द्वारा अपने मुनीम के ऊपर 35 लाख रुपए गबन कर भाग जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर प्रार्थना पत्र दिया गया है। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन में जुट गई है। बता दें कि नवीन सब्जी मंडी के आढ़ती ज्ञान चंद्र अग्रहरि का मंडी परिसर में ज्ञानचंद अश्विनी कुमार नाम पर आलू फर्म है। ज्ञानचंद के फर्म पर जमालपुर निवासी अनिल कुमार दस वर्ष से कार्य करता था। आरोप है की मुनीम अनिल कुमार पिछले कुछ महीनों से रोकड़ खाते में जोड़ की गलती कर रूपये चोरी करता था। छः वर्षो में उसने हिसाब में हेराफेरी करते हुए पैतीस लाख रुपए हेराफेरी कर गबन कर गया। ज्ञानचंद के पुत्र सचिन ने बताया की हमारे फर्म का मुनीम अनिल बहुत ही विश्वसनीय युवक था अनिल हमारे यहाँ पिछले कई वर्षों से मुनिमी कार्य लेन देन करता था। खाते की देखरेख रुपए का देन लेन का कार्य स्वयं करता था। आढ़ती मालिक पर उसके प्रति पूर्ण विश्वास था। जबसे रूपये गबन करने का पता चला है। वह घर छोड़कर फरार है।

## जायसवाल हितकारिणी समिति के तत्वाधान में होली मिलन समारोह

**आजमगढ़।** जनपद में जायसवाल हितकारिणी समिति आजमगढ़ के तत्वाधान में होली मिलन समारोह 23 मार्च दिन रविवार को सायं 5:00 बजे स्थान शकुंतलम मैरिज हाल करतालपुर तिराहा आजमगढ़ में श्री राजेंद्र प्रसाद जायसवाल के अध्यक्षता में किया गया । जिसका संचालन सुनील जायसवाल ने किया। सर्वप्रथम गणेश वंदना के साथ होली मिलन का शुरुआत हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा देवी जायसवाल, विशिष्ट अतिथि ऋतिक जायसवाल, प्रेम नारायण जायसवाल, जयप्रकाश जायसवाल, कन्हैयालाल जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद जायसवाल मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा संयुक्तरूप से भगवान सहस्त्रार्जुन के छायाचित्र व डॉक्टर काशी प्रसाद जायसवाल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। 'मंचासीन मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा देवी जायसवाल को अमृता जायसवाल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि श्री ऋतिक जायसवाल का जितेन्द्र जायसवाल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# श्री राम कथा में भक्तों को किया गया यथार्थ गीता का वितरण

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** पुलिस प्रशासन का एक मानवीय चेहरा ऐसा भी कहने को तो पुलिस का काम अपने क्षेत्र में लाइन ऑर्डर मेंटेन करने का है। वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन के द्वारा समाज को सही राह में ले जाने के लिए किए जा रहे हैं इनके कार्यो की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है शहर कोतवाल बांदा पंकज सिंह के द्वारा अपने समस्त पुलिस चौकियों क्षेत्रों में कार्यो को करते-करते बांदा नगर के क्षेत्र में अपनी ड्यूटी निभाने के साथ-साथ एक मानव हित का कार्य करना बहुत बड़ी बात है कोई अपनी ड्यूटी भी कर रहे हैं और समाज को सही मार्ग पर ले जाने का कार्य कर रहे हैं ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है जो आज देखने को मिला। ज्ञात हो कि श्रीनाथ बिहार में चल रही श्री राम कथा के आज विश्राम दिवस के अवसर पर नगर कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार सिंह के द्वारा लगभग 3000 से ऊपर यथार्थ गीता धार्मिक पुस्तकों का वितरण अपने चौकी इचार्ज अलीगंज राकेश द्विवेदी, चौकी इंचार्ज कालूकुआं सी.पी. तिवारी, पुलिस कांस्टेबल, एवं कथा स्थल के सहयोगियों के सहयोग से कथा श्रवण करने वाली भक्तों को वितरित किया गया। इस विशाल कथा स्थल में आने वाले हजारों कथा श्रवण भक्तों को यथार्थ गीता पुस्तक का वितरण किया गया ताकि सभी लोग इस पुस्तक का अध्ययन कर अपने जीवन में उतर कर अपने घर परिवार क्षेत्र वासियों, ग्राम वासियों ,जनपद ,प्रदेश और देश में एक अच्छा संदेश पहुंचाएं ताकि मानव जीवन जो हमें मिला है उसको जीने का सही मार्ग अपना कर लोग अपने देश की प्रगति में भागीदार बने। जानकारी के मुताबिक के पंकज सिंह जहां-जहां भी रहे उन्होंने जाति धर्म से ऊपर उठकर सभी ज्ञानवर्धक ,धार्मिक पुस्तकों, अपने संदेशों के माध्यम से कार्य किया ताकि सभी लोग एक ऐसा वातावरण बनाए जहां आपसी लड़ाई, झगड़ा, ईर्ष्या द्वेष से मुक्ति मिल सके इसी क्रम में आज उन्होंने अपने इस सर्वश्रेष्ठ कार्य अंजाम दिया जो बहुत ही सराहनीय है जनपद में एक अच्छा संदेश लोगों को दिया जा रहा है कृपया अनुकन का इसको अपने जीवन में उतरकर अपना जीवन जीने की शैली को अपना कर अपने साथ-साथ अपने सभी सहयोगियों का मार्गदर्शन करें।

# साइकिल यात्रा को दूसरे दिन हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश आंनदीबेन पटेल के निर्देश पर एवं कुलपति प्रोफेसर वन्दना सिंह के मार्गदर्शन में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की 24मार्च से 26मार्च 2025 तक आयोजित तीन दिवसीय तिरंगा साइकिल यात्रा को आज दूसरे दिन वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ राहुल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जंगी महाविद्यालय, असबरनपुर, जलालपुर, जौनपुर से रवाना किया। इसके पूर्व प्रातःकाल में साइकिल यात्रा दल में सम्मिलित छात्रों को योगाचार्य स्वदेश कुमार- तहसील प्रभारी, युवा भारत ने योग कराया तथा महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को दहेज मुक्त भारत और नशा मुक्त भारत की शपथ टीडी कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक प्रोफेसर एसके वर्मा के द्वारा दिलाई गई। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजभवन में आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विधि छात्र अभिनव कीर्ति पांडेय का विकसित भारत की संकल्पना विषय पर भाषण कराया गया। संचालन तिरंगा साइकिल यात्रा के नोडल अधिकारी डॉ अनुराग मिश्रा ने किया इसके बाद यात्रा अपने अगले पड़ाव त्रिलोचन महादेव पहुंची, जहां छात्रों ने मंदिर में दर्शन कर विकसित भारत का सपना पूर्ण होने के लिए प्रार्थना की, तत्पश्चात यात्रा हरि महाविद्यालय लहंगपुर पहुंची, जहां छात्रों को नशा मुक्त भारत तथा दहेज मुक्त भारत की शपथ नोडल अधिकारी प्रोफेसर राकेश कुमार यादव ने दिलाई। तत्पश्चात विकसित भारत की संकल्पना विषय पर छात्र अभिनव कीर्ति पांडेय का भाषण हुआ। इसके बाद यात्रा सेवंसीपुर, पराऊगंज, मखदूमपुर, भोलागंज बाजार, थानागद्दी, केराकत स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस,अशोक स्तंभ और सरायवीर चौराहे पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भौरा गांव पहुंची, जहां शहीद संजय कुमार सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके परिजनों से भेंटकर विश्वविद्यालय परिवार की तरफ से मान-पत्र,अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर 1857 में अंग्रेजों से लोहा लेने वाले रणबीकुरों की याद में सेनापुर गांव में बने शहीद स्तंभ पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। फिर साइकिल यात्रा देवकली होते हुए शुभ कान्हा संस्थान मुफ्तीगंज में दूसरे दिन की यात्रा समाप्त कर रात्रि विश्राम के लिए रुकी। इस यात्रा में जंगी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मीता राम पाल,प्रेम प्रकाश यादव, डॉक्टर सूबेदार वर्मा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, छेदीलाल सरोज, डॉक्टर पंकज कुमार गौतम,डीके यादव, डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव, श्री हरिदास पीजी कॉलेज लहंगपुर के प्रचार डॉ राकेश कुमार मौर्य, डॉ राज बहादुर यादव ,डॉ कमल कुमार पटेल, डॉ सभाजीत यादव,डॉ राजनाथ यादव,संतोष यादव, महेंद्र यादव, रमेश यादव प्रबंधक-कान्हा शुभ संस्थान,उप निरीक्षक का अभिमन्यु राय एवं विश्वनाथ सिंह, आरक्षी नरेश कुमार, उप निरीक्षक वकील, सरफराज, ऋतिक, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हेमंत, डॉक्टर संदीप पाण्डेय, सत्यलाल यादव फार्मासिस्ट,राजपाल यादव वार्ड, पिंकी पटेल , ममता पाल, लकी राय, नीतू यादव,कोमल यादव ,अंजली यादव, संध्या सरोज,पूनम यादव, विशाखा, सबिता यादव का विशेष योगदान रहा।

# प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एतलस पोखरा के प्रांगण में कच्चा नर्सरी से लेकर 11 तक के छात्रों को वार्षिक परीक्षा फल का वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री सुल्तान सिंह जिला युवा कल्याण अधिकारी आजमगढ़ राजाराम वर्मा पंचस्थानी राज निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र सोनकर पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी गाजीपुर के उपस्थिति में वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व वह सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण संयुक्त रूप से अतिथियों द्वारा किया गया। बच्चों ने सर्वप्रथम गणेश वंदना प्रस्तुत किया स तत्पश्चात सर्वप्रथम 100: जिन छात्रों की उपस्थिति थी उन्हें मेडल मोमेंटो गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात वेस्ट बिहेवियर का पुरस्कार दिया गया । इसके बाद प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र ,छात्राओं को अंक पत्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। एयर ऑफ द स्टूडेंट के रूप में रिमिषा खान कक्षा 7 को घोषित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य धुरुव मौर्य ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभ आशीष दिया। विद्यालय प्रबंधक रमाकांत वर्मा ने सभी अभिभावकों एवं छात्रों का अभिवादन करते हुए कहा कि मेहनत करके हम भविष्य में अपना स्थान किसी भी क्षेत्र में बना सकते हैं।

# महेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण में रामनवमी महोत्सव को लेकर आवश्यक बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** महेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण में केंद्रीय रामनवमी महोत्सव की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चंद्र मोहन बेदी जी ने की बैठक में समिति के अध्यक्ष रमेश त्रिपाठी जी ने सभी साथियों से आवाहन किया कि आगामी 6 अप्रैल को भगवान राम के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्रा में शहर के सभी राम भक्त बड़े जोश और उमंग से उसमें भाग ले और शोभा यात्रा को ऐतिहासिक बनावे महामंत्री अभिषेक पांडे जी ने बताया कि आगामी 30 तारीख से प्रारंभ हो रही चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी महोत्सव की विभिन्न समस्याओं के संदर्भ में 27 तारीख को जिलाधिकारी महोदय को समिति द्वारा एक ज्ञापन दिया जाएगा कार्यक्रम संयोजक अमित सेठ भोलू जी ने बताया की रामनवमी शोभा यात्रा को भव्य एवं दिव्या बनाने के लिए 5 अप्रैल को शाम 4:00 बजे रामलीला मैदान से एक बाइक रैली जन जागरण यात्रा निकल जाएगी जिसमें शहर के सभी राम भक्त सादर आमंत्रित है कोषाध्यक्ष सनी धुरिया जी ने कहा की समिति के सभी साथी अभी से लगकर पूरे शहर को भगवा में बनाने का कार्य करें हर घर में झंडा लगवाने का कार्य करें संरक्षक गोपाल चंद्र अवस्थी जी ने कहा शोभा यात्रा में सभी लोग एक ड्रेस में रहे और सभी लोग अनुशासन में रहे शोभा यात्रा को भव्य एवं दिव्या बनाएं महेंद्र धुरिया शंभू जी ने सभी राम भक्तों से आवाहन किया कि सभी लोग अपने-अपने मोहल्लों से भगवान की शोभायात्रा लेकर रामलीला में आए बैठक में प्रमुख रूप से शशि भूषण द्विवेदी राजू भैया महेंद्र धुरिया शंभू नारायण धुरिया जी अभय प्रताप प्रिंस जी डॉक्टर रमाशंकर राजपूत जी संजीव सिंह बबलू की नईम नेताजी राजेश गुप्ता रंजन जी रामाश्रय गुप्ता पप्पू जी मणि शंकर रूपालिया जी राहुल सिंह महोखर राकेश राजपूत जी मयंक धुरिया जी शिवम चौरसिया सागर गोयल महेश प्रजापति जी सुरेश तिवारी सल्लू महाराज अमर सिंह यादव रजत रावत मयंक निगम शिवम खरे संतोष सिंह कारण कार्तिकेय गुप्ता सुनील त्रिपाठी श्लोक द्विवेदी आर्यन साहू प्रियांशु शिवहरे सहित समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बादशाहपुर रेलवे स्टेशन पर अर्चना ट्रेन ठहराव के लिए सांसद ने सदन में उठाया मुद्दा



**जौनपुर।** राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने मंगलवार को श्रद्धालुओं व व्यापारियों की समस्याओं को लेकर सदन में अर्चना एक्सप्रेस ट्रेन मुंगराबादशाहपुर स्टेशन पर ठहराव के लिए मांग उठाई। सांसद सीमा द्विवेदी ने वैष्णो देवी धाम जाने वाले श्रद्धालुओं तथा व्यापारियों की मांग पर राज्यसभा सदन में उपसभापति हरिवंश के समक्ष अवगत कराया कि विधानसभा मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के अंतर्गत पटना से जम्मू तक जाने वाली गाड़ी संख्या - 12355 अर्चना एक्सप्रेस,और गाड़ी संख्या - 12356 अर्चना एक्सप्रेस जो जम्मू से पटना के लिए बादशाहपुर रेलवे स्टेशन से होकर गुजरती है। भारी संख्या में तीर्थ यात्री माता वैष्णो की दर्शन करने जाना चाहते हैं जो कि जा नहीं पाते हैं। मामला आस्था से जुड़ा हुआ है। ट्रेन का ठहराव न होने के कारण श्रद्धालुओं और व्यापारियों के व्यापार में बड़ी निराशा होती है। उन्होंने सरकार का ध्यानआकृष्ट कराते हुए कहा कि जनहित में पटना से जम्मू तवी अर्चना एक्सप्रेस का ठहराव 2 मिनट मुंगरा बादशाहपुर रेलवे स्टेशन पर कराने का अनुरोध किया। जिससे भारी संख्या में श्रद्धालु माता वैष्णो का दर्शन कर सकें।

## आधार कार्ड बनाने वाले केन्द्रों की संख्या में हो बढ़ोत्तरी



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी ने चित्रकूट धाम मंडल बांदा के आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि वर्तमान समय में लोगों को आधार कार्ड बनवाने और संशोधन करवाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस समय लगभग सभी सरकारी योजनाओं में लोगों को आधारकार्ड की जरुरत पड़ती है। छोटे बच्चों से लेकर किसानों मजदूरों और बुजुर्गों को भी आधार कार्ड देना पड़ता है। पूर्व में बनाए जा चुके त्रुटिपूर्ण आधार कार्डों के कारण पात्र होने के बावजूद तमाम लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। ऐसे में आधार कार्ड बनाए जाने वाले केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आधार कार्ड के नाम पर किसी प्रकार की धन उगाही न हो। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## कार्यकर्ताओं का सम्मान ही प्राथमिकता : फुज़ैल



**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी ने कहा है कि उनके लिये पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान ही प्राथमिकता है। कार्यकर्ता संगठन की नींव है। चकनिरातुल वार्ड द्वारा अध्यक्ष मो. नसीम की अध्यक्षता में मंगलवार को हुये स्वागत समारोह में बोलते हुए हाशमी ने कहा कि अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और दलितों के हकों की लड़ाई मजबूती से लड़ना है। सवाल दागा कि पीएम मोदी और भाजपा गठबंधन की आंध्रप्रदेश सरकार मुस्लिमों को आरक्षण दे तो कोई दिक्कत नहीं लेकिन कांग्रेस कर्नाटक में इस कौम को 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करे तो भाजपा को परेशानी है। संचालन शहर उपाध्यक्ष हाज़ी परवेज़ सिद्दीकी ने किया। यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, हरिकेश त्रिपाठी, मो. जावेद, नाज़ खान, मो. सब्बीर, असरफ बब्बू, मो. लाडले, मो.अनवर , अमजद अली , रिजवान अहमद , मो. इसराइल, मो. वसीम आदि ने संबोधित किया।

# नोट कांड- जस्टिस वर्मा गो बैक के नारे लगे

**इलाहाबाद में वकील हड़ताल पर गए, बोले-हाईकोर्ट में ऐसे जज को बैठने नहीं देंगे**



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** कैश कांड में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा का दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर किए जाने पर वकील अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। आज सुबह से इलाहाबाद हाईकोर्ट के बाहर वकील यज्ञ और हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। वकीलों ने कहा कि ये यज्ञ इसलिए कर रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट के वकीलों को सद्बुद्धि आए। हम किसी भी हाल में यशवंत वर्मा को हाईकोर्ट में बैठने नहीं देंगे। वकीलों ने %जस्टिस वर्मा गो बैक% के नारे लगाए। वकीलों के प्रदर्शन से इलाहाबाद हाईकोर्ट में करीब 10 हजार केस की सुनवाई मंगलवार को टल गई। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव विक्रांत पांडेय ने कहा- सुप्रीम कोर्ट के जजों की बुद्धि-शुद्धि के लिए हम लोग यहां हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं, हम लोग काम पर नहीं लौटेंगे। भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे व्यक्ति को इलाहाबाद ट्रांसफर कर क्या संदेश देना चाह रहे हैं? क्या दिल्ली हाईकोर्ट ज्यादा स्वच्छ है और इलाहाबाद हाईकोर्ट कूड़ादान है? एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा- यशवंत वर्मा जज के रूप में बने रहने लायक नहीं हैं। बार एसोसिएशन जज के कहीं भी ट्रांसफर का विरोध करती है। जस्टिस वर्मा ने जो फैसले इलाहाबाद हाईकोर्ट या दिल्ली हाईकोर्ट में सुनाए हैं, उस पर पुनर्विचार किया जाए।

# भारत रत्न सम्मान से सुशोभित डॉ0 उदय प्रताप सिंह का भव्य स्वागत



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** ठा0 हर नारायण सिंह ग्रुप आफ कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षकगण, कार्यालय स्टॉफ एवं हजारों छात्र व छात्राओं ने डॉ0 उदय प्रताप सिंह के प्रयागराज आगमन पर महाविद्यालय परिसर में दिव्य एवं भव्य स्वागत किया। भारत सरकार के अधिकृत पुरुस्कृत निकाय द्वारा नई दिल्ली में डॉ0 उदय प्रताप सिंह को ''भारत रत्न सम्मान'' से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान भारत रत्न सम्मान मूल्यांकन बोर्ड द्वारा भारत सरकार के निर्देश पर शिक्षा, विकास एवं परोपकारी के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। यह पुरुस्कार डॉ0 उदय प्रताप सिंह का इन क्षेत्रों में विशेष रूप से कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के कारण प्रभाव को मान्यता देने के लिए दिया गया है। सर्वप्रथम डॉ0 उदय प्रताप सिंह के महाविद्यालय परिसर आगमन पर सैकड़ों की संख्या में छात्र/छात्राओं ने उनके स्वागत में पुष्प वर्षा किया एवं चंदन टीका लगाकर उन्हें मंच तक लाया गया। जहां कार्यालय अधीक्षक इन्द्र भूषण सिंह ने अलंकृत शब्दों एवं कविता के माध्यम से उनका स्वागत किया। प्राचार्य डॉ0 अजय कुमार गोविन्द राव ने अपने स्वागत उद्बोधन में निदेशक डॉ0 उदय प्रताप सिंह की कर्मनिष्ठा की चर्चा करते हुए शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये समर्पित सेवाओं की फेहरिस्त को विस्तारित करते हुए बताया कि वे वाकई भारत रत्न सम्मान के पूर्णतः हकदार हैं। डॉ0 सिंह को प्राप्त इस सम्मान से पूरा प्रबन्धन और महाविद्यालय परिवार गदगद है। डॉ0 सिंह को अध्यक्ष गोविन्द बिहारी मिश्रा, उप निदेशक विनय प्रताप सिंह प्रचार्य डॉ0 अजय कुमार गोविन्द राव ने अंगवस्त्रम एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं इन्द्र भूषण सिंह एवं समस्त शिक्षकगण, समस्त कार्यालय स्टॉफ ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मंच संचालन हिन्दी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ0 अम्बिका पाण्डेय ने किया।

## रोजगार मेले में 203 अभ्यर्थियों का चयन किया गया



**आजमगढ़।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज तीन दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन मा0 मंत्री श्रम एवं सेवायोजन अनिल राजभर द्वारा किया गया। रोजगार मेले में 32 निजी क्षेत्र की कम्पनियों ने प्रतिभाग किया गया, जिसमें 580 प्रतिभागियों के सापेक्ष 203 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। सहायक निदेशक (सेवायोजन) राममूर्ति एवं प्रधानाचार्य राजकीय आई0टी0आई0 अरूण कुमार के कुशल निर्देशन में मेला का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवायोजन, आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के समस्त कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया।

# 81 प्रतिशत भारतीय अपनी जीवन बीमा जरूरतों को कम करके आंकते हैं, सर्वे में खुलासा

**मुंबई।** बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस द्वारा नीलसनआईक्यू के सहयोग से किए गए एक हालिया बात सामने आई है। लोगों का मानना है कि उनकी वार्षिक आय के 10 गुना से कम जीवन बीमा कवरेज



अध्ययन के अनुसार, भारत में युवा बड़े पैमाने पर जीवन बीमा करवा रहे हैं। इससे पहली बार जीवन बीमा खरीदने वालों की औसत आयु 33 वर्ष से घटकर 28 वर्ष हो गई है। सर्वे में और कौन सी नई बातें कही गईं हैं, आइए जानते हैं।

81 प्रतिशत भारतीय अपनी जीवन बीमा की जरूरतों को कम करकेआंकते हैं। एक सर्वे में यह वित्तीय सुरक्षा के लिए पर्याप्त है। हालांकि वास्तव में कवरेज के आंकड़े कुछ ओर बताते हैं कि शहरी क्षेत्रों में औसतन जीवन कवर वार्षिक आय 3.1 गुना था, जो बड़े पैमाने पर समृद्ध परिवारों के लिए 2.9 गुना तक गिर गया है।

बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस द्वारा नीलसनआईक्यू के सहयोग से किए गए एक हालिया अध्ययन के अनुसार, भारत में युवा बड़े पैमाने पर जीवन बीमा करवा रहे हैं। इससे पहली बार जीवन बीमा खरीदने वालों की औसत आयु 33 वर्ष से घटकर 28 वर्ष हो गई है। हालांकि इसके बावजूद बहुत से लोग अब भी अपर्याप्त राशि का बीमा करवाते हैं। उनका कवरेज उनकी वार्षिक आय के कम से कम 10 गुना के आदर्श स्तर से भी काफी कम है।

जीवन बीमा रुझानों में दिखे हैं महत्वपूर्ण बदलाव

अध्ययन में जीवन बीमा रुझानों में महत्वपूर्ण बदलाव का पता चलता है, जिसमें पहली बार बीमा खरीदने वालों की औसत आयु 33 से घटकर 28 वर्ष हो गई है। पारिवारिक जिम्मेदारियां आय का स्तर और स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बीमा अपनाने के लिए प्रमुख कारक बनकर उभरी हैं। दूसरा भारतीयों का मानना था कि उनके पास उनकी आय का 6.4 गुना कवरेज है, लेकिन वास्तविक कवरेज औसतन केवल 3.1 गुना है, जो वित्तीय तैयारी में एक बड़े अंतर है।

तीसरा तीन में से एक से अधिक भारतीयों ने कभी भी अपने जीवन बीमा कवरेज की समीक्षा नहीं की है, यहां तक कि जीवन की बड़ी घटनाओं के बाद भी स्व-रोजगार और संपन्न व्यक्तियों में यह संख्या बढ़कर 43 प्रतिशत हो जाती है, जिससे उन्हें कम बीमा होने का अधिक जोखिम होता है। चौथा, युवा व्यक्ति पहले से ही बीमा खरीद रहे हैं, 46-50 आयु वर्ग, जो आमतौर पर 33 वर्ष की आयु में पॉलिसी खरीदता था, ने अपनी बीमित राशि में कम विश्वास व्यक्त किया, जो कवरेज पर्याप्तता के बारे में चल रही अनिश्चितता को दर्शाता है। पांवचां, 46 प्रतिशत भारतीय जीवन बीमा निर्णयों के लिए व्यक्तिगत शोध पर भरोसा करते हैं, जो स्व-निर्देशित सीखने को प्राथमिकता देते हैं।

आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तरुण चुघ ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद, कुल बीमित राशि जीडीपी का सिर्फ 70 प्रतिशत है - जो कि अमेरिका (251 प्रतिशत), थाईलैंड (143 प्रतिशत ) और मलेशिया (153 प्रतिशत) जैसे देशों की तुलना में काफी कम है, जो एक महत्वपूर्ण सुरक्षा अंतर को उजागर करता है। यह कमी परिवारों को आर्थिक रूप से कमजोर बना सकती है, जिससे उन्हें संकट के समय बचत में से पैसे निकालने या संपत्ति बेचने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जिससे उनके जीवन के लक्ष्य पटरी से उतर सकते हैं।

चुघ के अनुसार भारत में अब भी लोगों में जीवन बीमा को लेकर जागरुता कम है।

## मई के अंत से कर्मचारी यूपीआई-एटीएम के जरिए निकाल सकेंगे अपने पीएफ का पैसा, श्रम सचिव ने किया दावा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ग्राहकों को यूपीआई और एटीएम के जरिए पीएफ का पैसा निकालने की सुविधा देने के लिए एक क्रांतिकारी पहल करने को तैयार है। मई के अंत तक इस सुविधा की शुरुआत हो सकती है। यह जानकारी श्रम सचिव ने दी है। आइए इस बारे में और जानें।

भारत के कामकाजी लोगों के लिए सरकार की ओर से एक अच्छी खबर आई है। केंद्रीय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ ) एकीकृत भुगतान इंटरफेस ( यूपीआई ) के जरिए भविष्य निधि ( पीएफ का पैसा ) निकालने की सुविधा देने के लिए एक क्रांतिकारी पहल करने को तैयार है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणाली संचालित करने वाले भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की सिफारिश को मंजूरी दे दी है।

एएनआई के साथ विशेष बातचीत में श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा बताया कि पीएफ सदस्य जल्द ही, संभवत÷ इस साल के मई या जून के



अंत तक यूपीआई और एटीएम के माध्यम से अपना पैसा निकाल सकेंगे।

डावरा ने कहा इस सुविधा की शुरुआत होने से ग्राहक एक परिवर्तनकारी बदलाव का अनुभव करेंगे। वे अपने पीएफ खाते की शेष राशि को सीधे यूपीआई पर देख पाएंगे सदस्य अब मौजूदा बीमारी प्रावधानों के अलावा आवास, शिक्षा और विवाह के लिए भी धनराशि निकाल सकते हैं।

सचिव ने कहा, ईपीएफओ ने अपनी प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। निकासी प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए 120 से अधिक डेटाबेस को एकीकृत किया गया है। दावा प्रसंस्करण समय नाटकीय रूप से घटकर मात्र 3 दिन रह गया है, 95त्न दावे अब स्वचालित हैं। प्रक्रिया को और सरल बनाने की भी योजना है। डावरा ने कहा कि पेंशनभोगियों को भी हाल के सुधारों से लाभ हुआ है।

# मनोज बाजपेयी ने टाटा सोलफुल नो मैदा रस्क के साथ हर चाय को बनाया अपनी चाय

**कानपुर।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रमुख ब्रांड टाटा सोलफुल ने मिलेट-बेस्ड स्नैक्स और पैकेज्ड फूड्स के क्षेत्र में अपनी खास पहचान बनाई है। अब यह ब्रांड भारत की पारंपरिक चाय पीने की आदतों में बदलाव लाने के लिए टाटा सोलफुल नो मैदा (बिना मैदे वाला) रस्क लेकर आया है।

इस लॉन्च को प्रचारित करने के लिए टाटा सोलफुल ने मशहूर अभिनेता और ब्रांड एंबेसडर मनोज बाजपेयी को शामिल किया है। उनका नया कैंपेन हर चाय को अपनी चाय बनाए टैगलाइन के साथ भारतीयों की विशेष रूप से चाय पीने की ललक को एक प्रकार से बढ़ा बना दिया है।

उल्लेखनीय है ÷रस्क÷ भारतीय चाय के साथ लंबे समय से जुड़ा हुआ स्नेक्स है, लेकिन अधिकतर पारंपरिक रस्क मैदा से बने होते हैं। टाटा सोलफुल नो मैदा रस्क पूरी तरह से मैदा-मुक्त है, जो इसे




सेहतमंद विकल्प बनाता है। यह दो स्वादिष्ट फ्लेवर्स - एरोमेटिक इलायची और रिच बटर में उपलब्ध है। इसकी विशेषता यह है कि यह चाय में डुबाने के बाद भी कुरकुरा बना रहता है।

इस कैंपेन का मुख्य आकर्षण एक अनोखी फिल्म है, जिसमें मनोज बाजपेयी एक औपचारिक चाय पार्टी में स्वादहीन चाय के साथ टाटा सोलफुल नो मैदा रस्क खाते हैं और माहौल को एक मज़ेदार चाय टाइम में बदल देते हैं। फिल्म भारतीयों के कड़क चाय प्रेम और पारंपरिक अंग्रेज़ी चाय संस्कृति के बीच के अंतर को दिलचस्प तरीके से दिखाती है। मनोज बाजपेयी की सहज और देसी छवि इस ब्रांड की उच्च गुणवत्ता और भारतीयता को बेहतरीन रूप से दर्शाती है।

लॉन्च पर बोलते हुए, टाटा सोलफुल की सीएमओ, रसिका प्रशांत ने कहा चाय और रस्क भारतीय घरों का एक अहम हिस्सा हैं, लेकिन अधिकतर रस्क मैदा से बने होते हैं, जो रोज़मर्रा की सेहत के लिए सही नहीं माने जाते। टाटा सोलफुल नो मैदा रस्क के जरिए हम उपभोक्ताओं को एक बेहतर और सेहतमंद विकल्प दे रहे हैं, जिसमें स्वाद और क्रंच का पूरा आनंद मिलेगा। इस कैंपेन के जरिए हम हास्य और सहजता से उपभोक्ताओं तक यह संदेश पहुंचा रहे हैं कि टाटा का रस्क चुनकर वे अपनी हर चाय को और खास बना सकते हैं। मनोज बाजपेयी की गर्मजोशी और विश्वसनीयता हमें पूरे भारत में उपभोक्ताओं से जुड़ने में मदद करेगी।

## सोने की कीमतों में 100 रुपये की नरमी

**नई दिल्ली।** आभूषण कारोबारियों और खुदरा विक्रेताओं की मांग में कमी आने के कारण सोना 100 रुपये कमजोर हो गया। वहीं, चांदी की कीमतों में 500 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई। आइए जानते हैं सर्राफ बाजार विस्तृत हाल।

आभूषण कारोबारियों और खुदरा विक्रेताओं की मांग में कमी आने के कारण सोना 100 रुपये कमजोर हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार के मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोना 100 रुपये की कमी के साथ 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बंद हुआ था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्ध वाले सोने की कीमत भी लगातार चौथे कारोबारी सत्र में कमजोर हुई और 100 रुपये की गिरावट के साथ 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ कमोडिटी विश्लेषक सौमिल गांधी के अनुसार, अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है, क्योंकि इस बात के संकेत मिले हैं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ का अगला दौर शुरूआती अनुमान से कम कठोर हो सकता है।

चांदी की कीमत भी सोमवार के बंद स्तर 1,00,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 500 रुपये घटकर 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 12.56 डॉलर या 0.42 प्रतिशत बढ़कर 3,023.60 डॉलर प्रति औंस हो गया।

कोटक सिक्योरिटीज की कमोडिटी रिसर्च की एवीपी कायनात चैनवाला ने कहा, अमेरिका में टैरिफ की अगली लहर के अधिक केंद्रित होने के संकेत से व्यापारियों को राहत मिली है, जिससे व्यापक व्यापार युद्ध की आशंका कम हुई है, जिससे सोना 3,020 डॉलर प्रति औंस के करीब कारोबार कर रहा है।

## शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद सपाट क्लोजिंग, संसेक्स 32 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को उतार-चढ़ाव के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। इनमें बढ़त का सिलसिला सातवें सत्र में भी जारी रहा, हालांकि हाल की तेज बढ़त के बाद बाजार में मुनाफावसूली देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 32.81 अंक या 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,017.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 757.31 अंक या 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,741.69 अंक पर पहुंचा। एनएसई निफ्टी 10.30 अंक अथवा 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,668.65 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में सर्वाधिक लाभ रहा।

जोमेटो में करीब छह प्रतिशत की गिरावट आई, उसके बाद इंडसइंड बैंक में करीब 5 प्रतिशत की गिरावट आई। अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और सन फार्मा भी पिछड़ने वालों में शामिल हैं।

छह दिन की रिकवरी रैली के बाद बाजार में दिखी मुनाफावसूली

## कृषदेव उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बने विजेता

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे तेज मानव कैलकुलेटर नीलकंठ भानु द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अंकगणित चैंपियनशिप में देश के 750 शहरों से 6 हजार से अधिक स्टुडेंट्स ने हिस्सा, जिसमें केवल केवल 300 से अधिक छात्र ही फाइनल राउंड में पहुंच सके। इनमें लखनऊ के कक्षा 4 के छात्र कृषदेव उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता बने । कृषदेव ने अपनी जीत पर कहा, इस प्रतियोगिता ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है, और मैं अपने स्कूल वर्क में भी फर्क देख सकता हूं। मैंने रोज़ अभ्यास किया और हर सवाल के पीछे के कॉन्सेप्ट को बेहतर तरीके से समझने के लिए नोटबुक में समस्याओं को हल किया। इस दृष्टिकोण ने मुझे प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह से तैयार होने में मदद की। यह प्रतियोगिता बेहद रोमांचक थी, न जहां छात्रों ने आमने-सामने मुकाबला किया और कुल 1,80,000 सवाल हल किए, जिनमें से केवल फाइनल राउंड में ही 45,000 से अधिक सही उत्तर दर्ज किए गए।

## बजाज फिन्सर्व लार्ज एंड मिड कैप फंड ने मनाई पहली सालगिरह, निवेशकों को मिला बेहतर रिटर्न

**लखनऊ।** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने अपने बजाज फिन्सर्व लार्ज एंड मिड कैप फंड की पहली वर्षगांठ मनाई। अपने पहले ही साल में इस फंड ने निफ्टी लार्ज मिडकैप 250 टीआरआई बेंचमार्क को पीछे छोड़ते हुए डायरेक्ट प्लान में 8.07 फीसदी और रेगुलर प्लान में 6.45 फीसदी का संचयी रिटर्न दिया। बजाज फिन्सर्व एएमसी के मुख्य निवेश अधिकारी, निमेश चंदन ने कहा, बजाज फिनसर्व लार्ज एंड मिड-कैप फंड गुणवत्ता पर ध्यान देने और लंबे समय तक निवेश में बने रहने वाले निवेशकों के लिए है।

मोट-आधारित निवेश पर हमारा फोकस हमें मजबूत, स्थायी प्रतिस्पर्धी लाभ वाली कंपनियों की पहचान करने की अनुमति देता है। इससे लंबे समय में वृद्धि के लिए एक लचीला आधार मिलता है, और इससे हम अपनी रिस्क प्रोफाइल को संतुलित बनाए रख सकते हैं।

बजाज फिन्सर्व लार्ज एंड मिड कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है जिसका उद्देश्य मुख्य रूप से लार्ज और मिड कैप कंपनियों में इक्विटी और इक्विटी-संबंधित उपकरणों में निवेश करके लंबे समय में अच्छी पूंजी बनाना है। इसे निफ्टी लार्ज मिडकैप 250 टीआरआई के मुकाबले बेंचमार्क किया गया है।

## अमेरिका से व्यापार समझौते पर भारत को सतर्क रहने की जरूरत, जीटीआरआई की चेतावनी

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के दौरान भारत को सावधान रहना होगा, क्योंकि अमेरिका में फास्ट ट्रैक ट्रेड अथॉरिटी नहीं होने के कारण समझौते में किसी भी बड़े बदलाव के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेने की जरूरत पड़ सकती है। आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने दोनों देशों के बीच व्यापार पर वार्ता शुरू होने के खबरों के बीच यह बात कही है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका की पोस्ट-एफटीए सर्टिफिकेशन प्रक्रिया के कारण, अमेरिका को किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद भी फिर से मोलभाव करने का मौका मिल जाता है। बातचीत के दौरान अमेरिकी अधिकारी भारत से घरेलू कानून में बदलाव, नियामकीय सुधार और नीतिगत बदलाव से जुड़े ऐसे मांग कर सकते हैं, जिससे देश की संप्रभुता प्रभावित हो सकती है।

उन्होंने कहा, भारत को अमेरिका से बातचीत में न केवल कूटनीतिक कौशल दिखाने की जरूरत है। इसके अलावे हमें अमेरिका की व्यापारिक नीतियों में मौजूद कानूनी असमानताओं से भी सतर्क रहना होगा।

अमेरिका में फास्ट ट्रैक ट्रेड अथॉरिटी नामक प्राधिकरण 2021 से समाप्त हो चुका है। इसके कारण, अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से किए गए किसी भी व्यापार समझौते को कांग्रेस में संशोधन, टलने या अस्वीकृति का सामना करना पड़ सकता है। दूसरी ओर, किसी भी व्यापार समझौते में अमेरिका एकतरफा यह तय करता है कि समझौते के तहत भागीदार देश ने अपनी सभी शर्तें पूरी की हैं या नहीं। अमेरिकियों ने प्रक्रिया का अतीत में कई देशों पर अतिरिक्त शर्तें थोपने के लिए इस्तेमाल किया है।

श्रीवास्तव ने कहा, ये दोनों कारण व्यापार समझौते से जुड़ी गंभीर अनिश्चितता पैदा करते हैं।

# अदृश्यम 2- द इनविज़िबल हीरोज़ का रोमांचक ट्रेलर जारी


**लखनऊ।** सोनी लिव के जासूसी थ्रिलर 'अदृश्यम 2-द इनविज़िबल हीरोज़' का बहु-प्रतीक्षित ट्रेलर आखिरकार आ चुका है। तो अब एक यादगार जंग देखने के लिए तैयार हो जाइए। यह सीजन 4 अप्रैल से स्ट्रीम होगा और इसमें दर्शकों को भरपूर एक्शन, दिमाग को झकझोरने वाले ट्विस्ट्स तथा अनदेखे दुश्मनों के खिलाफ जबर्दस्त लड़ाई देखने को मिलेगी। तनाव बढ़ चुका है और इस बार सीरीज में एक नया चेहरा भी शामिल हुआ है। अभिनेत्री पूजा गौर मिशन में ऑफिसर दुर्गा की भूमिका निभाएंगी और शो में नई एनर्जी लेकर आएंगी। रवि वर्मा की ही भूमिका निभा रहे ऐजाज़ खान ने अपना रोमांच दिखाते हुए कहा, ''अदृश्यम 2 ज्यादा बड़ा, बोल्ड और धुआंधार है। इस सीजन में रवि अकेले नहीं लड़ रहा है। उसके साथ एक अंडरकवर एजेंट दुर्गा भी है, जिसकी भूमिका पूजा गौर निभा रही हैं। जंग के मैदान में वह एक नया नजरिया और ऐसी ताकत




लेकर आ रही हैं, जिसे कोई रोक नहीं सकेगा। साथ मिलकर हम उन दुश्मनों का सामना कर रहे हैं, जो पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक हैं। अगर आपको सीजन 1 रोमांचक लगा था, तो तैयार हो जाइए, यह तो बस शुरुआत है।''

शो के लिये अपना रोमांच दिखाते हुए, दुर्गा की भूमिका निभा रहीं पूजा गौर ने कहा, ''ऐसा किरदार मैंने पहले कभी नहीं किया। वह कोई आम अधिकारी नहीं है, बल्कि ऐसी ताकत है, जिसे कोई रोक नहीं सकता। वह लड़ने, पीछा करने और अपने लोगों के लिये अपनी सुरक्षा को भी दांव पर लगाने के लिये तैयार है। उसके सामने बड़ी ही क्रूर चुनौतियाँ हैं, जो कि उसे हराना चाहती हैं, लेकिन वह कभी हार नहीं मानती है। अदृश्यम 2 बहुत रोमांचक है और मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि दर्शक इस शो का आनंद उठाएं!''अदृश्यम 2- द इनविज़िबल हीरोज़ में बेहतरीन जासूसों की एक टीम है, जो खतरों के आने से पहले ही उन्हें खत्म करने के मिशन पर हैं। ऐजाज़ खान के किरदार रवि वर्मा और पूजा गौर द्वारा अभिनित दुर्गा के साथ यह सीजन ज्यादा गहरे षड्यंत्रों, जानलेवा धोखे और देश को बचाने के लिये लगातार चल रही जंग दिखाने के लिए तैयार है। इसमें बेहतरीन कलाकार स्वरूपा घोष और तरुण आनंद भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। बॉम्बे शो स्टूडियोज एलएलपी से समर्थित 'अदृश्यम 2- द इनविज़िबल हीरोज़' के निर्माता सचिन पांडे और आदित्य पांडे हैं। इसमें लगातार एक्शन और सस्पेंस देखने को मिलेगा। दमदार एक्शन देखने से मत चूकिये! 'अदृश्यम 2- द इनविज़िबल हीरोज़' 4 अप्रैल से सिर्फ सोनी लिव पर स्ट्रीम होने जा रहा है।

# मेन ऑफ प्लैटिनम के साथ मनाइए एमएस धोनी की अटूट विरासत का जश्न



हर एमएस धोनी के फैन्स के लिए यह सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि विश्वास, धैर्य और अमर पलों से जुड़ा एक अटूट रिश्ता है। तो इस सीजन इस महान खिलाड़ी को सम्मान दें और अपने फैनडम को गर्व से पहनें मेन ऑफ़ प्लेटिनम एक्स एमएस धोनी सिग्नेचर एडिशन के साथ। बड़ी ही बारीकी से बना यह दुर्लभ प्लैटिनम एक ऐसा धातु है, जो क्रिकेट के इस महानायक की विरासत की तरह अटूट और अमर है।95 प्रतिशत प्लैटिनम से बने इसके हर पीस को पूरे आकर्षण, दमदार डिजाइन और बड़ी ही बारीकी से तैयार किया गया है, और साथ ही इसमें धोनी के सिग्नेचर को उकेरा गया है, जो उनके शानदार क्रिकेट के सफर का प्रतीक है। चाहे वह बोल्ड ब्रेसलेट हो, स्लीक चेन हो या स्टेटमेंट रिंग, हर डिजाइन अपनी क्लासिक सुंदरता से फैशन को मनोरंता से जोड़ता है। इस आईपीएल सीजन, अपने गेम-डे लुक को नए लेवल पर ले जाएं प्लैटिनम ज्वेलरी के साथ, जो धोनी की दिग्गज भावना को हर जगह आपके साथ रखती है।

सिग्नेचर कलेक्शन के बारे में बात करते हुए एमएस धोनी ने बताया कि मेरे क्रिकेट के सफ़र के दौरान, हर चुनौती, जीत और सीख ने मुझे नया आकार दिया है। ऐसे मूल्य सिखाए हैं जो मुझे जीवन और मैदान दोनों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। प्लैटिनम दुर्लभ, मजबूत और हमेशा टिकने वाला धातु है, ठीक उसी तरह जैसे हर चुनौती का सामना करने के लिए चाहिए जाने वाला जज़्बा। मेरे लिए, प्लैटिनम ज्वेलरी पहनना संघर्ष और सहनशीलता की याद दिलाता है। यही कारण है कि मेन ऑफ़ प्लेटिनम के साथ यह सहयोग मेरे लिए खास है। इस कलेक्शन का हर पीस सिर्फ एक ट्रेंड नहीं, बल्कि समय से परे एक प्रतीक है। जो धैर्य, आत्म-अभिव्यक्ति और आगे बढ़ते रहने के जुनून को दिखाता है।÷

यहां देखिए मेन ऑफ़ प्लेटिनम के एमएस धोनी सिग्नेचर एडिशन के कुछ शानदार पीस, जो पहनने वालों में भी वही महानता की भावना जगाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। चाहे आप स्टेडियम में बैठकर टीम को चीयर कर रहे हों, किसी लाउंज में मैच का रोमांच ले रहे हों, या एक्सक्लूसिव स्क्रीनिंग होस्ट कर रहे हों। आपका गेम-डे लुक को और भी निखारने की दरकार है। इन खास ज्वेलरी पीसेस के साथ, जो कॉन्फिडेंस, स्टाइल और अटूट विनिंग स्पिरिट को दर्शाते हैं, अपने लुक को और भी खास बनाएं।

प्लेटिनम ग्रिड ब्रेसलेट - सुंदरता और मजबूती का शानदार संगम इस दो रंगों वाले कड़े में है, साथ ही इसके किनारों पर रोज़ गोल्ड की खूबसूरत डिज़ाइन उकेरी गई है। यह कड़ा 95त्न शुद्ध प्लेटिनम से बना है, प्लेटिनम एक ऐसा धातु है जिसकी मजबूती सालों साल बरकरार रहती है, इसीलिए यह बहुत दुर्लभ है। इस पर क्रिकेट के महारथी एमएस धोनी के हस्ताक्षर हैं, जिससे यह उन लोगों के लिए परफेक्ट बन जाता है, जो बड़ी सौम्यता से अपने संकल्प की और बढ़ते है और जिनका व्यक्तित्व बड़ा दमदार होता है।

प्लेटिनम मूमेंटम ब्रेसलेट - इस ब्रेसलेट में सामने की ओर ट्राईएंगल के आकार में उभरी हुई संरचनाएं हैं, जो ग्लॉस और मैट फ़िनिश में उभर कर आती हैं। ये अपने अटल मूल्यों के साथ जीवन के उतार-चढ़ाव पार करने की शक्ति का प्रतीक हैं। इनमें पीछे की ओर स्लीक ब्लैक सेंटरपीस में एमएस धोनी के हस्ताक्षर हैं। प्लेटिनम में बना यह ब्रेसलेट उतना ही मज़बूत है, जितनी मजबूत इसकी प्रेरणा है। यह ब्रेसलेट उन लोगों के लिए बनाया गया है जो दृढ़ता से जीवन की चुनौतियों सामना करते हैं और साबित करते हैं कि सच्ची महानता अंदर से आती है।

प्लेटिनम क्यूब फ्यूजन ब्रेसलेट - जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है कि इसमें जड़ित ब्रश मैट प्लेटिनम और चमकदार रोज़ गोल्ड क्यूब लिंक का फ्यूजन इसे मजबूती के साथ - साथ मनोरमता का बेहतरीन उदाहरण बनाता है। प्लेटिनम जो कि एक ऐसा धातु है जो सालों तक पहनने के बाद भी खराब नहीं होता और जस का तस रहता है, इसी अनमोल धातु से इसे तैयार किया गया है। इसीलिए यह असाधारण है। इस पर काले रंग पर एमएस धोनी के आइकॉनिक हस्ताक्षर हैं। इसे उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो हर परिस्थिति में अपने मूल्यों पर अडिग रहकर शालीनता बरकरार रखते हैं।

प्लेटिनम बोल्ड लिंक्स ब्रेसलेट - ठोस इंटरलॉकिंग प्लेटिनम लिंक से बना यह ब्रेसलेट अदम्य सहनशक्ति की ताकत दिखाता है।

## प्रचय कैपिटल के सुरक्षित एनसीडी बीएसई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध

**मुंबई।** प्रचय कैपिटल लिमिटेड, एक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पंजीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी



निवेश और ऋण कंपनी, ने बीएसई लिमिटेड पर अपने सुरक्षित, रेटेड, पुनःभुगतान योग्य गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर को आधिकारिक रूप से सूचीबद्ध कर दिया है, जिससे निवेशकों के लिए नए अवसर खुल गए हैं। कंपनी ने अपने सार्वजनिक निर्गम (पब्लिक इश्यू) को 106त्न सब्सक्रिप्शन के साथ सफलतापूर्वक बंद किया, जो मजबूत निवेशक विश्वास को दर्शाता है। यह निर्गम 28 फरवरी 2025 को खुला था और 13 मार्च 2025 को बंद हुआ, जिसका लक्ष्य 50 करोड़ रूपये (ग्रीनशू विकल्प को छोड़कर) जुटाना था।

यह ऐतिहासिक लिस्टिंग, प्रचय कैपिटल की स्थिर और उच्च-प्रतिफल (हाई-यील्ड) निवेश अवसरों की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है, खासकर अस्थिर इक्विटी बाजार स्थितियों के बीच। CRISIL द्वारा BBB-/स्थिर रेटिंग प्राप्त NCDs, जो 13त्न प्रति वर्ष रिटर्न के साथ मासिक ब्याज भुगतान की पेशकश करते हैं, उन निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प हैं जो सुरक्षित निश्चित आय (फिक्स्ड-इनकम) निवेश की तलाश में हैं।

अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, प्रचय कैपिटल लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक गिरीश मुरलीधर लाखोटिया, ने कहा प्रचय कैपिटल लिमिटेड के लिए यह अत्यंत गर्व और उत्साह का क्षण है. हम अपने सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों की बीएसई लिमिटेड पर सफल लिस्टिंग हमारी विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। संरचित कॉर्पोरेट ऋण और निजी ऋण निवेश पर मजबूत फोकस के साथ, हम एक ठोस वित्तीय नींव बनाए रखते हुए, निवेशकों को स्थायी और प्रतिस्पर्धी रिटर्न देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने निवेशकों और भागीदारों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, विशेष रूप से ऐसे समय में जब बाजार में अस्थिरता बनी हुई है।

लाखोटिया ने बीएसई को धन्यवाद दिया, जिसने प्रचय कैपिटल को विस्तारित होने और एक व्यापक निवेशक आधार से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने श्री विशाल सांचेती और गैलेक्टिको कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड की टीम को इस सफल ह्रष्टष्ठ निर्गम को संरचित करने और प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में उनकी उत्कृष्ट भूमिका के लिए विशेष आभार व्यक्त किया।

# सेवा व सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री ने गिनाई प्रदेश सरकार की उपलब्धियां

अवधनामा ब्यूरो



प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते प्रभारी मंत्री

**कुशीनगर।** प्रदेश सरकार के सेवा व सुशासन नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान सरकार की उपलब्धियां गिनाएं। प्रभारी मंत्री ने बताया कि 254 करोड़ की लागत से कुशीनगर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का निर्माण कराया गया है, जो वर्तमान में संचालित है, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 281.45 करोड़ की लागत से मेडिकल कालेज का निर्माण कराया गया है, जो वर्तमान में संचालित है।

कृषि एवं प्राद्योगिकी विभाग द्वारा 434.61 करोड़ की लागत से कृषि एवं प्राद्योगिकी विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। गृह विभाग द्वारा 228.32 करोड़ की लागत से जिला कारागार के बैरक का निर्माण कराया जा रहा है। आयुष्मान भारत गोल्डेन कार्ड योजना के अन्तर्गत कुल 1089735 कार्ड बनाया गया। जनपद में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत 2556.37 करोड़ निवेश प्रस्ताव हेतु कुल 371 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। लोक निर्माण विभाग द्वारा 1402.28 करोड़ से 565.13 किमी प्रमुख सड़कों का निर्माण कार्य किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण 539 अदद आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य में 41.53 करोड़ व्यय किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत 1876.92 करोड़ की धनराशि से 662253 किसानों को लाभान्वित किया गया है। जनपद में गन्ना किसानों को 7533.09 करोड़ धनराशि से गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया। समाज कल्याण के अन्तर्गत 778.86 करोड़ की धनराशि वृद्धावस्था पेंशन/पारिवारिक लाभ/अनुसूचित जाति उत्पीड़न के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध कराई गई है। सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 8309 जोड़ो का सामूहिक विवाह कराया गया है। निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत 53955 पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 53686 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। अन्त्योदय अन्न योजना एवं पात्र गृहस्थी योजनान्तर्गत क्रमशः 117136 कार्ड धारकों व 595321 कार्ड धारकों को कुल 77.55 लाख मी. टन खाद्यान्न वितरण किया गया उज्ज्वला योजनान्तर्गत 314140 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा जनपद में 11.01 करोड़ से 283 इकाईयों को स्थापित करते करते हुए 2802 रोजगार सृजन किया गया है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत रू. 113.95 करोड़ की लागत से 9496 आवासों का निर्माण कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अन्तर्गत 901.90 करोड़ की लागत से 38585 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समुचित विकास के लिए कटिबद्ध है। कहा कि प्रधानमंत्री के हाथों में भारतवासी सुरक्षित है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर जनकल्याणकारी कार्य कर रही है।

**प्रदेश का समुचित विकास के लिए योगी सरकार कटिबद्ध है : दिनेश**

# युवती पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने वाला अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## तेजाब फेंकने के बाद बैकुंठपुर कोठी के जंगलों में छिपा था आरोपी

अवधनामा ब्यूरो



पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त चंदन

**कुशीनगर।** दुदही कस्बे के वार्ड नंबर आठ महात्मागांधी नगर निवासी एक युवती पर सिरफिरे मिजाज के युवक द्वारा ज्वलनशील पदार्थ फेंकने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के दुदही कस्बा के वार्ड नंबर आठ महात्मागांधी नगर निवासी बृज मद्धेशिया की 18 वर्षीय बेटी प्रीति सोमवार की रात करीब 8 बजे खाना बना रही थी। इस दौरान छत की सीढ़ी के रास्ते एक युवक आया और इसके उपर ज्वलनशील पदार्थ फेंक कर भाग गया। युवती ने सीएचसी में उपचार के दौरान मोहल्ले के एक युवक चंदन कुमार पुत्र बेचू का नाम अपने घर वालों को बताया था। इस संबंध में पुलिस मुकदमा दर्ज के आरोपी युवक की गिरफ्तारी में जुट गई थी कि मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी जंगल बैकुंठ पुर कोठी के जंगलों में छिपा हुआ है। इस सूचना पर थाना विशुनपुरा व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा घेरा बन्दी किया गया। कांबिग के दौरान अभियुक्त द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गई, जिसमें अभियुक्त घायल हो गया। जिसके दाहिने पैर में गोली लगी है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह थाना विशुनपुरा, प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह स्वाट प्रभारी कुशीनगर, उ0नि0 आलोक यादव स्वाट टीम, उ0नि0 विनय प्रताप सिंह, उ0नि0 विजय शंकर यादव आदि शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस टीम को 25,000 रुपए के पुरस्कार से पुरस्कृत किया।

# जीएसटी अधिकारी बनकर स्क्रैप लूटने वाले गैंग का पर्दाफाश, चार दबोचे गए

## 50 लाख रुपए की स्क्रैप माल तथा अपराध में प्रयुक्त वाहन बरामद

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** फर्जी जीएसटी अधिकारी बनकर स्क्रैप लदे ट्रक व चालक को गोरखपुर से अपहरण कर

**कसया क्षेत्र में लूट की घटना को दिए थे अंजाम**



मीडिया के समक्ष लुटेरों को पेश करते एसपी संतोष

कुशीनगर में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गैंग का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दिया। इस लूट में शामिल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से करीब 50 लाख रुपए का लूटा हुआ स्क्रैप व घटना में प्रयुक्त वाहनों को बरामद कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

मंगलवार को घटना का खुलासा करते हुए एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि बीते 23 मार्च को सिवान से 20 टन स्क्रैप लादकर पंजाब ले जा रहे चालक को गोरखपुर के गीडा से अपहरण कर कसया क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। ये फर्जी जीएसटी अधिकारी बनकर चेकिंग के नाम पर पकड़ लिए थे तथा उसके स्क्रैप के माल को कसया में उतरवाकर ट्रक को वापस कर दिया गया था। उक्त के सन्दर्भ में थाना कसया पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना का शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस की दो टीमें लगाई गई थी जिसके क्रम में मंगलवार को थाना कसया व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा थाना कसया क्षेत्र से घटना में सम्मिलित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनकी निशानदेही पर बेचे गए माल 16 टन स्क्रैप व अपराध में प्रयुक्त एक ट्रक व एक पिकअप व स्क्रैप बिक्री का कुल 22000/ रूपये नगद बरामदगी करते हुए घटना का सफल अनावरण किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में आलोक सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी वार्ड नं. 21 बुद्ध नगरी थाना कसया, सोनू कश्यप पुत्र छिद्दू कश्यप निवासी कण्ठीपुर थाना शिवराजपुर जनपद कानपुर नगर, सुनील गुप्ता पुत्र लक्ष्मण गुप्ता निवासी सिंघल जोडी थाना कुबेर स्थान व राजेश पटेल पुत्र सूर्यभान पटेल निवासी बहोरापुर थाना कसया जनपद कुशीनगर शामिल है। पुलिस आवश्यक कार्रवाई करते हुए चारों अभियुक्तों को जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी थाना कसया, निरीक्षक आशुतोष सिंह प्रभारी स्वाट टीम कुशीनगर, उ.नि. आलोक यादव स्वाट टीम, उ.नि. अमित कुमार सिंह चौकी प्रभारी हाईवे थाना कसया आदि पुलिस टीम शामिल रहे। इस सराहना कार्य पर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा पुलिस टीम को 25,000 रुपए पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

**मालवाहक वाहनों को रोककर सुनसान जगह लेजाकर लूट लेते थे**

अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोगों का एक संगठित गिरोह है। हमलोग तथा हमारे साथी मिलकर फर्जी जीएसटी अधिकारी बनकर माल वाहक वाहनों को रोककर उसको अपने कब्जे में लेकर ड्राईवर को गुमराह कर वाहनों पर लदे माल को गबन कर देते है। बाद में उसको बेच कर अवैध धन अर्जित करते है। बीते 20 मार्च 2025 की रात्रि में हम लोगों के द्वारा ही ट्रक पर लदे माल को गायब करने की घटना को अंजाम दिया गया था।

# खड्डा क्षेत्र में चोरों ने दो घरों को खंगाला, आभूषण व नगदी ले उड़े



चोरी के बाद बिखरा पड़ा समान

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरवा रतनपुर के टोला बनवारी छपरा में बीती रात ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने आभूषण व नगदी सहित अन्य सामान चुरा ले गए। घर की मुखिया के तहरीर पर पुलिस पहुंच कर जांच में जुटी हुई है एक ही गांव के दो घरों में चोरी की घटना से गांव में भय व्याप्त है। बरवा रतनपुर ग्राम पंचायत के टोला बनवारी छपरा निवासी अवधेश सिंह पुत्र शिवप्रसन सिंह के घर के अंदर सोमवार की रात अज्ञात चोर घुस गए और बंद पड़े कमरों का ताला तोड़कर अंदर रखा एलसीडी टीवी, सोने का चैन, कान का बाली, पायल सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिए। इसके बाद बगल के ही बबलू सिंह पुत्र अमला सिंह के बंद पड़े मकान के अन्दर ताला तोड़कर घर में अंदर रखा कपड़ा सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। मंगलवार सुबह घर से सटे कुछ सामान टूटे बॉक्स में बिखरा पड़ा था जिसे देख घर के मुखिया ने पीआरबी 112 पर घटना की सूचना दी उसके बाद अवधेश सिंह ने खड्डा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। मौके पर एस आई रणजीत तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मी पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल में जुटे गए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह नेबुआ बताया कि मामले में तहरीर मिली है जांच चल रही है।

# सुकरौली नपं में अराजक तत्वों ने तोड़ी वाटर एटीएम

अवधनामा संवाददाता



अध्यक्ष ने नगर के लोगों से की अपील, सरकारी संपत्ति का न करे नुकसान

**सुकरौली, कुशीनगर।** नगर पंचायत सुकरौली में अराजक तत्वों ने तीन वाटर एटीएम को क्षतिग्रस्त कर दिया है। नगर पंचायत में कुल 13 वाटर एटीएम और 6 वाटर कूलर लगे हैं। असमाजिक तत्वों ने ईंट पत्थरों से पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप ने बताया कि वार्ड नंबर 4 में अराजक तत्वों ने एटीएम का पाइप तोड़ दिया है। वार्ड नंबर 6 के एटीएम पर ईंट से हमला किया गया। वार्ड नंबर 1 गणेशपुर में पैसा डालने वाली जगह में लकड़ी डालकर एटीएम को नुकसान पहुंचाया गया। कश्यप ने कहा कि सुकरौली एक नव सृजित नगर पंचायत है। यहां के लोगों में अभी ग्रामीण संस्कृति की झलक दिखती है। जागरूकता की कमी के कारण ऐसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने लोगों से अपील की है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है, ऐसे में शीतल जल की जरूरत बढ़ेगी। जल ही जीवन है। उन्होंने कहा कि खराब एटीएम की मरम्मत जल्द कराई जाएगी। दो एटीएम का स्थान बदला जाएगा। वार्ड नंबर 1 का वाटर एटीएम जो प्राथमिक विद्यालय छठ घाट पर लगा हुआ है वह उठाकर पंचायत भवन पर जा रहा है। जबकि वार्ड नंबर दो में पीएनबी प्रांगण में लगा है उसे उठाकर वार्ड नंबर 5 नहर पर ले जाए जा रहा है। उन्होंने ईंट के प्रहार तथा पाइप तोड़ने के विषय में कहा की यह लोगों की अज्ञानता है लोग समझ रहे हैं कि सरकारी सामान की क्षति से उन्हें मजा आ रहा है। जिस दिन वह यह समझ जाएंगे कि सरकारी संपत्ति उनकी है संपत्ति है तो यह समस्या समाप्त हो जाएगी।

# आठ साल में अमेठी में डबल इंजन की सरकार ने किए 12000 करोड़ के विकास के कार्य



अवधनामा संवाददाता

**प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने किया तीन दिवसीय विकास उत्सव का उद्घाटन**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूरा होने पर मंगलवार को तीन दिवसीय विकास उत्सव शुरू हुआ। जिले के प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में तीन दिवसीय विकास उत्सव और स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए जन आरोग्य मेले का उद्घाटन किया। प्रभारी मंत्री ने उत्तर प्रदेश को देश के ग्रोथ इंजन की संज्ञा देते हुए प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का गुणगान किया। विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र और वर्तमान जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ल के साथ प्रभारी मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, स्वीकृति प्रमाण पत्र और कृषि यंत्र के लाभार्थी तीन किसानों को प्रतीकात्मक चाभियां और ऋण एवं अनुदान प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आठ वर्षों के भीतर जनपद में 12000 करोड रू के विकास के कार्य कराए गए हैं। इस अवसर पर डी एम निशा अनंत, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डी पी आर ओ मनोज कुमार त्यागी, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश द्विवेदी, जिला कृषि अधिकारी राजेश यादव,उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार,जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव व अन्य सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा रैली निकाल किया गया जागरूक




अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** स्थानीय बाजार स्थित भगवंत पाण्डेय पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता तथा योग के विशेषज्ञों द्वारा विशेष जानकारी दी गई। मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरेंद्र प्रताप राव की देखरेख में रैली निकाली। रैली भगवंत पांडे पीजी कॉलेज से होते हुए बोदरवार स्थित मलिन बस्ती में पहुंची, जहां स्वयं सेवकों ने गंदे मार्गो तथा मलिन बस्ती की नालियों की सफाई कर लोगों को जागरूक किया। स्वयं सेवको ने महाविद्यालय स्थित आयोजन परिसर में योगाचार्यो द्वारा प्राणायाम तथा सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। बीएड विभाग के सहायक आचार्य सुधीर पति त्रिपाठी ने स्वयं सेवक तथा स्वयं सेविकाएं अपने व्यक्तित्व का विकास कैसे करें, विषय पर विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धीरेन्द्र प्रताप राव ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. अनुराधा उपाध्याय डॉक्टर अरुण कुमार दूबे, वंदना यादव, जय हिन्द, दीपक गुप्ता सहित दर्जनों स्वयं सेवक/स्वयंसेविका कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## साहू समाज ने मनाया माता कर्मा बाई का जन्मदिन


**अमेठी।** भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त कर्मा बाई का जन्म दिन नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।साहू और गुप्ता समाज के लोगों ने प्रभु लीला और कर्मा बाई के महाप्रसाद खिचड़ा का गुणगान करते हुए मारवाड़ की मीरा की जीवन लीला सुनाई। गुड मंडी में आयोजित कार्यक्रम में साहू समाज की प्रदेश प्रभारी बिंदु गुप्ता ने साध्वी कर्मा बाई के जीवन दर्शन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माता कर्मा बाई की भक्ति से प्रभावित होकर भगवान जगन्नाथ उनका खिचड़ा खाने के लिए दौड़े चले आए थे।

## सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर तहसील सभागार में मनाया गया त्रिदिवसीय विकास उत्सव कार्यक्रम

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर तहसील सभागार में त्रिदिवसीय विकास उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिवस में मंगलवार को एसडीएम सचिन यादव तहसीलदार मंजुला मिश्रा, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुआ आयोजित हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता प्रभात साहू ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के आठ साल बेमिसाल बीते हैं, किसान नौजवान खुशहाल है, महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार कटिबद्ध है, और उनकी बेहतरी के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह ने कहा कि वर्तमान की सरकार में सड़क शिक्षा स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है, देश और प्रदेश एक बड़े बदलाव के साथ आगे बढ़ रहा है, एसडीएम सचिन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश उन्नति की ओर अग्रसर है, सरकार प्रशासनिक व्यवस्थाओं को हाइटेक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है,जो अधिकारी कर्मचारियों के आलावा आमजन के लिए भी लाभदायक है। कार्यक्रम में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसे महिलाओं से जुड़ी प्रस्तुतियां केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ के संगीत के अध्यापक अंजनी कुमार मिश्रा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर गीत सुनाया

# मात्र जुमलेबाजी में बीता भाजपा सरकार का आठ सालः अखिलेश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** कांग्रेस के प्रवक्ता व रुद्रपुर के पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपने 8 साल के कार्यकाल को विकास उत्सव के रूप में मना रही है।लेकिन सच्चाई यह है कि सरकार का यह आठ साल महज जुमलेबाजी में बीता है।उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश सहित देवरिया का कोई विकास नहीं हुआ है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री ने देवरिया की तीन चीनी मिलों को 6 माह में चालू करने की घोषणा 7 साल पहले की थी जो अभी तक नहीं चली।वहीं केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 2018 में देवरिया बाईपास/रिंग रोड का शिलान्यास किया था जो अभी तक नहीं बना है।उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन सांसद एवं मंत्री कलराज मिश्रा ने देवरिया के केन्द्रीय विद्यालय भवन का शिलान्यास किया था जो अभी तक बनना ही नहीं शुरू हुआ।प्रधानमंत्री ने तीन साल पहले कुशीनगर हवाईअड्डे का उद्घाटन किया था और कहा था कि यहां दर्जनों पैसेन्जर प्लेन रोज आयेंगे। लेकिन उनके उद्घाटन के कुछ ही महीने बाद कुशीनगर एयरपोर्ट बन्द है। देवरिया के बस स्टेशन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बस स्टेशन बनाने की घोषणा 3 साल पहले सरकार ने की थी। स्थिति यह है कि देवरिया बस स्टेशन पर यात्रियों को धूप व बरसात से बचने तक के लिए कोई स्थान नही है।इसके अलावा देवरिया में सदर अस्पताल ही नहीं है एक आधा अधूरा तथाकथित मेडिकल कालेज है जिसमें फैक्ल्टी का अभाव है। इमरजेन्सी में सिर्फ 16 बेड है। यह सिर्फ रेफर कालेज बन करके रह गया है। यह मेडिकल कालेज मरीज को मुहर मारकर गोरखपुर भेजने का काम करता है। देवरिया से कसया और देवरिया से गोरखपुर मार्ग पर अण्डरपास और देवरिया-गोरखपुर एक और ओवरब्रिज बनाकर डबल लेन करने का वादा बीजेपी कई वर्षो से कर रही है। लेकिन सब जुमला ही निकला।देवरिया रेलवे स्टेशन का माल गोदाम शहर में होने के कारण बहुत असुविधा होती है। इसे बीजेपी के नेताओं ने इसे शहर के बाहर बनाने का ऐलान कई बार किया लेकिन आज तक माल गोदाम वहीं पर है।

## क्षेत्रीय विधायक ने किया नवनिर्मित इंटर लॉकिंग का उद्घाटन

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्रीय विधायक श्यामसुंदर भारती ने महराजगंज ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव पहाड़गंज मजरे मझिगवां में विधायक निधि से नव निर्मित एक इंटरलॉकिंग मार्ग का उद्घाटन किया किया इस दौरान बड़ी तादाद में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों और नौजवान की दुश्मन है, विकास के नाम पर सिर्फ छलावा किया जा रहा है, किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल रहा आठ साल पूरे होने पर सरकार विकास का झूठा ढिंढोरा पीट रही है, धरातल पर सिर्फ खानापूर्ति है, है इसके अलावा कुछ नहीं दलितों एवं अल्पसंख्यकों का आरक्षण खत्म किया जा रहा है, सरकारी नौकरियों की भर्ती ना निकाल कर आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्तियां हो रही हैं। विधायक ने पहाड़गंज मजरे मझिगवां के रहने वाले अंगद के घर से छोटे लाल के घर तक 150 मीटर लंबी विधायक निधि से नव निर्मित इंटर लॉकिंग का उद्घाटन कर आम जन को समर्पित किया।

## देसी शराब की दुकान स्थानांतरित किए जाने की मांग की

**बोदरवार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** बोदरवार बाजार स्थित मुख्य मार्ग के किनारे पुलिस चौकी के बगल में मानकों की अनदेखी कर देसी शराब की दुकान संचालित किया जा रहा है। जिससे आमजन तथा स्कूली बच्चें असहज है। स्थानीय लोगों ने उक्त देशी शराब की दुकान को मुख्य मार्ग से अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में स्थानीय लोगों तथा दुकानदारों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। बोदरवार बाजार स्थित पुलिस चौकी के बगल में वर्षों से मानकों की अनदेखी कर देसी शराब की दुकान संचालित किया जा रहा है। शराब के शौकीन सुबह शाम मुख्य मार्ग किनारे खाने पीने तथा भुजा चना की दुकानों में बैठकर शराब का सेवन करते देखे जा सकते हैं। देसी शराब की दुकान से मात्र 50 मीटर की दूरी पर मस्जिद तथा कब्रिस्तान है। शराब भट्टी से पश्चिम तरफ 100 मीटर की दूरी पर प्राथमिक, सहायता प्राप्त इंटर कॉलेज तथा कई जूनियर विद्यालय संचालित है। भगवंत पाण्डेय पीजी कॉलेज तथा मालती देवी डीएलएड तथा बीएड कॉलेज की सैंकड़ों छात्राएं इसी मुख्य मार्ग से अपने कालेज में आती जाती है जो देसी शराब की दुकान के सामने पहुंचते ही प्रायः अपने को असहज महसूस करती है तथा चुपचाप निकल जाती है। पिछले वर्ष एक दारूबाज द्वारा छींटाकसी से बड़ा विवाद होते होते बच गया था। व्यवसाई तथा स्थानीय निवासी संतोष यादव शैलेष कुमार मायाशंकर गुप्ता रामकुमार सिंह संजीव कुमार किशन सिंह बीके गुप्ता मुकेश सिंह विकास अग्रवाल नीरू आदि ग्रामीणों ने जिम्मेदारों से देशी शराब की दुकान अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने तथा मुख्य मार्ग किनारे खाने पीने की दुकानों पर शराब का सेवन करने वालों पर रोक लगाए जाने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में उपरोक्त लोगों ने आन्दोलन की चेतावनी दी है।

## स्वर्ण व्यवसाई लूटकांड का जल्द होगा पर्दाफाशः महेंद्र



**भाटपार रानी देवरिया अवधनामा संवाददाता।** स्वर्ण व्यवसाई राजू वर्मा लूट कांड की घटना को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल तहसील इकाई भाटपार रानी के तत्वाधान में तहसील अध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल तहसील महामंत्री पवन कुमार गुप्ता एवं भाटपार रानी व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय कुमार मद्धेशिया के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल खामपार थाना के तेजतर्रार थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी से मिला द्य विगत 22 मार्च को भटवा तिवारी के समीप स्वर्ण व्यवसाई राजू वर्मा के साथ लूट कांड के संदर्भ में व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने थानाध्यक्ष खामपार से वार्ता किया तो थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि बहुत जल्द इस लूट कांड का पर्दाफाश होगा अपराधी कोई भी हो अधिक समय तक पुलिस की पकड़ से बच नहीं सकता है। उन्होंने बताया कि यथाशीघ्र अपराधी पकड़ा जाएगा और इस घटना का पर्दाफाश भी होगा पुलिस अपना कार्य पूरी ईमानदारी और तत्परता के साथ कर रही है। खामपार थाना के एस आई दिनेश मौर्य ने भी व्यापारियों से कहां कि अपराधी बहुत जल्द पकड़ा जाएगा।

## मूड़ा वीर बाबा मंदिर पर होगा जवाबी कीर्तन का आयोजन

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** प्रत्येक वर्षों की भांति इस बार भी ब्लाक क्षेत्र के गांव चंदापुर स्थित सुप्रसिद्ध मूड़ावीर बाबा मंदिर पर आज बुधवार को श्री राम चरित मानस पाठ समापन के पश्चात विशाल भंडारा एवं रात्रि में विशाल जवाबी कीर्तन का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी तादाद में श्रद्धालु उमड़ेंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे। बता दें कि पुरानी बाजार मजरे चंदापुर के रहने वाले पवन वैश्य द्वारा करीब दस वर्षों से निरंतर प्रत्येक वर्ष मूड़ा वीर बाबा के स्थान पर श्रीराम चरित मानस पाठ एवं इसके समापन पश्चात भंडारा और रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है, इस बार भी आज बुधवार को रामचरित मानस पाठ समापन पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, वहीं रात्रि में विशाल जवाबी कीर्तन का भी आयोजन है, जिसमें रायबरेली के मशहूर कीर्तनकार शशीराज कमल और कानपुर की क्रांति माला के बीच जबरदस्त मुकाबला होगा।

# प्रदेश सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में 03 दिवसीय कार्यक्रमों का हुआ भव्य शुभारम्भ

■ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हुए लाभान्वित

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ''यूपी, भारत का ग्रोथ इंजन'' की थीम पर महाराज सिंह इण्टर कालेज में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का मुख्य अतिथि मा. उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग चारू चौधरी ने एम.एल.सी. पदमसेन चौधरी, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, विधायक पयागपुर प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, विधायक महसी के प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य व संभ्रान्तजन, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ मॉ सरस्वती जी की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलन कर त्रिदिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश वन्दना व स्वागतगीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि चौधरी ने मंचासीन अतिथियों के साथ ''सबका साथ-सबका विकास उत्कर्ष के 08 वर्ष'' तथा ''यूपी के उपयोगी 08 वर्ष'' विषयक पुस्तिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि जनपद बहराइच ने भी प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के तहत अनेक विकासपरक एवं कल्याणकारी कार्यक्रमो को लागू करके देश व प्रदेश में गौरव हासिल किया है। जायसवाल ने कहा कि 25 विभागों की 40 सेवाओं के संतृप्तिकरण के लिए डीएम मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये गये अभियान की राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हुई है। जायसवाल ने मानवजाति को अनेकता में एकता का सन्देश देने के उद्देश्य से प्रागराज में महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन के लिए प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को बधाई दी। विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से विद्युत के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि अर्जित की गई है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि आज घर-घर बिजली पहुंच गई है, नवीन ट्रांसफार्मर्स की स्थापना के साथ साथ पुराने ट्रांसफार्मर्स की क्षमता वृद्धि की जा रही है। सुदूर क्षेत्रों में विद्युत लाईनों का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक गरीब बेटियों की शादी के लिए 01 लाख खर्च करने जा रही है। सोशल सेक्टर के अन्तर्गत पात्र लोगों को पेंशन, कृषकों को रू. 6000=00 वार्षिक सम्मान निधि के साथ-साथ गरीबों के लिए निःशुल्क राशन तथा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज के लिए रू. पांच लाख की व्यवस्था की जा रही है।

## प्रभारी मंत्री का जनपद आगमन 26 मार्च को

**बहराइच।** प्रदेश के मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही का 26 मार्च 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही 26 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 10:30 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच पहुंचकर पूर्वान्ह 11:00 बजे महाराज सिंह इण्टर कालेज पहुंचकर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे तथा 11:45 बजे से उन्नत एवं सुरक्षित कृषि के सम्बन्ध में आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करेंगे। मा. मंत्री श्री शाही अपरान्ह 12:30 बजे से 01:00 बजे तक प्रेस-वार्ता करेंगे। तदोपरान्त निरीक्षण भवन वापस आ जायेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि इसके बाद प्रभारी मंत्री देवरिया के लिए प्रस्थान करेंगे।

# आक्टा का चुनाव 27 अप्रैल तक

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय संघटक महाविद्यालय शिक्षक संघ (आक्टा) की सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष प्रो उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में इलाहाबाद डिग्री कॉलेज में संपन्न हुई। सामान्य सभा में सदस्यों ने सर्वसम्मति से आक्टा के पदाधिकारीयों का चुनाव 27 अप्रैल तक पूरा करा लेने का प्रस्ताव पारित किया।

आक्टा में नए सदस्यों के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 मार्च है जबकि 2 अप्रैल को वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा। वोटर लिस्ट में किसी भी प्रकार की आपत्ति 4 अप्रैल तक दर्ज की जाएगी और 6 अप्रैल को अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशित की जाएगी। महाविद्यालय इकाइयों का गठन करने की अंतिम तिथि 16 अप्रैल है। ऑक्टा कार्यकारिणी की अगली बैठक में ऑक्टा पदाधिकारियों के चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी तथा सहायक चुनाव अधिकारियों का चयन किया जाएगा।

बैठक में महाविद्यालयों से वापस लिए गए विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं को दोबारा शुरू करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि इस संदर्भ में ऑक्टा अपने प्रयास केंद्र से लेकर विश्वविद्यालय स्तर पर जारी रखेगा और इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। बैठक मैं ऑक्टा अध्यक्ष ने इलाहाबाद डिग्री कॉलेज के नवनियुक्त शिक्षकों सहित सभी सदस्यों का स्वागत किया। संचालन महासचिव प्रोफेसर संतोष कुमार श्रीवास्तव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में महिला उपाध्यक्ष प्रोफेसर अंशु माला मिश्रा, कोषाध्यक्ष डॉक्टर हरिश्चंद्र यादव, संयुक्त सचिव डॉक्टर आशीष मिश्रा, पूर्व ऑक्टा अध्यक्ष प्रोफेसर सुरेंद्र पाल सिंह, प्रोफेसर आनंदपाल, प्रोफेसर मार्तंड सिंह, डॉक्टर आरपी सिंह, डॉक्टर नरेंद्र बाजपेई, प्रोफेसर धीरज कुमार, प्रोफेसर रजत श्रीवास्तव, प्रो नंदिता श्रीवास्तव, प्रो संघसेन सिंह, डॉ शिवशंकर श्रीवास्तव,डॉ अमित सिंह, प्रो एस पी सिंह, डॉ नीरज सिंह, प्रवीण कुमार, डॉ आशीष त्रिपाठी सहित सभी महाविद्यालयों के शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो : रजनीकांत



**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** यू.पी.-भारत का ग्रोथ इंजन सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अन्नदाताओं की समृद्धि, युवा एवं रोजगार अवसंरचना विकास, महिला सशक्तिकरण, अंत्योदय से सर्वोदय विषयक त्रि-दिवसीय जनपद विकास उत्सव के शुभारंभ अवसर पर सदस्य विधान परिषद, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो, उनकी आय में वृद्धि हो इसके लिए भी तमाम योजनाएं संचालित हैं, किसानों को कृषि यंत्र उपकरण, निःशुल्क बीज योजना के अंतर्गत सब्सिडी का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में उपलब्ध कराया जा रहा है। विगत् 08 साल में प्रदेश में काफी विकास हुए, स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का कार्य हुआ, युवाओं को सरकारी नौकरियों के साथ-साथ स्वतः रोजगार स्थापित करने हेतु विभिन्न योजनाओं में ऋण उपलब्ध कराकर स्वावलम्बी बनाने का कार्य किया, आज उ.प्र. देश के सभी राज्यों में अग्रिम पंक्ति में खड़ा है, प्रदेश को दंगामुक्त कराने का कार्य हुआ, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस के तहत कार्य हुआ, मिशन शक्ति के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन सरकार का नारा है, यह सिर्फ नारा नहीं इसके आत्म बल पर देश आगे बढ़ रहा है, अपराधियों की जीरो टॉलरेंस की नीति को सरकार ने आगे बढ़ाने का कार्य किया।

# जनपद में तीन दिवसीय मेला आयोजित

■ जनपद में विकास कार्य का पहिया अनवरत गतिमान है: जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**




**फिरोजाबाद।** सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष व केंद्र सरकार के 10 वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धियां हेतु जनता को शासन की नीतियों से एक ही मंच पर अवगत कराने हेतु संपूर्ण प्रदेश के साथ-साथ जनपद में भी तीन दिवसीय मेले का आयोजन उद्यान विभाग की नर्सरी के प्रांगण में किया गया, इस कार्यक्रम में सभी विभागों ने शासन की योजनाओं के प्रदर्शन से सुसज्जित स्टॉल लगाए, जहां जनता को शासन की योजनाओं के संबंध में ज्ञान कराने हेतु पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई थी, इस दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया और महाकुंभ और 8 वर्ष के सुशासन पर बनी हुई फिल्म का भी प्रदर्शन भी यहां किया गया, संपूर्ण कार्यक्रम विधान परिषद सदस्य मुख्य अतिथि विजय शिवहरे की अध्यक्षता में हुआ, इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि अब देश और प्रदेश तेजी के साथ बदल रहा है, गांव को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है, कि डॉक्टरर्स की उपलब्धता रहें, जिससे आम नागरिक को इलाज के लिए जगह-जगह भटकना नहीं पड़े, एक जनपद एक उत्पाद के माध्यम से विकास का पहिया अनवरत गतिमान है, समाज का हर तबका विकास के संगम में डुबकी लगा रहा है, मुख्य अतिथि ने कहा कि विकसित भारत के विजन को हम अवश्य पूरा करेंगे।

इस मौके पर बोलते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि इन आठ सालों में सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, कृषि की बात करें तो 8 सालों में कृषि का ग्रोथ 5 प्रतिशत से बढ़कर 13 प्रतिशत हुआ है, इस वृद्धि में शासन का सहयोग परिलक्षित होता ही है, साथ ही साथ अन्नदाता किसानों का योगदान भी बहुत है, अब किसान परम्परागत खेती से अलग हटकर प्रगतिशील खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं, इसमें शासन प्रधानमंत्री सम्मान निधि इत्यादि के माध्यम से उनकी हर संभव मदद कर रही है। इसी तरह महिला सुरक्षा पर भी शासन और प्रशासन का विशेष रूप से ध्यान है, आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने को साबित कर रही हैं, शासन और प्रशासन ने न केवल उनकी सुरक्षा पर कार्य किया है, अपितु उनके आगे बढ़ाने की संभावनाओं को भी उन्होंने नई आयाम प्रदान किए हैं, जनपद में हमने नई औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए हैं, जो विकास और रोजगार की धूरी साबित होंगे, खासकर इस समय शासन और प्रशासन ने युवाओं पर विशेष ध्यान दिया है, युवाओं के लिए नित्य नए रोजगार के अवसर पैदा किया जा रहे हैं, स्मार्ट सिटी के अंतर्गत हमने सम्पूर्ण आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने इस अवसर पर जिले में संचालित संपूर्ण योजनाओं के बारे में उपस्थितजनों को विस्तार से बताया, साथ ही उन्होंने लोगों से अपील कि की फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कराऐं, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर संस्कृत विभाग से आए कलाकारों के साथ-साथ स्कूलों की बच्चियों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, इन कार्यक्रमों में लोक संस्कृति की झलक के साथ-साथ देश की महिमा और उनकी गौरव की गाथा का चित्रण भी था, इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने मीडिया से भी मुखातिब होते हुए और उन्होंने शासन की उपलब्धियों को उन्हें विस्तार से बताया, इस दौरान मंच पर भाजपा नगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव, भंवर सिंह अध्यक्ष टूंडला आदि उपस्थित रहें। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी सौंपे गए जिनमें माया देवी, विमलेश, कविता, ममता, नगमा बेगम, नाथूराम आदि को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, साथ ही साथ इस अवसर पर दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल भी वितरित किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे क्रिकेट टूर्नामेंट में आरएसओ टीम ने इंजीनियरिंग टीम को हराया



**टूंडला।** अंतर्विभागीय रेलवे क्रिकेट टूर्नामेंट आरएसओ एवं इंजीनियरिंग टीम के मध्य फाइनल खेला गया। जिसमें इंजीनियरिंग टीम के कप्तान प्रवीण यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। आरएसओ ने पहले बल्लेबाजी करते ओपनर बल्लेबाज सौरभ के बेहतरीन 83 रन की बदौलत 6 विकेट पर 176 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जिसे आरएसओ ने टूर्नामेंट के बेहतरीन गेंदबाज अर्जुन की बेहतरीन गेंदबाजी इंजीनियरिंग को 65 रन पर समेट 111 रन से मैच जीत लिया। आरएसओ के बल्लेबाज सौरभ को मैन ऑफ द मैच व सीरीज का पुरस्कार सहायक मंडल विद्युत अभियंता प्रतीक यादव द्वारा दिया गया है व ट्रॉफी डिप्टी सीटीएम अमित सुदर्शन द्वारा विजेता टीम आरएसओ को दी गई। अंपायर प्रमोद यादव जीआरपी को पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन अंपायर का पुरस्कार डीएसटी साहब द्वारा दिया गया। इस मौके पर सुनील कुमार, एसके सुमन, एमएल मीना, नाहर सिंह मीना, विजय सिंह मीना, कमलेश मीना, गुड्डू, रहीस पाल, सतेंद्र यादव राहुल पाल, विपिन पाल व आरएसओ के सभी सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### आज रहेगी विद्युत बाधित

**फिरोजाबाद।** विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आज 26.03.2025 दिन बुधवार को विद्युत उपकेंद्र लेबर कालोनी से पोषित 3 फीडर की बीसीबी पैनल/33 केवी मैन ब्रेकर को लगाने का कार्य होना है इस कारण से 26 मार्च 2025 को लेबर कॉलोनी से पोषित सभी फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रात 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक लगभग तक बाधित रहेगी अतः लेबर कॉलोनी सबस्टेशन क्षेत्र से संबंधित जुड़े सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील है कि अपने आवश्यक कार्य समस्या निपटा ले आपको होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

### पालीवाल महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का सफल आयोजन हुआ



**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एवं उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पोषित दो दिवसीय एवं 'रोल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन फ्रेमिंग विकसित भारत रू स्मार्ट एग्रीकल्चरल प्रैक्टिसेज, डिजिटल एजुकेशन एंड एंप्लॉयमेंट जेनरेशन' नामक विषय पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के सफल आयोजन पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार को स्मृति चिन्ह दिया इस अवसर पर आयोजन सचिव डॉ एमपी सिंह, संयोजक डॉ अजय करण चौधरी, सहसंयोजक डॉ टी एच नकवी एवं डॉ सुशील कुमार आदि मौजूद थे।

### आनंदपुर में पानी की टंकी निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने दिया शिकायती पत्र

**टूंडला।** ग्राम आनन्दपुर विकास खंद टूंडला में सरकारी पानी की टंकी के निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किये जा रहा जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम टूंडला से शिकायती पत्र सौंपा है।

ग्राम आनन्दपुर विकास खंद टूंडला के ग्रामीणों ने दिए शिकायती पत्र में बताया है कि आनंदपुर में सरकारी पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। जिसका ठेका एलएण्डटी कम्पनी द्वारा लिया गया है। सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा निर्धारित नाप तोल से कम स्थान में उक्त पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिससे ग्रामवासियों में काफी रोष व्याप्त है। गाँव के लोगों ने ठेकेदार को मानक के अनुसार सही जगह व सही सामग्री निर्माण में लगाने को कहा तो उसने कहा कि टंकी मेरी मर्जी से ही बनायी जायेगी।

# गाजे-बाजे संग धूमधाम से 551 निशानों के साथ निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा

**अवधनामा संवाददाता**



**शिकोहाबाद।** नगर में खाटू श्यामा की निशान यात्रा नगर के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर काजी टोला से सुबह 11 बजे प्रारंभ हुई। निशान यात्रा में 551 निशान शामिल हुए। निशानों को हाथ में लेकर भक्त धूम धाम से गाजे वाजों के साथ नगर में निकले। यात्रा नगर के दोनों वाजारों में भ्रमण कर श्याम भवन पर विश्राम किया। बाद में प्रसादी वितरण की गई।

खाटू श्याम बाबा के प्रेमी सुबह से नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर एकत्रित होना शुरू हो गये। लाडले श्याम के समित ने मंदिर प्रांगण मे पहुँच कर सभी निशानो की विधिवत मंत्रोउच्चारण के साथ सभी निशानो की पूजा अचना की। आरती के वाद सभी प्रेमियों को निशान वितरण किये गये । निशान यात्रा में महिलाओं और बच्चों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। सभी महिला पुरुष बच्चे वैंडवाजों में वज रहे बाबा के भजनो पर हाथ में निशान लिये नाचते गाते चल रहे थे। निशान यात्रा का नगर भ्रमण के दौरान नगर के कई संगठनों व नागरिकों द्वारा दर्जनों स्थानो पर फूल वर्षा व खाद्य पदार्थ देकर स्वागत किया गया। बाबा के डोले को विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया गया था। जिसपर पुजारी गुड्डू सभी को प्रसादी वितरण कर रहे थे। बाबा के डोले की नगर के कई स्थानो पर आरती की गयी। निशान यात्रा बड़ा बाजार, स्टेट वैक चौराहा, नरायण होटल, तहसील तिराहा, कटरा वाजार, एटा तिराहा होती हुयी एटा रोड बुर्ज पर श्याम भवन पहुँची। यहां सभी निशान उठाने वाले प्रेमियों ने श्याम भवन पर निशान चढ़ा कर बाबा का अशीर्वाद लिया और प्रसादी लेकर अपने घर को निकले।

### ऋषभ के खेल से विराट को मिली जीत

**प्रयागराज।** विराट स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब ने कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित कायस्थ पाठशाला कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में फाफामऊ क्रिकेट क्लब को दो विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। इस जीत में ऋषभ राज के खेल ( 42 रन, 34 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के व 4.3 - 0 - 16 - 3 ) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। मंगलवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30.3 ओवर में 158 रन ( अविरल शुक्ला 75, अर्जुन दुबे 22, अमितेश शुक्ला 12 अविजित, ऋषभ राज 3/16, प्रदीप चौबे 3/27, विनोद पांडेय 1/18, शुभम बिन्द 1/29, धीरज मिश्रा 1/32 ) पर सिमट गई। जवाब में विराट स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब की टीम 26.2 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन ( ऋषभ राज 42, प्रदीप चौबे 38, रोहित कश्यप 18 रन, बिपिन पाल 3/48, अंशु मौर्या 2/17, राठौर 1/16, अर्जुन दुबे 1/17, अंकित यादव 1/25 ) पर बना लिए। मैच के बाद मेजर रंजीत सिंह स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के प्रशासनिक अधिकारी सबिता श्रीवास्तव ने ऋषभ राज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में यादवेंद्र सिंह यादव व प्रितेश सोनकर ने अंपायरिंग और अंकित पांडेय ने स्कोरिंग की।

# 'रोज़ेदार का रिश्ता सीधे खुदा से होता है'

**अवधनामा संवाददाता**

## बड़ी रहमत एवं बरकातों का माह है माहे-रमज़ान

**फिरोजाबाद।** रमज़ान का यह महीना बेहद मुबारक एवं इबादतों से भरा महीना होता है जिसकी फज़ीलतें जितनी बयान की जाएं वो कम हैं। क्योंकि रोज़ा अल्लाहताला ने हर उम्मत पर फर्ज किया है। इस्लाम में दूसरी सबसे बड़ी इबादत है पहली नमाज़ हैव् जो अल्लाहताला ने आप पर फर्ज की वह रोज़ा है। रोज़े से मतलब यह है कि सुबह से शाम तक खाने-पीने के साथ-साथ हर बुराई से परहेज़ करना, यानि कि हर बुराई छोड़ सिर्फ बन्द्गी (इबादत) करें क्योंकि रोज़ा एक ऐसी इबादत है जो रब से बन्द्गी व बन्द्गी की तरबियत ईमान की मजबूती व ईमान की आजमाईश करने का मौका देती है। रोज़े की इबादत शुरूआत से ही सीधी पैगम्बरों की शरीयत में फर्ज रही है। जितनी भी उम्मतें गुजरी हैं सब ही इसी तरह रोज़े रखती थीं जिस तरह यह उम्मतें-मुहम्मदी रख रही हैं। हां यह बात अलग है कि रोज़े के अहकाम, रोज़े की तादाद शरियतों के दरमियान फर्क रहा है। जिस तरह से हम आज यह देखते हैं कि हर मज़हब धर्म में किसी न किसी रूप में रोज़ा मौजूद है। काफी लोगों ने अपनी तरफसे इसमें तमाम बातें गढ़ रोज़े की शक्ल बिगाड़ दी है। इसीलिए अल्लाहताला ने कुरानशरीफ में फरमाया है कि मुसलमानों तुम पर इसी तरह रोज़ा फर्ज किया गया है, जिस तुमसे पहली उम्मतों पर फर्ज किया गया था।आखिर रोज़े की इबादत में ऐसी क्या खास बात है कि अल्लाहताला ने इस हर उम्मत पर फर्ज किया है। रोज़े के अलावा इस्लाम में जितनी भी इबादतें हैं वह जाहिरी दिखने वाली हैं यानि कि वह सबको दिखायी देती हैं। मसलन आप नमाज़ पढते हैं तो सामने वाले को रूकू सजदा करते हुए दिखता है कि नमाज़ पढ़ी जा रही है। आप हज करने जाते हैं तो वह भी सबको जाते हुए एवं ज़ियारत करते हुए दिखायी देता है, आप ज़कात देते हैं तो वह भी लेने व देने वाले को पता रहता है। लेकिन रोज़ा एक ऐसी इबादत है कि यह सिर्फ और सिर्फ खुदा को दिखती है रोज़े के दौरान रोज़दार का ताल्लुक सीधे खुदा से होता है। क्योंकि रोज़े के दौरान आप लोगों से चोरी-छिपे कुछ भी खा-पी सकते हो, लेकिन खुदा से नहीं छिपा सकते, क्योंकि अल्लाहताला सब देख रहा है। उससे कुछ भी छिपा नहीं है और यही यकीन रोज़े को पूरी मजबूती के साथ मुकम्मल कराता है। रोज़े की इबादत के दौरान बन्दा इन्सान पूरी तरह से खुदा की निगरानी में रहता है। रोज़े की इबादत की खासियत इस बात से भी और ज्यादा बढ़ जाती हैं कि अल्लाह ने पूरे रमज़ान माह के दौरान हर नेकी व हर इबादत पर और दिनों की नेकियों व इबादतों से 70-70 गुना अधिक सबाव फायदा देने का वायदा किया है। यही वजह है कि रोज़े के महीने को बरकतों एवं रहमतों का महीना कहा जाता है। क्योंकि इस महीने में अल्लाहताला ने बन्दे को उसकी रोज़ी और रोटी में बरकत देने का भी वायदा किया है। हदीसों में ब्यान है कि रोज़े के महीने में अल्लाहताला अपनी रहमतों और बरकतों के खज़ाने रोज़दारों के लिए खोल देता है। इन खजानों को लूटने के लिए हर मुसलमान को बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए क्योंकि हर मुसलमान को अल्लाहताला ने इन खजानों को लूटने के लिए ही इस जमीन पर उतारा है। जो शख्स जितना ज्यादा इबादत का खजाना लूट लेगा उसकी आखिरत की जिन्दगी उतनी ही बेहतर हो जाएगी। इसलिए रमज़ान के इस महीने में ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत में गुजारा जाए क्योंकि इस महीने की इबादत हर महीने से लाखों-करोड़ों गुना बेहतर है।


# कार्यालय जिला पंचायत, महराजगंज।

पत्रांक :- 773/जि0पं0म0/2024-25 दिनांक : 22 मार्च, 2025

## अति अल्प कालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग सूचना

जिला पंचायत महराजगंज के समस्त जिला पंचायतो में पंजीकृत ठेकेदारों/सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग/समस्त जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/15वॉ वित्त अनटाइड एवं टाइड ग्राण्ट योजनान्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा के साथ कार्य का विवरण तथा नियम व शर्ते अपलोड की गयी हैं, जिसे देखा व पढ़ा जा सकता है। ई-निविदा दिनांक 25.03.2025 को अपरान्ह 06.00 बजे से https://etender.up.nic.in पर जाकर दिनांक 02.04.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 02.04.2025 को टेण्डर समिति के समक्ष अपर मुख्य अधिकारी के कक्ष में अपरान्ह 02.00 बजे निविदा खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा के साथ टेण्डर फार्म के कीमत की धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/चालान/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत महराजगंज के जिला निधि खाता संख्या. 21246239861 आई0एफ0एस0 सी0 कोड - IDIB000M537 इण्डियन बैंक महराजगंज में जमा कर, प्राप्ति रसीद/प्रमाण टेण्डर फार्म के साथ संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक टेण्डरदाता को अपने टेण्डर फार्म के साथ अनुमानित कार्य मूल्य पर 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत के जमानत खाता संख्या. 3415101000748 आई0एफ0एस0सी0 कोड - CNRB0018642 केनरा बैंक महराजगंज अथवा बैंक सावधि जमा रसीद/एन0एस0सी0, जिला पंचायत की रसीद प्रत्येक कार्य के साथ अलग-अलग नियत धनराशि का जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज के पद नाम से बन्धक होगा, को संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त समस्त मूल अभिलेख कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा तथा समस्त परियोजनाओं तकनीकी स्वीकृति शासन से प्राप्त होने के उपरान्त ही निविदा की स्वीकृति/अनुबन्ध आदि की कार्यवाही की जायेगी। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व हुए कार्य को श्रमदान माना जायेगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-टेण्डरिंग के सम्बन्ध मे शासन से यदि कोई निर्णय लिये जाते हैं तो ठेकेदार को मान्य होंगे।

| S.No. | Tender Published Date and Time | Tender Sale Start Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 25.03.2025 06.00 PM | 25.03.2025 06.00 PM | 02.04.2025 11-00 AM | 02.04.2025 02-00 PM |

**अभियन्ता जिला पंचायत महराजगंज।** **अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज।** **मा. अध्यक्ष जिला पंचायत महराजगंज।**

# प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर प्रदेश भाजपा उत्सव के रूप में मनाएगी



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर मनाए जाने वाले उत्सव अभियान के तहत शक्ति धाम मैरिज होम में नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष व संगठनात्मक जनपद प्रभारी कमलावती सिंह उपस्थित रहीं। कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्वलित करके हुआ।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष व संगठनात्मक जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि* उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ साल पूरे हो गए हैं। इस दौरान किसान, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही प्रदेश सरकार की योजनाओं को पार्टी पदाधिकारियों के माध्यम से पार्टी प्रचारित प्रसारित करेगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 19 मार्च 2017 को पहली बार यूपी के मुख्यमंत्री के पद के लिए शपथ ली थी। दूसरी बार योगी ने 25 मार्च 2022 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करते हुए पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए कार्य कर रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में गुंडे माफियाओं और उपद्रवियों पर नकेल कसने का कार्य कर रही है। योगी आदित्यनाथ के सीएम रहते प्रदेश के गुंडे या तो प्रदेश छोड़ चुके है या स्वर्ग सिधार चुके है। कार्यशाला में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि यूपी सरकार के 8 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा इटावा में 24 मार्च से 14 अप्रैल तक जनपद में जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी की जा रही है। जिला स्तर पर लाभार्थी मेला आयोजित किया जाएगा। विधानसभा स्तर पर विकास गोष्ठियां आयोजित जाएगी, युवा मोर्चा द्वारा बाइक रैली के जरिए सरकार की उपलब्धियों को प्रचारित प्रसारित किया जाएगा, प्रबुद्ध वर्गों के साथ संवाद व संपर्क किया जाएगा। ग्राम स्तर पर महिला मोर्चा द्वारा महिलाओं के साथ संवाद व संपर्क किया जाएगा।

14 अप्रैल को डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती पर बूथ स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भारतीय जानता पार्टी सरकार के सामाजिक न्याय व सामाजिक समरसता के लिए किए गए कामों पर भी चर्चा होगी।

## राजकिशन बस्ती में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**सोनभद्र/सिंगरौली।** मंगलवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की खड़िया परियोजना ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम पंचायत चिल्काडांड के राजकिशन बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में डॉ. मेहुल गुप्ता (खड़िया) एवं डॉ. अखिलेश सिंह (एनएससी) ने उपस्थित लोगों के समान्य स्वास्थ्य परीक्षण सहित वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं की भी जांच की। इस शिविर में 300 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को आवश्यक दवाइयों का निः शुल्क वितरण भी किया गया। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय समय पर सीएसआर के तहत ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है ताकि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सकें।

# ग्रोथ इंजन थीम पर महोत्सव का शुभारंभ

## उत्तर प्रदेश सरकार के उत्कर्ष के 08 वर्ष विकास पुस्तिका का हुआ विमोचन

- लघु फिल्मों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की विकास गाथा का किया गया प्रदर्शन, विभागों के स्टॉल्स पर योजनाओं की मिली जानकारी
- प्रभारी मंत्री ने प्रदेश सरकार की गिनाई उपलब्धियां, जनहित में 8 वर्ष, विकास में नई राहें

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 8 वर्ष पूर्ण होने एवं केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, जनपद में त्रिदिवसीय जनपदीय विकास महोत्सव का भव्य शुभारंभ चौरा देवी ग्राउंड में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के माननीय प्रभारी मंत्री /राज्य मंत्री जल शक्ति विभाग रामकेश निषाद जी रहे। यह आयोजन प्रदेश सरकार की ÷सेवा, सुरक्षा और सुशासन÷ नीति को समर्पित था, जिसका थीम ÷उत्तर प्रदेश÷ देश का ग्रोथ इंजन÷ रखा गया। इस गौरवशाली महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रभाव का अनुभव किया। विकास महोत्सव का शुभारंभ चौरा देवी ग्राउंड में हुआ, जिसे रंग-बिरंगी रंगोलियों, फूल-मालाओं, गुब्बारों और योजनाओं से संबंधित आकर्षक फ्लैश डिस्प्ले से सजाया गया था। आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टॉल लगाए गए। इन सभी स्टॉलों का मा मंत्री जी व अन्य अतिथियों ने निरीक्षण किया।विशेष रूप से सूचना विभाग का स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश एवं ÷उत्तर प्रदेश विकास पुस्तिका÷ का वितरण किया गया।महोत्सव के दौरान, विभिन्न सरकारी विभागों ने जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। कार्यक्रम में जनपद



के प्रभारी मंत्री / जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, विधायक सदर , विधायक राठ, जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष , अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश सरकार के उत्कृष के 08 वर्ष पर प्रदेश स्तरीय व जिला स्तरीय विकास पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर महाकुंभ पर आधारित एवं प्रदेश की 8 वर्ष की उपलब्धियो पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न स्कूलों की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं लखनलाल सांस्कृतिक दल द्वारा प्रदेश सरकार की उपलब्धियो पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा विभिन्न विभाग के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र / उपकरण वितरण किया गया। जिसके अंतर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर के तहत 80 प्रतिशत अनुदान पर ट्रैक्टर के लाभार्थी को चाबी का वितरण, पुलिस विभाग के सब इंस्पेक्टर को टेबलेट वितरण एवं कांस्टेबल को स्मार्टफोन वितरण ,महिला कल्याण विभाग द्वारा लाभार्थियों को लैपटॉप वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा पुलिस भर्ती 2023 में जनपद की चयनित अभ्यर्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो वितरण, स्वामी विवेकानंद योजना के अंतर्गत में मेधावियों को टेबलेट वितरण ,जनपद की 931 समूहों को लगभग 14 करोड रुपए का क्रेडिट कार्ड लिंकेज से संबंधित डेमो चेक वितरण, दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल व सहायक उपकरण वितरण, छात्राओं को ओ लेवल सर्टिफिकेट का वितरण ,आयुष्मान कार्ड का वितरण, खादी ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत पॉपकॉर्न मशीन का वितरण, एनआरएलएम के अंतर्गत ई रिक्शा चाबी वितरण, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण, टीवी मुक्त भारत के अंतर्गत पोषण पोटली वितरित किया गया। मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 8 वर्षों में सुशासन, सुरक्षा और विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, किसान हित में क्रांतिकारी कदम उठाने और प्रदेश को निवेश के आकर्षण का केंद्र बनाने में उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी। सड़कों में गड्ढे, बिजली संकट, व्यापारी पलायन जैसी समस्याएं आम थीं।

# बड़ाखाना एवं भव्य संस्कृति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ईकाई आरएचटीपीपी रिहन्द में किया गया बड़ा खाना एवं भव्य संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन। सोमवार के संध्या में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ईकाई आरएचटीपीपी रिहन्द के ईकाई परिसर के परेड ग्राउंड में बड़ाखाना एवं भव्य संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम ईकाई प्रभारी उप कमांडेंट प्रदीप कुमार एवं संरक्षिका अध्यक्षा संगीता वर्मा के कुशल नेतृत्व में किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी रिहन्द परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव एवं अतिविशिष्ट अतिथि उप महानिरीक्षक पूर्वी श्रेत्र -2 प्रयागराज कौशीक गांगुली रहे।इस कार्यक्रम में अन्य अतिथि महाप्रबंधक औ एण्ड म संजय आसाठी, कमांडेंट ईकाई विन्ध्यनगर पंकज बलियान, कमांडेंट ईकाई शक्तिनगर गोपाल दत्त, कमांडेंट ईकाई एनसीएल,खिल्लारे एस पी, कमांडेंट ईकाई औबरा,एस के



सिंह,रहे।इस कार्यक्रम में अन्य केऔसुब के अधिकारी, पुलिस अधिकारी, मिडिया सहकर्मी, मुख्य चिकित्साधिकारी, एनटीपीसी अस्पताल,एवं डाक्टर ,एनटीपीसी अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।इस कार्यक्रम में केऔसुब ईकाई के परिवारीक बल सदस्यों के परिजनों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम से वहां से उपस्थित सभी दर्शकों को मोहित कर लिया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत बड़ा खाना का आनंद लिया गया जिसमें अतिथि के साथ ष्टद्बस्न परिवार के सदस्यों एवं उनके परिवारजनों का काफी तादाद में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अन्त में ईकाई के सहायक कमांडेंट आलोक चौधरी द्वारा दुर-दराद से आए अतिथि का शुक्रिया धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# साइबर क्राइम के होने के कारण और उससे निवारण पर विद्यार्थियों को बताया गया

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज, दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मत्स्य महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के राष्ट्रीय सेवायोजन कार्यक्रम यूनिट 4 एवं 5 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ डी सिंह, इंजीनियर एम ए हुसैन द्वारा कंपोजिट विद्यालय, कांधनी में आयोजित शिविर के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश पुलिस के उप निरीक्षक महेश पाठक, बृजेश बोरा और संदीप सिंह साइबर क्राइम शाखा द्वारा साइबर क्राइम के होने के कारण और उससे निवारण पर विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया जिसमें उन्होंने वर्तमान में साइबर क्राइम के प्रकारों जिसमें डिजिटल अरेस्ट, डीपफेक वीडियो, पोड स्टार, जंप ट्रांजैक्शन आदि को समझाया उन्होंने बताया कि किसी भी स्थिति में बचने का मुख्य तीन उपाय करना



है पहले रुको फिर सोचो तब कार्यवाही करो। फिर भी यदि आपको लगता है कि आपके साथ साइबर क्राइम हो गया तो तत्काल 1930 टोल फ्री नंबर पर या साइबर क्राइम.गोव.इन पर संपर्क करो। यहां यह भी बताया गया कि किसी की फेक आईडी को बनाना भी क्राइम की श्रेणी में आता है कोई भी ठग आपका डाटा को चुरा ना ले इसके लिए आपको अपनी प्रोफाइल को प्राइवेट या लॉक रखना है, पासवर्डो को मजबूत बनाना है और टू स्टेप वेरीफिकेशन को चालू रखकर अपने डेटा को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आशीष कुमार द्वारा किया गया

अंत में डॉक्टर एन के शर्मा अधिष्ठाता ने सही ढंग से शिविर को संचालित करने पर कार्यक्रम अधिकारियों और उनकी टीम को बधाई दी साथ ही उन्होंने कहा नस एस एस द्वारा अनुशासन सीखने को मिलता है जिससे स्वस्थ समाज का विकास होता है, उन्होंने एन एस एस द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की भी प्रशंसा और इसके लिए उन्होंने विद्यार्थियों को भी बधाई दी। उन्होंने शिविर समापन की घोषणा करते हुए इस कार्यक्रम में अपना सहयोग देने के लिए डॉक्टर के के पटेल, डॉ राजीव सिंह, इंजीनियर प्रियंका, मानसिंह, इंजीनियर पंकज, राजीव यादव, मनीष सहाय आदि को भी बधाई दी। उक्त जानकारी मनीष सहाय मीडिया प्रभारी ने दी।

## नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सेवा केंद्र का उद्घाटन

**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत 'प्रोजेक्ट संकल्प' के अंतर्गत एनटीपीसी रिहंद, सीएसआर और सोसाइटी फॉर वॉलंटरी एक्शन एंड रिसर्च के संयुक्त प्रयासों से 3.08 करोड़ की लागत से सोनभद्र में निर्मित नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सेवा केंद्र की स्थापना कि गयी। निर्मित नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सेवा केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि, कार्यकारी निदेशक (रिहंद) अनिल श्रीवास्तव नें किया। यह केंद्र नशे की लत से ग्रस्त लोगों को राहत प्रदान करने के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। इस केंद्र में नशामुक्ति से जुड़ी समस्त सेवाएँ निशुल्क उपलब्ध कराई जाएँगी, जिनमें दवाखाना एवं शारीरिक पुनर्वास, सामान्य स्वास्थ्य जांच, मानसिक परामर्श, तथा पुनर्वास सेवाएँ शामिल हैं। साथ ही, 24 घंटे एम्बुलेंस सेवाएँ भी उपलब्ध रहेंगी, जिससे जरूरतमंदों को शीघ्र सहायता मिल सके। इस केंद्र में 15 बेड की सुविधा उपलब्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### इटावा के सौरभ शाक्य बने एनआईएस शूटिंग कोच



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** बसरेहर के ग्राम बमनपुर निवासी सौरभ शाक्य जो निशानेबाजी के राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, अब स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सर्टिफाइड कोच बन गए हैं। उन्होंने नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला से यह परीक्षा पास की है। सौरभ शाक्य ने यह प्रशिक्षण डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में प्राप्त किया जिसमें उन्हें राइफल पिस्टल तथा शॉटगन तीनों का प्रशिक्षण दिया गया। सौरभ शाक्य इटावा में एकलव्य फाउंडेशन द्वारा संचालित एकलव्य शूटर्स एकेडमी पर ऐन आई एस कोच राहुल तोमर द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं तथा वह टीम इंडिया का ट्रायल दे रहे हैं। अब वह बतौर कोच एकेडमी पर प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने उन्हें सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।दिल्ली से वापसी पर राष्ट्रीय निशानेबाज दीपेंद्र राठौर, अनुराग, रोहिणी , रितु, सेजल, रोहित यादव, रोहित राणा, सीटू माथुर हीरामन सभी निशानेबाजों ने अकादमी पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया। उक्त जानकारी एकलव्य शूटर्स एकेडमी के एन आई एस कोच राहुल तोमर ने दी।

### होली मिलन समारोह 30 मार्च को

**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** सर्वजन सुखाय पार्टी द्वारा 30 मार्च दिन रविवार समय 10:00 बजे स्थान-ज्ञान स्थली कर्वा खेड़ा इटावा में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा का प्रतीक होली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी प्रसाद मौर्या पूर्व कैबिनेट मंत्री, विशिष्ट अतिथि दद्ग यादव पहलवान पूर्व मंत्री बिहार सरकार, विशिष्ट अतिथि विजय यादव पूर्व विधायक व कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0रामयश सिंह यादव पूर्व प्रधानाचार्य जी करेंगे। इस कार्यक्रम में अभी हाल में ही पुलिस में भर्ती हुए सर्व समाज के युवक/युवतियों को भी सम्मानित किया जायेगा। सर्व समाज से अपील है कि उक्त होली मिलन समारोह में अपने इष्ट मित्रों सहित ठीक 10 बजे पधारने का कष्ट करें। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने दी।

### पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा आगामी त्यौहार आगामी त्यौहार नवरात्रि, रामनवमी, रमजान एवं ईद-उल-फितर को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए तथा जनपद की कानून व्यवस्था को प्रभावी एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपद के संभ्रांत व्यक्तियों, मौलवियों, पुजारियों एवं धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें सभी को शांतिपूर्ण एवं सद्भावना पूर्ण तरीके से भाईचारे के साथ त्योहारों को मनाने की अपील करते हुए उपस्थित सभी से वार्तालाप कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रसारित अफवाहों पर ध्यान ना देनें तथा बिना पुष्टि किये किसी खबर को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अग्रसारित ना करने आदि हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर रोकथाम हेतु ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जनपद मे करीब 15, 000/-सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये है। पुलिस द्वारा आपराधिक/अराजक तत्वों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। साप्रदायिक सौहाद्र एवं महौल खराब करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। मीटिंग के अंत मे सभी की आगामी त्योहारों की शुभकामनाए देकर सभी को शातिंपूर्वक प्रेमभाव से त्यौहार मनाने की अपील की गयी। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### दबंगों ने पूरे परिवार को पीटा, मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** घर के दरवाजे पर नाली का कीचड़ डालने से मना करने पर दबंगों ने पूरे परिवार को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलौली निवासी रामनारायण अहिरवार ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 24 मार्च की रात करीब नौ बजे पड़ोसी सजातीय फूल सिंह नाली का कीचड़ उसके दरवाजे पर लगा रहा था जिसका उसने विरोध किया तो फूलसिंह,ममता और वरुण ने मिलकर गाली गलौज करते हुए उसे और उसके पुत्र और पुत्री को लाठी डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत का मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** बीते 20 मार्च को बुण्देलखण्ड एक्सप्रेस वे में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राठ क्षेत्र के इटौरा गांव निवासी बालादीन ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 20 मार्च को सुबह उसका पुत्र दिनेश कुमार बुण्देलखण्ड एक्सप्रेस वे से बांदा से राठ की ओर जा रहा था तभी इचौली के निकट अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एम्बुलेंस द्वारा मौदहा के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को किया पुनः सुदृढ़



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने विश्व जल दिवस 2025 का किया आयोजन, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर कर्मचारियों, उनके परिवारों और बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता, ऑनलाइन क्विज़ और चित्रकला आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण के प्रति एक सामूहिक शपथ ली, जो इस बात का प्रतीक बनी कि जल जैसे महत्वपूर्ण संसाधन की सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। इस आयोजन में एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई. सत्य फणि कुमार और उनकी वरिष्ठ प्रबंधन टीम की मार्गदर्शन में कर्मचारियों और उनके परिवारों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पर्यावरण प्रबंधन समूह की अगुवाई में संजय प्रकाश यादव, अपर महाप्रबंधक (ई एम जी) द्वारा आयोजित की गई इन गतिविधियों में भारी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। ई. सत्य फणि कुमार ने अपने संबोधन में एनटीपीसी विंध्याचल की पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया और जल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से हम जल के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं, जो भविष्य पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर होगा। एनटीपीसी विंध्याचल के ई एम जी विभाग के इस प्रयास से पर्यावरणीय जिम्मेदारी और जल संरक्षण के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया है, जो न केवल उद्योगों, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष व शहर अध्यक्ष का किया स्वागत

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिला कार्यालय सोनभद्र पर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ एवं शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद का स्वागत समारोह निवर्तमान प्रदेश सचिव इं. जितेंद्र कुमार पासवान की अध्यक्षता मे किया गया स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन पंश अजय शेखर ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व बहुत कुछ देख समझ कर निर्णय लेता है नेतृत्व का निर्णय जो हमारे बीच मे रामराज सिंह गोड व हाजी फरीद अहमद के रूप मे है कबीले तारीफ है जिसके लिए सोनभद्र कॉग्रेस के लोग नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। ईश्वरी नारायण सिंह पूर्व पीसीसी सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा आजपिछड़ा ,दलित ,अल्पसंख्यक , कॉग्रस पार्टी की तरह देख रहा है हमे सिर्फ उनतक पहुंचाना है। निश्च प्रदेस सचिव जितेंद्र पासवान ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा जनपद आदिवासी बाहुल जनपद



है रामराज सिंह गोड़ को जिलाध्यक्ष बनाकर यह संदेश देने का प्रयास किया कि कौंग्रेस आदिवासियों के साथ है साथ ही हाजी फरीद अहमद अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं जिन्हें शहर का कमान सौपा गया है जो आने वाले 2027 के विधान सभा चुनाव की मुक्कमल तैयारी द्यद्व एक बानगी है, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जगदीश मिस्त्र ने कहा कि आप दोनों को जो जिम्मेदारी शीर्ष नेतृत्व ने दिया है उसे आप दोनों लोग बखुबी निभाएंगे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एन एस यू आई राघवेन्द्र नारायण ने कहा विधानसभा का चुनाव आनेवाला है ऐसे मे यहा का दलित और मुस्लिम सिर्फ वोटर ही नहीं रहेगा ब्लकि नेतृत्व भी करेगा राहुल गाँधी जी नेतृत्व का निर्णय सराहनीय है। जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि नेतृत्व ने जो हमे जिम्मेदारी दी है उसे हम लोग पूरी ईमानदारी लगन से निभाएंगे. ग्राम प्रधान पूर्व महासचिव शारद पानीका व पूर्व महासचिव बाबूलाल पानीका ने कहा कि कौंग्रेस पार्टी ने हम आदिवासियो पर जो भरोसा दिखाया है जिसके लिए हमारा समाज आभारी है श्चष्ठ सदस्य बेबी सिंह, ग्राम प्रधान बबीता देवी, ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शहर अध्यक्ष स्वागत करते हुए कहा आप दोनों लोग अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाएंगे, इस अवसर पर मनोनीत रवि पास मनोनीत रवि पीसीसी सदस्य प्रदीप चौबे, श्रीकांत मिश्रा, शीतला पटेल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लल्लू पांडे, रामेश्वर यादव, शशांक मिश्रा, वीरेंद्र शुक्ला, रोहिल मिश्रा,मदन गुप्ता, रामविलास पानीका , रेखा, शांति विश्वकर्मा , उषा चौबे जितेंद्र पांडे, राकेश मिश्रा, राजेंद्र चौधरी, राजबली पांडे, रामप्यारे गोंड , अनीता गोंड, बहादूर पूर्व प्रधान सैकड़ों अन्य रहे लोग उपस्थित रहे।

# दूसरे दिन किसी जिम्मेदार ने नहीं ली अनशनकारी की सुध

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर दबंग भूमाफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर अनशन पर बैठा एक समाचार पत्र के संवाददाता की दूसरे दिन किसी जिम्मेदार अधिकारी ने सुध नहीं ली।हालांकि खुफिया विभाग के अधिकारियों ने जरूर अनशनकारी संवाददाता से बातचीत की है। मौदहा कस्बे के मोहल्ला उपरौस निवासी कमरुद्दीन ने कस्बे के हुसैनिया निवासी साबरा परवीन, सईद अहमद और दानिश इकबाल पर जबरन वसूली करने, उसे खड़ी फसल नहीं काटने देने सहित न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे के बाद धोखाधड़ी कर जमीन बैनामा कराने सहित अन्य मामलों को लेकर उनके सहयोगी डी-29कम्पनी के संचालक मुईनुद्दीन जुम्मू, आफताब सहित सिजनौडा निवासी वीरेंद्र कुमार के खिलाफ कार्यवाही को लेकर तहसील स्तर से लेकर मण्डल स्तर तक के अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की थी लेकिन दबंग भूमाफियाओं के रसूख के चलते कार्यवाही नहीं होने से आहत संवाददाता सोमवार को जिला



मुख्यालय स्थित गोल चबूतरे पर अनशन पर बैठ गया।हालांकि संवाददाता के अनशन पर बैठने का भी प्रशासनिक अधिकारियों पर कोई खास असर नहीं पड़ा है और अनशन के दूसरे दिन भी किसी जिम्मेदार अधिकारी ने अनशन कारी पत्रकार से संवाद स्थापित करना उचित नहीं समझा है। वहीं अनशनकारी संवाददाता का कहना है कि उसने भूमाफिया के खिलाफ जो लड़ाई छेड़ी है वह उसे अंजाम तक पहुंचाने के बाद ही रुकेंगे और अगर यहां पर कार्यवाही नहीं होती है तो बहुत जल्द लखनऊ जाकर विधानसभा के बाहर अनशन शुरू करेंगे।

# 500 लोगों ने करवाया स्वास्थ्य परीक्षण




अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** मंगलवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी परियोजना ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम पंचायत नौढिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में नेहरू शताब्दी चिकित्सालय (एनएससी), जयंत एवं ब्लॉक-बी परियोजना से चिकित्सकों की टीम के द्वारा उपस्थित लोगों के हड्डी रोग, स्त्री रोग, बाल रोग एवं समान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के आधार पर जांच की गयी। शिविर के दौरान 500 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को आवश्यक दवाइयों का नि÷ शुल्क वितरण भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक (ब्लॉक-बी), के. डी. जैन, कल्याणी महिला समिति अध्यक्षा, सुनीता जैन सहित परियोजना से अन्य अधिकारी व कर्मचारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# आईसीएसई बोर्ड की 48 उत्तर पुस्तिकाएं गायब

- छात्रों के भविष्य से खिलवाड़, मचा हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** सोमवार को आईसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल बायोलॉजी की परीक्षा के उपरांत कोरियर के एजेंट से 48 कापियों का बंडल खो गया है। एजेंट विद्यालय से कापियों का बंडल लेकर 1:20 बजे पर निकला था। कोरियर कंपनी के एजेंट ने कापियों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बे के बांकी मार्ग में संचालित अजय मेमोरियल विद्यालय आईसीएसई बोर्ड से संबृद्ध है। इसकी परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होकर 24 मार्च को खत्म हुई। 24 मार्च सोमवार को बायोलॉजी (जीव विज्ञान) का आखिरी पेपर था। समय अनुसार 11:00 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा शुरू हुई। 1:00 बजे परीक्षा समाप्त होने पर छात्र छात्राओं ने कक्ष निरीक्षक के पास उत्तर पुस्तिका जमा की। इसके बाद कापियों का बंडल बनाकर बोर्ड को ऑनलाइन कर दिया। इसके बाद परीक्षा पुस्तिकाएं ले जाने के लिए अधिकृत कोरियर एजेंसी डीटीडीसी के एजेंट जयकुमार को सौंप दी गई। दोपहर 1:20 बजे के बाद एजेंट ई-रिक्शा से विद्यालय से कापियों का बंडल लेकर कस्बे में संचालित अपने कार्यालय के लिए निकला था। रास्ते में उत्तर पुस्तिकाओं का बंडल ई-रिक्शा से कहीं गिर गया। एजेंट शाम तक कापियों का बंडल ढूंढता रहा। लेकिन सफल नहीं हो सका। देर शाम कोरियर कंपनी डीटीडीसी के एजेंट जय कुमार की ओर से थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके कापियों के बंडल की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन समाचार भेजे जाने तक बंडल का पता नहीं चल सका है।वहीं कोरियर कंपनी बंडल ढूंढने के लिए कस्बे में एलाउंस करवा रहा है। केंद्र व्यवस्थापक दयानंद दीनानाथ एजुकेशन सेंटर घाटमपुर के शिक्षक शशांक शुक्ला ने बताया कि पूरे प्रदेश से आईसीएसई की उत्तर पुस्तिकाओं को बोर्ड तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कोरियर कंपनी डीटीडीसी को मिली हुई है। उन्होंने परीक्षा के उपरांत सभी 48 कापियों का बंडल बोर्ड को ऑनलाइन करने के बाद कोरियर कंपनी के एजेंट को सौंप दिया था। उसने कापियों का बंडल कैसे खो दिया। उन्हें कुछ मालूम नहीं है। कापियों का बंडल खोने से कालेज प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है। सभी परीक्षार्थियों के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित हैं।

### भारतीय योग परंपरा में योगिराज बाबा गंभीरनाथ जी का यौगिक अवदान विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोले मुख्यमंत्री

# नाथपंथ की साधना से जुड़े चिन्हों को इकट्ठा कर डिजिटल रूप देने की जरूरत

- भारत की लोक कल्याण केंद्रित आध्यात्मिक परंपरा को नाथपंथ ने आगे बढ़ाया
- भारत की ज्ञान परंपरा ने भौतिकता का अतिक्रमण कर ब्रह्मांड के रहस्यों को खोजा
- विरासत पर गर्व करने के लिए वर्तमान और भावी पीढ़ी को साधना पद्धतियों से परिचित कराना आवश्यक

अवधनामा ब्यूरो



**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा ने भौतिकता का अतिक्रमण कर ब्रह्मांड के रहस्यों को खोजा है। नाथपंथ की सिद्ध साधना पद्धति ने भी लोक कल्याण केंद्रित इसी आध्यात्मिक परंपरा को आगे बढ़ाया है। उत्तर में तिब्बत से लेकर सुदूर दक्षिण में श्रीलंका तक तथा पूर्व में इंडोनेशिया और बांग्लादेश से लेकर पश्चिम में अफगानिस्तान तक भारतीय साधना पद्धति के चिह्न देखने को मिलते हैं। आज नाथपंथ की साधना पद्धति से जुड़े चिह्नों, अवशेषों को इकट्ठा कर डिजिटल रूप से संजोने की जरूरत है। यदि हम ऐसा कर सकें तो वर्तमान और भावी पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा और साधना पद्धति विरासत के रूप में सौंप सकेंगे।

सीएम योगी मंगलवार को दोपहर बाद दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित 'भारतीय योग परंपरा में योगिराज बाबा गंभीरनाथ जी का यौगिक अवदान' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नाथपंथ के चिह्नों और अवशेषों को एकत्र कर संजोने में गोरखपुर विश्वविद्यालय में बनाए गए महायोगी गुरु गोरखनाथ शोध पीठ और योगिराज बाबा गंभीरनाथ शोध पीठ बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विरासत पर गौरव की अनुभूति करने के लिए यह आवश्यक है कि हम अपनी साधना पद्धतियों से वर्तमान और भावी पीढ़ी को परिचित करा सकें। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते हमने विरासत को नहीं संजोया तो साधना पद्धतियों के लिए भी योग के पेटेंट जैसा संघर्ष करना पड़ सकता है। मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र में संत ज्ञानेश्वर के नाथपंथ की परंपरा से जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में नवनाथों की गाथा का वर्णन ऐसे होता है जैसे उत्तर भारत में सुंदरकांड का।

सीएम योगी ने कहा कि देश और दुनिया में भारतीय ज्ञान परंपरा के तीन आयामों बौद्ध, आदि शंकराचार्य और महायोगी गोरखनाथ की साधना से जुड़े चिह्न यत्र-तत्र मिलते हैं। इनमें भी नाथपंथ की परंपरा किसी न किसी नाथयोगी और सिद्धों के माध्यम से विद्यमान रही है। तिब्बत की पूरी परंपरा गोरखनाथ, नवनाथों या चौरासी सिद्धों के माध्यम से प्रस्तुत होती है। देश के अनेक स्थानों पर भी नाथपंथ से जुड़े स्थल, मठ, मंदिर या गुफाओं में अवशेष मिलते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि नाथपंथ की परंपरा भगवान शिव से आगे बढ़ती है। योगी मत्स्येंद्रनाथ से आगे महायोगी गोरखनाथ ने इसे व्यवस्थित रूप दिया। ऐसी मान्यता है कि महायोगी गोरखनाथ, शिव जी के ही योगी रूप हैं। गोरखनाथ जी ने नाथपंथ की साधना पद्धति को सबके लिए बनाया, चाहे वह किसी भी जाति, क्षेत्र या लिंग का हो। उन्होंने कहा कि नाथपंथ के साधना पद्धति की विद्यमानता अलग अलग कालखण्डों में रही है। इसी परंपरा में महायोगी गोरखनाथ ने गोरखपुर को लंबे समय तक अपनी साधना स्थली बनाकर उपकृत किया। गोरखपुर की पहचान उन्ही के नाम पर है।

अपनी साधना सिद्धि का लोक कल्याण केंद्रित उपयोग किया बाबा गंभीरनाथ नेसीएम ने कहा कि किसी साधक को योग की विशिष्टता एक सिद्ध योगी ही बता सकता है। जब एक सिद्ध योगी लोक कल्याण के लिए असम्भव से कार्य को मानव रूप में करके दिखाता है तो लोग चमत्कार के प्रति आकर्षित होते हैं। योगिराज बाबा गंभीरनाथ जी महाराज ऐसे ही चमत्कारिक सिद्ध योगी थे। 1870 कि दशक में उनका आगमन गोरखपुर हुआ था। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर के तत्कालीन महंत गोपालनाथ जी से दीक्षा ली। उसके बाद साधना और सेवा कार्य में रत हो गए। उन्होंने काशी, प्रयाग, नर्मदा तट, गया आदि स्थलों पर साधना कर चरम सिद्धि प्राप्त की। उन्होंने इस सिद्धि का जब भी उपयोग किया तो लोक कल्याण केंद्रित ही रहा। विज्ञान की सीमाओं का अतिक्रमण करके उन्होंने अपनी साधना सिद्धि से लोक कल्याण का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाले ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी को मंदिर के उद्धार करने की जिम्मेदारी योगिराज बाबा गंभीरनाथ ने ही दिलाई थी। उनकी शिष्य परंपरा देश के कई राज्यों में है। योगिराज बाबा गंभीरनाथ के समाधिस्थ होने के 108 साल बाद भी जब भी गोरखनाथ मंदिर में कोई आयोजन होता है तो बंगाल, गया, रांची, धनबाद आदि जगहों से उनकी शिष्य परंपरा के लोग यहां आकर कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कहना कि भारत की ज्ञान परंपरा ने टेक्नोलॉजी पर ध्यान नहीं दिया, सही नहीं है। यह भारतीय ज्ञान परंपरा को आकने में कमी है। दुनिया जब अंधकार में थी तब पांच हजार वर्ष से भी पहले हमारी ऋषि परंपरा ज्ञान को संहिताबद्ध करने का कार्य कर रही थी। वेदव्यास को गुरुओं का गुरु इसीलिए कहा जाता है कि उन्होंने ज्ञान परंपरा को लिपिबद्ध कर मानवता का मार्गदर्शन किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को दुनिया तक पहुंचाया। सीएम ने कहा कि महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाभारत ही एकमात्र ऐसा ग्रंथ है जिसमें धर्म अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थों का वर्णन है। दुनिया के अन्य किसी ग्रंथ में ऐसा आख्यान नहीं मिलता।

# ईदुल फित्र और जुमातुल विदा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

- ईद का चांद 30 मार्च को देखा जाएगा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ईदुल फित्र और जुमातुल विदा की तैयारियों को लेकर ईदगाह कमेटी, इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया और जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ऐशबाग ईदगाह में हुई। बैठक में इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने जिला प्रशासन से ईद की नमाज अदा करने वालों के लिए अधिक से अधिक आसानियां उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि ईद का चांद 30 मार्च को देखा जाएगा और चांद होने पर अगले दिन 31 मार्च को ईदुल फित्र का त्योहार मनाया जाएगा। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि ईदगाह मैदान के आस-पास सफाई-सुथराई का विशेष ध्यान देने के साथ ही नमाजियों की सुरक्षा यकीनी बनाई जाए। आवारा पशुओं को नमाज के वक्त बन्द रखा जाए और वजू के लिए पानी के टैण्करों की व्यवस्था कराएं। मौलाना ने नगर निगम से शहर की तमाम मस्जिदों के आस-पास उचित सफाई कराने, नमाजियों व शहर वासियों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था के साथ ही बिजली-पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की। मौलाना ने पुराने लखनऊ में बिजली, पानी, सफाई और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जुमातुल विदा की नमाज 28 मार्च को अदा की जाएगी। जुमातुल विदा की नमाज से पहले मस्जिदों के आस-पास सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए। मौलाना ने कहा कि ऐशबाग ईदगाह स्थित जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज दोपहर 12:45 बजे तथा ईदुल फित्र की नमाज सुबह 10 बजे अदा की जाएगी। बैठक में डीसीपी वेस्ट विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि इमाम ईदगाह ने जिन बिन्दुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया है उन पर कार्रवाई की जाएगी। तमाम इंतजाम हर साल से बेहतर होंगे ताकि नमाजियों को कोई परेशानी न हो। बैठक में एडीसीपी वेस्ट धनंजय सिंह ने कहा कि सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी कांशीराम जयंती



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बूद्धं नमामि धम्म ध्वज यात्रा संस्थान, भारत के तत्वाधान में मार्च से मई तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों मे पखवाड़े के रूप में कांशीराम जयंती समारोह बालागंज स्थित प्रेम चन्द्रा के आवास पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसका आरम्भ बुद्ध वन्दना किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपांकर ने करते हुए कहा कि कांशीराम जी ने भारत की मेहनत कश जातियों को एक कर महावत रुपी एक विशाल हाथी की तरह उनका समाज है। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए संस्थान की प्रदेश प्रभारी नीलीमा कुमारी एवं सह प्रभारी मोना बौद्ध ने कहा कि शिक्षित होना एवं समाज के प्रति जागरूक होने की अति आवश्यकता है। महापुरुषों के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। श्री राम कुमार तथा मुनेश कुमार ने बामसेफ एवं बहुजन समाज पार्टी का गठन कितने संघर्षो के बाद किया गया पर विचार रखे। इसी प्रकार राम प्रहलाद मौर्य ने कहा कि मान्यवर कांशीराम जी ने बाबा साहेब आंबेडकर के अधुरे छोड़े गए कार्यों तथा विचारों को आगे बढ़ाने का काम किया है। कार्यक्रम के आयोजक प्रेम चन्द्रा तथा मधु लता ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए अपने विचार व्यक्त किए। श्री आर के धानुक ने भी मान्यवर जी के जीवन संघर्ष पर अपने विचार रखे।अन्त में संस्थान के अध्यक्ष श्री हरीश चन्द्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मान्यवर कांशीराम जी का जीवन एक वैज्ञानिक से आरंभ हुआ और एक बहुजन महापुरुष के रूप समाप्त हुआ। उनको समाज के प्रति जागरूक करने का श्रेय मान्यवर दीनाभाना जी को जाता। दोनों ही पूना में एक बारुद की फैक्ट्री में काम करते थे। ऐसे क्रांतिकारी महापुरुषों की समाज को आज भी बहुत आवश्यकता है जो मृत्यु की शय्या पर लेटे हुए समाज को पुनः जिन्दा कर सके जो बाबा साहेब के द्वारा दी गई सुविधाओं का लाभ उठा रहा है। अन्त सभा का समापन धम्म पालन गाथा के साथ हुआ।

# जहन्नुम से निजात दिलाता है रमज़ान का तीसरा अशरा : सैय्यद इक़बाल



- दुनियावी परेशानियों से निजात के लिए खूसूसी दुआ का एहतमाम करें

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सैयद इकबाल हशमी राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन ने रमजा़न के तीसरे अशरे की फजी़लत बयान करते हुए बताया कि रहमतों का महीना है रमजा़न। रमजा़न को तीन अशरे में बांटा गया है। पहला अशरा रहमत का है। इस अशरे में अल्लाह तआला अपने रहमत से अपने बंदों को नवाज़ता है। दूसरा अशरा मगफिरत का है यानी रब्बुल आलमीन से अपने गुनाहों की माफी मांगने का। इस अशरे में अल्लाह का कोई भी बंदा अगर दिल से अपने गुनाहों की माफी मांगता है, तो रब्बुल आलमीन उसे माफ कर देता है। तीसरा अशरा निजात का है। इस अशरे में खुदा की इबादत करने वालों को जहन्नुम की आग से मुक्ति मिलती है।

सैय्यद इक़बाल हाशमी राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन ने अपने बयान में कहा की वैसे तो रमजा़न का पूरा महीना ही रहमतों का महीना है। लेकिन सबसे अहम है तीसरा अशरा। क्योंकि इसी अशरे की ताक रातों में यानी 21, 23, 25, 27, शब ए कद्र हो सकती है और शब ए कद्र की इबादत का सवाब 1000 साल की इबादतो के बराबर होता है। 27 रमजा़न की रात को कुरआन शरीफ नाज़िंल हुआ। इसलिए इन रातों की अहमियत काफी बढ़ जाती है।

# रमज़ानः सवालों के जवाब



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।**माहे मुबारक रमजान में रोजा, नमाज, जकात, हज आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में हेल्पलाहन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677, वेबसाइट www.farangimahal.in तथा ई-मेल ramzan helpline2005@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः** क्या जमीन पर खेती के लिए खरीद कर रखे बीज और खाद पर भी जकात वाजिब है?
**जवाबः** उस पर जकात वाजिब नहीं है।
**सवालः** क्या रोजे का फिदया अपनी बेटी, नवासी, पोता-पोती, दामाद आदि को देना सही है या नहीं?
**जवाबः** रोजे का फिदया अपनी औलाद और अपनी औलाद की औलाद को देना जायज नहीं है।
**सवालः** पिछले सालों की जकात अदा नहीं अब दूसरा साल शुरू हो गया नए साल का हिसाब किस तरह करें?
**जवाबः** जिस तारीख को पहला साल खत्म हुआ उस दिन जितना माल था उस पर पहले साल की जकात, अगले दिन से दूसरा साल।
**सवालः** क्या ऐतिकाफ के दौरान कुरान के अलावा दूसरी दीनी किताबें पढ़ सकते हैं?
**जवाबः** तमाम दीनी किताबें पढ़ सकते हैं।
**सवालः** गिरवी रखी चीज की जकात किस पर वाजिब है?
**जवाबः** गिरवी रखी चीज की जकात न देने वाले पर है और न ही रखने वाले पर।

### इदारए शरैया फिरंगी महल

इदारए शरैया फिरंगी महल की ओर से मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब दिये। हेल्पलाइन पर सवाल दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9807401508 और 99181 17798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### शिया हज़रात के सवालों के जवाब

माहे मुबारक रमजान में शिया समुदाय के रोजा, नमाज, हज, खुम्स, जकात आदि से संबंधित सवालों के जवाब के लिए कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से संचालित हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर और महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael786@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

सवालः कोई रोजा रख रहा है और ऐसी जगह है जहां तकय्या की वजह से जल्दी रोजा खोलना पड़े तो क्या रोजा सही होगा?
जवाबः रोजा सही होगा लेकिन ऐहतियात की बिना पर बाद में रोजे की कजा जरूरी है।
सवालः क्या कोई रमजान के अलावा किसी और महीने में ऐतिकाफ कर सकता है?
जवाबः ऐतिकाफ करना सबसे अच्छा काम है इसे किसी भी महीने में किया जा सकता है। सवालः नाबालिग बच्चे के लिए ऐतिकाफ का क्या नियम है?
जवाबः ऐतिकाफ के लिए बालिग होना जरूरी नहीं है। नाबालिग बच्चा अगर समझदा है तो उसका ऐतिकाफ सही है।
सवालः क्या ऐतिकाफ के दौरान व्यापार आदि करना जायज है?
जवाबः ऐतिकाफ के दौरान कुछ चीजों को छोड़ना जरूरी है, इसमें व्यापार का भी जिक्र है कि इसे छोड़ दिया जाए।
सवालः क्या सदका देने में पैसों का माथे से छूना जरूरी है?
जवाबः सदका देने में नीयत जरूरी है बदन के किसी हिस्से से छूना जरूरी नहीं है।

**सवालः** क्या मस्जिद में एक ही इमाम की जगह दो नमाज पढ़ी जा सकती है?
**जवाबः** एक ही जगह पर दो नमाज नहीं पढ़ी जा सकती।
**सवालः** ऐतिकाफ में बैठने वाले कुछ लोग सोते रहते हैं क्या यह सही है?
**जवाबः** बेकार के दुनियावी कामों में लगे रहने से बेहतर है सोना।
**सवालः** अगर सफर की वजह से रोजा नहीं रखा तो क्या फिदया अदा करना होगा?
**जवाबः** सफर के बाद छूटा हुआ रोजा पूरा करना पड़ेगा।
**सवालः** क्या जायदाद पर जकात अदा की जाएगी?
**जवाबः** जकात व्यवसायिक सम्पत्ति पर अदा की जाना चाहिए न कि गैर व्यवसायिक सम्पत्ति पर।

## आठ वर्षों में नारी सशक्तीकरण के लिए हुआ अभूतपूर्व कार्य

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने 08 वर्षों में सभी क्षेत्रों मे अभूतपूर्व प्रगति की है। सशक्त नारी समृद्ध समाज की बात की जाये तो मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में 22.12 लाख, निराश्रित महिला पेंशन योजना में 35.21 लाख, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) में 18990 तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) में 53610 को लाभान्वित किया गया। जबकि दो लाख से अधिक महिलाओं को पी0एम स्वानिध योजना तथा 60 लाख माताओं को प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना से लाभान्वित किया गया है। साठ हजार महिला स्वयं समूहों के सहायता से पुष्टाहार का वितरण भी कराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 873534 समूहों, 57482 ग्राम संगठनों एवं 3137 संकुल स्तरीय संघों का गठन करते हुए ग्रामीण क्षेत्र की 95 लाख से अधिक महिलाओं को जोड़ा गया।

# गरीबों, पिछड़ों और वंचितों की सरकार है प्रदेश सरकारः बृजेश पाठक

- सबसे बड़ा अम्बेडकर स्मारक बनेगा लखनऊ में : बृजेश पाठक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के सफल आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'उत्कर्ष के आठ वर्ष' कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 द्वारा सेवा, सुरक्षा व सुशासन पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का मा0 उपमुख्यमंत्री द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ एवं अवलोकन किया। यह कार्यक्रम आज राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का उद्घाटन लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में किया गया, जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अवधी भाषा में प्रदेशवासियों से संवाद करते हुए कहा, ÷यह परिवार का दिन है और हम सभी मिलकर प्रदेश को नंबर वन बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।÷ उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का हर क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हुआ है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा, ÷2017 से पहले प्रदेश की छवि बीमारू राज्य के रूप में थी, लेकिन अब प्रदेश में सड़कों, फ्लाईओवरों, बिजली, पानी, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। आठ सालों में प्रदेश ने विकास की नई रफ्तार पकड़ी है और यह सरकार गरीबों, पिछड़ों और वंचितों की सरकार है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत लाभार्थियों को 5 लाख रुपये का डेमो चेक दिया गया, साथ ही स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरित किए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृति पत्र और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी का वितरण भी किया गया। योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थियों का विवरण इस प्रकार है। एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना के तहत विवेक अग्रवाल तथा उमेश को चिकनकारी उत्पाद के लिए डेमो चेक वितरण, स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत अंजलि विश्वकर्मा, प्रांजल चतुर्वेदी, अभिषेक कुमार, विनय मौर्या, भुवनेश कुमार को तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण किया गया, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अभ्युदय योजना के तहत गुलशन बानो तथा अनुज सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# दो साल राना ने सिर्फ कहते गुजारे कोई मुझे वतन लौटा दो

- आबिद हुसैन बजरंगी भाई जान ने बनाया वापिसी का रास्ता
- राना ने कहा आबिद दादा ना होते तो मैं जिंदा नहीं होता

अवधनामा ब्यूरो



राना समद्दर | आबिद हुसैन

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के ज़िला नदिया ग्राम दुर्गापुर के रहने वाले राना समद्दर नौकरी के सिलसिले में ईराक पहुंचे, जहां उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया था। भोपाल के सैय्यद आबिद हुसैन की बदौलत राना अपने घर लौट सके।

राना समद्दर ने गुजरे दो साल ये साबित करने में बिताए हैं कि वह भारतीय हैं। यकीन भी ईराक जैसे मुल्क को दिलाना था। राना की कहानी भी भारत से ज्यादा पैसे के सपने लिए दूसरे मुल्कों में रोजगार के लिए जाने वाले नौजवान की ही कहानी है। लेकिन कहानी में फर्क ये है कि दीगर मुल्क में पैसे कमाने से ज्यादा बड़ा था राना के वजूद पर खड़ा किया गया ये सवाल कि उसकी नागरिकता संदिग्ध है।

राना ने दो साल हर घंटे सिर्फ एक जिद में गुजारे कि मुझे अपने वतन लौटना है। मुझे भारत वापस आना है। जिस वक्त ये खबर लिखी जा रही है इस वक्त तक राना पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर अपने गांव के रास्ते में होगा। ऐसे ही विदेशों में फंसे कई लोगों के लिए बजरंगी भाई जान बने भोपाल के सैय्यद आबिद हुसैन की बदौलत राना की घर और वतन वापसी मुमकिन हो पाई।

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर के रहने वाले 45 वर्ष के राना समन्दर चाइना की इंजीनियरंग कंपनी सीएएमसी में काम करने गए थे। 23 जनवरी 2023 को अम्बे कंसलटेंसी सप्लाई कंपनी के जरिए राना का ईराक का रास्ता बना। राना ईराक रवाना हो गए। लेकिन ईराक एयरपोर्ट पर ही इमिग्रेशन में उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया। विदेश मंत्रालय और भारत-ईराक एम्बेसी में बातचीत करने के साथ लंबे समय तक राना को हिम्मत बंधाते रहे सैय्यद आबिद हुसैन पूरी कहानी बताते हैं।

आबिद कहते हैं, राना का पासपोर्ट ये कहकर जब्त किया गया था कि उसकी नागरिकता संदिग्ध है। असल में उसे पश्चिम बंगाल का समझ लिया गया था। उसे एक टोकन दिया गया जो कंपनी के पास ही था। और कंपनी उसे ये दिलासा दिलाती रही कि उसका पासपोर्ट कंपनी उसे दिलवा देगी। इंतजार में पहले एक महीना बीता फिर धीरे धीरे करके दो साल गुजर गए और राना को लगने लगा कि अब उसकी वतन वापसी अटक गई है।

आबिद कहते हैं, मेरे पास ये मामला बीती 26 जुलाई को आया था। ये पहला मामला था जिसमें कोई शख्स अपना सब कुछ लगाकर सिर्फ ये चाहता था कि उसके भारतीय होने पर सवाल ना उठाया जाए। राना ने जो कुछ कमाया सब वहीं लुटा दिया इस कोशिश में कि भारत लौट सकें। विदेश मंत्रालय दूतावास और परिवार वालों के सहयोग से जब उसका ग्राम पंचायत का विदेश मंत्रालय से वैरीफाईड पत्र उसका मूल निवास प्रमाण पत्र भेजा गया तब उसे पासपोर्ट मिला और राना की भारत वापसी हो पाई।

### मुझे बस हर कीमत पर अपने भारत लौटना था

राना ने इस दौरान वीडियो के जरिए अपनी आपबीती भारत तक पहुंचाई और बताया कि किस तरह से कंपनी ने उन्हे झांसे में लिया है कि उसका पासपोर्ट जल्द दे दिया जाएगा। वह भारत लौट सकेगा उसे दो साल वहां रहना पड़ा। राना की बहन ज्योत्सना समन्दर ने भी वीडियो के जरिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ये अपील की थी कि वह उनके भाई की वतन वापसी करवा दें। ज्योत्सना ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल में विधायक, मंत्री सबके पास गईं लेकिन कहीं से कोई मदद नहीं मिली। कहती हैं उधर कंपनी खाली हो रही थी। कंपनी बंद हो जाती तो मेरे भाई का लौटना नामुमकिन हो जाता।
राना समन्दर ने दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरते ही एक वीडियो बनाया और उसमें बताया कि उसके लिए बीते दो साल कितने संघर्ष भरे रहे। उन्होंने कहा कुछ महीने पहले से जब से दादा यानि आबिद हुसैन से बात हुई। और उन्होने जो हिम्मत बंधाई।। जो दिलासा दिया। उसी की बदौलत मेरी वापसी मुमकिन हो पाई। वह नहीं होते तो मैं जिंदा नहीं होता।

# आरडीएसओ द्वारा 'एम्ब्रेसिंग एथिक्स' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आरडीएसओ के सतर्कता विभाग द्वारा एम्ब्रेसिंग एथिक्स विषय पर एक आकर्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य निदेशकों सहित वरिष्ठ और मध्यम प्रबंधन अधिकारियों के लिए व्यक्तिगत और व्यावसायिक क्षेत्रों में सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण के मूल्यों को सुदृढ़ बनाना था। इस सत्र को मुंबई के एक प्रख्यात कॉर्पोरेट कोच हिमांशु विश्नोई ने संबोधित किया, जिन्होंने व्यावहारिक केस स्टडी के साथ नैतिकता और सत्यनिष्ठा के महत्व पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। इस सत्र की अध्यक्षता आरडीएसओ के महानिदेशक, उदय बोरवणकर ने की और इसमें आरडीएसओ के विशेष महानिदेशक, एडीजी, पीईडी, सीवीओ, ईडी और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। बिश्नोई ने एसटीए- स्टॉप, थिंक, आस्क के सिद्धांत का परिचय दिया, जिसमें भावनात्मक और तार्किक निर्णय लेने, मूल्यों और बुनियादी मूल्यों के बीच अंतर और व्यक्तिगत और व्यावसायिक संबंधों पर मूल्यों के प्रभाव पर जोर दिया गया। उन्होंने ईमानदारी के महत्व पर विस्तार से बताया और बताया कि कैसे नैतिक आचरण को प्राथमिकता देना किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को आकार दे सकता है। कार्यक्रम का समापन महानिदेशक/ आरडीएसओ के एक व्यावहारिक भाषण के साथ हुआ, जिन्होंने शासन में जनता की धारणा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि काम में निष्पक्षता और पारदर्शिता जनता की धारणा में भी स्पष्ट होनी चाहिए। अपने विशाल व्यावसायिक अनुभव से उन्होंने अधिकारियों को अपने दैनिक व्यवहार में बुनियादी अच्छाई का अभ्यास करने, हितधारकों के बीच आत्म-सम्मान और विश्वास को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। सत्र का समापन अरुण कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी/आरडीएसओ द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने वक्ता और प्रतिभागियों के बहुमूल्य योगदान की सराहना की। यह आयोजन आरडीएसओ अधिकारियों को व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों रूप से नैतिकता और ईमानदारी का जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन देने की दिशा में एक सही कदम था।